@Qpatrika   @qaumipatrika hindi   instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 354 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## बिहार चुनावः महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम

### ●मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम चेहरा घोषित किया

**एजेंसी**
**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने गुरुवार को तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। साथ ही, मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार चुना गया।महागठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि इस गठबंधन में शामिल सभी दलों ने यह निर्णय लिया है कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री होंगे और वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी उप मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक समीकरणों के आधार पर अन्य उप मुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। कांग्रेस नेता ने एनडीए से भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एनडीए को भी अपने मुख्यमंत्री चेहरे की घोषणा करनी होगी। पिछले चुनाव में हम लोग थोड़े सीटों के कारण सरकार नहीं बना पाए थे। इस बार हम पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार के लोग बदलाव चाहते हैं। बिहार ही नहीं, पूरे देश की हालत खराब है। उन्होंने भाजपा पर धनबल के जरिए



चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हर प्रदेश के चुनाव में उनका मॉडल अलग होता है और उसी मॉडल के जरिए वे चुनाव मैदान में जाते हैं। भाजपा झूठे वादे और विपक्ष पर झूठे आरोप लगाकर सत्ता पाना चाहती है। आज बिहार में बेरोजगारी बढ़ गई है। छात्र, युवा, किसान, महिलाएं और आम लोग परेशान हैं।

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा। वहीं, वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। प्रदेश में मुख्य मुकाबला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए और विपक्षी महागठबंधन के बीच है।

### रविशंकर प्रसाद का महागठबंधन पर हमला, बोले-
## तेजस्वी यादव का बैकग्राउंड भ्रष्टाचार वाला

**एजेंसी**
**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष के गठबंधन को लचर गठबंधन बताया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की ओर से जो संयुक्त प्रेस वार्ता की गई, उसके पीछे लगी तस्वीर पर भी मात्र एक नेता की तस्वीर थी। उसमें से भी राहुल गांधी गायब थे।पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि तेजस्वी यादव ने आज कथित तौर पर महागठबंधन की सरकार में कराए गए कार्यों का उल्लेख किया तो उन्हें बताना चाहिए कि उस समय आपका मुख्यमंत्री कौन था? आपके भ्रष्टाचार को देखकर ही नीतीश कुमार आपसे अलग हुए थे। उन्होंने तेजस्वी यादव द्वारा कराए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए सवाल किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'वे भ्रष्टाचार की किस कहानी पर विश्वास करते हैं, खुद की या अपने पिताजी, माताजी और अपने सहयोगियों की? आज देश और राज्य को यह बताना जरूरी है कि तेजस्वी यादव के पिताजी और राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव को चारा घोटाले के चार मामलों में सजा हो चुकी है। 32 साल और पांच महीने की सजा हो चुकी है।'भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने तेजस्वी यादव के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा करने पर तंज कसते हुए कहा कि उनके पिताजी को 32 साल की सजा हो चुकी है। अलकतरा घोटाले में भी उनके अधिकारियों को सजा हो चुकी है।

### मुंबई क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई
## दाऊद नेटवर्क से जुड़ा 256 करोड़ का ड्रग रैकेट बेनकाब

**एजेंसी**
**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने ड्रग तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए कुख्यात तस्कर सलीम डोला के करीबी सहयोगी मोहम्मद सलीम सुहेल शेख को दुबई से गिरफ्तार कर भारत लाया है। यह नेटवर्क महाराष्ट्र के सांगली जिले में चल रही मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग फैक्ट्री से जुड़ा था, जिसके तार दुबई तक फैले थे। इस कार्रवाई में पुलिस ने 256 करोड़ रुपए से अधिक का माल जब्त किया है और 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।जानकारी के मुताबिक, 16 फरवरी 2024 को क्राइम ब्रांच की यूनिट-7 को सूचना मिली कि कुर्ला में एक महिला ड्रग्स की तस्करी कर रही है। इसके बाद परवीन बानो गुलाम शेख को 641 ग्राम मेफेड्रोन (कीमत 12.20 लाख रुपए) और 12 लाख नकद के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में परवीन ने बताया कि उसने यह ड्रग सलीम शेख और सलीम डोला के नेटवर्क से मुंबई के साजिद मोहम्मद आसिफ शेख उर्फ डैब्ज के जरिए खरीदी थी। पुलिस ने साजिद को मिरा रोड से गिरफ्तार कर उसके पास से 3 किलो मेफेड्रोन (कीमत 6 करोड़ रुपये) और 3.68 लाख नकद बरामद किए। जांच में पता चला कि सलीम



शेख दुबई से भारत में ड्रग नेटवर्क को संचालित कर रहा था। इसका कनेक्शन सांगली में चल रही एक मेफेड्रोन फैक्ट्री से था। 25 मार्च 2024 को क्राइम ब्रांच ने सांगली में छापा मारकर 122.5 किलो मेफेड्रोन (कीमत 245 करोड़ रुपए), कच्चा माल, मशीनें, वाहन और 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को शक है कि इस फैक्ट्री के लिए कच्चा माल यूएई की एक केमिकल कंपनी से मंगवाया जाता था।

इस मामले में अब तक 15 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनमें एक महिला भी शामिल है। जब्त सामान में 126 किलो मेफेड्रोन (252 करोड़ रुपए), 4.19 करोड़ नकद, 1.5 लाख के सोने के गहने, 11.4 लाख की गाड़ियां और 55.5 लाख की अवैध संपत्ति शामिल है। मोहम्मद सलीम सुहेल शेख के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी था। कुछ हफ्ते पहले उसे यूएई में गिरफ्तार किया गया और कानूनी प्रक्रिया के बाद भारत लाया गया। 22 अक्टूबर 2025 को मुंबई क्राइम ब्रांच ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां उसे 30 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई ड्रग तस्करी के खिलाफ उनकी सख्त नीति का हिस्सा है।

## शिवराज चौहान 24 अक्टूबर को बिहार दौरे पर रहेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 24 अक्टूबर को बिहार दौरे पर रहेंगे। शुक्रवार को वे बिहार की दो विधानसभा सीटों पर



भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा करेंगे। गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर और दोपहर 1:20 बजे दरभंगा जिले के गौराबौराम विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। बैकुण्ठपुर से मिथिलेश तिवारी और गौराबौराम सीट से सुजीत कुमार सिंह पार्टी उम्मीदवार हैं।

## सड़क से लेकर एयरपोर्ट तक विकास की एक नई इबारत लिख रहा बिहारः जेपी नड्डा

### ●भाजपा-नीत राजग विकास का प्रतीक है : जेपी नड्डा

**एजेंसी**
**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को यहां एक चुनावी जनसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को विकास का प्रतीक बताया, जबकि विपक्षी दलों के महागठबंधन को विनाश का प्रतीक करार दिया। उन्होंने कहा कि राजग सरकार की विकासपरक नीतियों के कारण आज बिहार प्रगति के रास्ते पर तेज गति से दौड़ रहा है। आज बिहार सड़क से लेकर एयरपोर्ट तक विकास की एक नई इबारत लिख रहा है।

जेपी नड्डा ने औरंगाबाद जिले के गोह में राजग उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि बिहार की जनता राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के शासनकाल के इतिहास से अच्छी तरह परिचित है। भाजपा-नीत राजग विकास का प्रतीक है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किया है।

नड्डा ने राजद के तीन अक्षरों को लेकर दावा किया कि रा का मतलब रंगदारी (जबरन वसूली), ज का



मतलब जंगल राज और द का मतलब दादागीरी है। नड्डा ने महागठबंधन को विनाश का प्रतीक बताया और राजद की पिछली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि बिहार के लोग आज भी जंगल राज को याद करते हैं तो सिहर जाते हैं। उन्होंने कहा कि लालू और तेजस्वी ने अपने कुशासन के बारे में एक शब्द नहीं बोला, न ही अपने गुंडाराज पर जनता से माफ़ी मांगी। शहाबुद्दीन के बेटे को इनके द्वारा टिकट देना ये बताता है कि ये बिहार में गुंडाराज लाना चाहते हैं। बिहार की धरती से जुड़े होने का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि उनका जन्म बिहार के पटना में हुआ था और उन्होंने बचपन के 20 साल इसी धरती पर बिताए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे वो अंधकार का युग अच्छी तरह याद है, जब अपराध और अव्यवस्था का बोलबाला था, लेकिन आज बिहार प्रगति के रास्ते पर तेज गति से दौड़ रहा है। ये उजाले का युग है, जो राजग सरकार की देन है। उन्होंने बिहार के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए राजग द्वारा किए गए प्रयासों पर ज़ोर दिया। नड्डा ने जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में राजग उम्मीदवारों का समर्थन करने की अपील की।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि राजग शासन में सड़क, रेल, बिजली समेत हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

## कांग्रेस ने मनीष शर्मा को बनाया भारतीय युवा कांग्रेस का नया प्रभारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को मनीष शर्मा को भारतीय युवा कांग्रेस का नया प्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने कृष्णा अल्लावरू की जगह ली है, जो फिलहाल पार्टी के बिहार



प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र जारी कर बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। शर्मा को तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, अल्लावरू पिछले कई महीनों से दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे थे, जिसके बाद यह बदलाव किया गया है।

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में नवनिर्मित सदस्य निवास संकुल का किया लोकार्पण

### ●अमित शाह ने इस निवास संकुल का लोकार्पण करने के बाद आवासों का निरीक्षण किया

**एजेंसी**
**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को भाई दूज के पवित्र पर्व पर गांधीनगर में गुजरात विधानसभा के सदस्यों के लिए नवनिर्मित निवास संकुल का लोकार्पण किया।

राज्य सूचना विभाग ने अपने बयान में बताया कि राज्य सरकार के सड़क एवं भवन विभाग ने गांधीनगर के सेक्टर 17 में कुल 28,576 वर्ग मीटर में यह सदस्य निवास संकुल का निर्माण किया है। प्रत्येक आवास में 238.45 वर्ग मीटर की विशाल जगह में 3 बेड रूम, लिविंग रूम, किचन, ऑफिस रूम और सर्वेन्ट रूम की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

325 करोड़ रुपये की



अनुमानित लागत से नवनिर्मित इस सदस्य निवास संकुल में आधुनिक समय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विशाल गार्डन, 300 व्यक्तियों की क्षमता वाला मल्टीपर्पज हॉल, कम्युनिटी हॉल, स्विमिंग पूल, जिम्नेजियम, कैंटीन (डाइनिंग हॉल), इनडोर खेल के उपकरण तथा चिकित्सा उपचार के लिए डिस्पेंसरी और प्रोविजन स्टोर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही, संकुल में पर्याप्त पार्किंग की सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रति यूनिट 2 अलॉटेड पार्किंग की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें से 1 बेसमेंट और 1 ग्राउंड फ्लोर पर होगी। परिसर की सभी आंतरिक सड़कें आरसीसी से बनाई गई हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 'कैच द रेन' और जल संचयन के विचार के अनुरूप भूमि के अंदर बरसाती पानी के संचयन के लिए रेन वाटर हॉर्वेस्टिंग जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं। इतना ही नहीं, इस नवनिर्मित सदस्य निवास संकुल में कुल 6009 नए पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाया गया है। इसके अलावा, भविष्य की संभावित आवास जरूरतों को ध्यान में रखकर मौजूदा 12 ब्लॉकों के 216 आवासों में से 10 ब्लॉकों के 180 आवासों को फिक्स और लूज फर्नीचर के साथ और शेष 2 ब्लॉकों के 36 आवासों को केवल फिक्स फर्नीचर के साथ तैयार किया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस निवास संकुल का लोकार्पण करने के बाद आवासों का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध कराई गई अत्यधुनिक सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।

## दिल्ली के रोहिणी में मुठभेड़, बिहार के चार वांछित बदमाश ढेर

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी में दिल्ली पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात बिहार के चार बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। यह मुठभेड़ रोहिणी के बहादुर शाह मार्ग पर डॉ.अंबेडकर चौक से लेकर पंसाली चौक तक चला।संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) सुरेंद्र कुमार के मुताबिक चारों बदमाशों की पहचान रंजन पाठक (25) निवासी मलहई थाना सुरसंड जिला सीतामढ़ बिहार, विमलेश महतो उर्फ विमलेश साहनी (25) निवासी रतनपुर थाना बजपट्टी जिला सीतामढ़ी, मनीष पाठक (33) निवासी मलहई थाना सुरसंड जिला सीतामढ़ी और अमन ठाकुर (21) निवासी शेरपुर करावल नगर दिल्ली के रूप में हुई है। बदमाशों ने पिछले तीन महीनों में बिहार के सीतामढ़ी इलाके में पांच बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। ये बदमाश



गोलाबारी करके दिनदहाड़े लोगों की हत्या और सुपारी लेकर हत्या करते थे। रंजन पाठक हत्या, रंगदारी और लूट जैसे कई गंभीर मामलों में आरोपित था और सिग्मा एंड कंपनी के नाम से गैंग चलाता था। बिहार के सीतामढ़ी और आसपास के इलाकों में पांच हाइप्रोफाइल हत्याओं को इस गैंग ने अंजाम दिया था। बिहार पुलिस की तरफ से रंजन पाठक पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा गया है।

## बांग्लादेश से जल्द छूट कर वापस आएंगे मछुआरे, केंद्र सरकार कर रही है प्रयासः राममोहन नायडू

**श्रीकाकुलम।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि गलती से बांग्लादेशी जलक्षेत्र में प्रवेश करने वाले विजयनगरम जिले के मछुआरों को वहां से छुड़वा कर जल्द ही सुरक्षित वापस लाया जाएगा। केंद्र सरकार इसके लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू गुरुवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बुधवार की रात विदेश मंत्री जयशंकर से चर्चा हुई है। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि मछुआरों की सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार की ओर से सभी कदम उठाए जा रहे हैं। वे स्वयं मछुआरों को वापस लाने के लिए बांग्लादेशी दूतावास और अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उल्लेखनीय है कि विजयनगरम जिले के पुसापतिरेगा मंडल के तिप्पलावलसा और भोगापुरम मंडल के कोंड्राजूपालम के आठ मछुआरे 13 अक्टूबर को विशाखापत्तनम बंदरगाह से मछली पकड़ने वाली एक नाव से निकले थे।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को बंदरगाह तक सीमित रखने में नौसेना की भूमिका को रक्षा मंत्री ने सराहा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की द्विवार्षिक कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये भारत ने संदेश दिया कि हम हर चुनौती का जवाब देने के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने इस ऑपरेशन को भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और क्षमता का प्रतीक बताते हुए पाकिस्तान को बंदरगाह या उसके तट तक ही सीमित रखने के लिए भारतीय नौसेना की भूमिका को सराहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया ने इस ऑपरेशन के दौरान नौसेना की परिचालन तत्परता, पेशेवर क्षमता और ताकत देखी। वर्तमान युद्ध को तकनीक और खुफिया जानकारी पर आधारित बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्री तैयारी अब केवल जहाजों या पनडुब्बियों तक सीमित नहीं, बल्कि यह तकनीक-संचालित, नेटवर्क-केंद्रित और स्वायत्त प्रणालियों पर आधारित है। हमें इन क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हुए अपने विरोधियों की आधुनिक तकनीकों से खुद को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। हमारे पास क्षमता और योग्यताएं हैं। हम अपने उपकरण अपनी धरती पर ही बना रहे हैं। रक्षा मंत्री ने इस बात की सराहना की कि आत्मनिर्भर भारत के तहत भारतीय नौसेना न केवल रक्षा उत्पादन में लगी हुई है, बल्कि राष्ट्र



निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि आज हमारी नौसेना देश की आत्मनिर्भरता, नवाचार और औद्योगिक विकास में अग्रणी बन गई है। भारतीय नौसेना के द्विवार्षिक कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण नौसेना प्रमुख के उद्घाटन भाषण के साथ? बुधवार को शुरू हुआ। नौसेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित परिचालन उत्कृष्टता और युद्ध तत्परता सुनिश्चित करने के लिए टीम नौसेना के सामूहिक समर्पण, व्यावसायिकता और निरंतर प्रतिबद्धता की सराहना की, जो हमारे राष्ट्र के लिए गौरव का स्रोत है। भारतीय नौसेना के उपयोगकर्ताओं के लिए जेम हैंडबुक का तीसरा संस्करण नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने जारी किया। यह तीसरा संस्करण सार्वजनिक खरीद के लिए पोर्टल की विकसित होती कार्यक्षमताओं और बेहतर उपयोग के साथ तालमेल बनाए रखने के हमारे निरंतर प्रयास का प्रतीक है।

## बिहार में जंगलराज नहीं, जनविश्वास का राजः मोदी

### ●कांग्रेस और आरजेडी के साथी दल बिहार के लोगों को क्यों अपमानित कर रहे हैं : पीएम

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार की पिछली सरकारों से तुलना की और कहा कि अब बिहार में डर नहीं बल्कि विकास है। उन्होंने पिछली सरकारों से तुलना करते हुए कहा, 'आज बिहार में जंगलराज नहीं, जनविश्वास का राज है और हर बिहारी गर्व से कहता है- मैं बिहारी हूं।' इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर बिहार के लोगों के अपमान को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस और आरजेडी को जवाब देना चाहिए कि उनके साथी दल बिहार के लोगों को क्यों अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और एनडीए सरकार बिहार को अंधेरे से निकालकर जनविश्वास के युग में लाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के युवा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बिहार में आज सड़क, पुल, रेलवे, मेट्रो और एयरपोर्ट जैसी परियोजनाएं नई संभावनाएं पैदा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश और बिहार में स्थिर सरकार होने से विकास की रफ्तार तेज हुई है। बिहार में अस्पताल, स्कूल और रेलवे रूट तेज़ी से बन रहे हैं। आज बिहार का हर नौजवान कह रहा है कि 'रफ्तार पकड़ चुका है बिहार, फिर से एनडीए सरकार'। इस अवसर पर उन्होंने बिहारवासियों को भाई-दूज और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दीं।




प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में बिहार के युवा न केवल उत्साह से खरीदारी कर रहे हैं, बल्कि विकास के महायज्ञ में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। साथ ही केंद्र सरकार बिहार के मखाने को 'सुपरफूड' के रूप में विश्वभर में पहचान दिला रही है, जिससे राज्य के युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने बूथों पर एकत्र होकर बुजुर्गों से पुराने अनुभव सुनें और नई पीढ़ी को जागरूक करें। साथ ही उन्होंने छठ पर्व के बाद 31 अक्टूबर को मनाए जाने वाले 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति की असली ताकत मतदाता के एक वोट में निहित है। राम मंदिर निर्माण, ऑपरेशन सिंदूर और नक्सलवाद पर नियंत्रण, यह सब वोट की ताकत का परिणाम है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए 'गठबंधन' को 'लठबंधन' बताया और कहा कि उन्हें बिहार के युवाओं की चिंता नहीं है। नक्सलवाद और माओवादी आतंक ने बिहार की दो पीढ़ियों का भविष्य बर्बाद किया, लेकिन एनडीए सरकार ने राज्य को अंधेरे से निकालकर विकास की दिशा में आगे बढ़ाया है।प्रधानमंत्री ने बिहार की बेटियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि वे विज्ञान, तकनीक, एविएशन, फैशन, फिनटेक, मेडिकल और मीडिया जैसे क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे प्रथम मतदाताओं के सम्मान समारोह आयोजित करें और उन्हें मतदान के महत्व से परिचित कराएं।

## पुष्कर मेला 2025 की शुरुआत... मेले में पहुंचे 2 से 11 लाख रुपए तक के घोड़े

अजमेर (एजेंसी)। राजस्थान के अजमेर जिले में मशहूर पुष्कर मेला 2025 की शुरुआत बुधवार से हो गई। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं व टूरिस्ट की संख्या दूसरे दिन से बढ़ने लगी है। अब तक मेले में घोड़ों की संख्या नाम मात्र की है, वहीं ऊंट की संख्या दौ सौ के पार हो चुकी है। बरेली से आए जुबैद ने बताया कि वे मेले में 11 घोड़े लेकर आए हैं। इन घोड़े की कीमत 2 से 11 लाख रुपए तक है। बता दें कि मेले की विधिवत शुरुआत 30 अक्टूबर को ध्वजारोहण के साथ होगी। तीन चरणों में होने वाले मेले में पशु मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक मेला शामिल हैं। ये मेला 6 नवंबर तक होगा। वहीं मेला के अदंर दुकानें सज चुकी है और देसी-विदेशी सैलानी भी मेला क्षेत्र पहुंच रहे हैं। पशुओं की लगातार आवक बनी हुई है। बालू रेत से बनाई गई कलाकृतियां लोगों को लुभा रही है। पुष्कर के बाजारों, सरोवर के घाटों व ब्रह्मा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भीड़ है। 1 से 5 नवंबर तक श्रद्धालुओं व टूरिस्ट की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। इसके बाद वन वे ट्रैफिक प्लान तैयार है।

## हैदराबाद में गौ तस्करों ने गौ रक्षक को गोली मारी... गोली मारने वाला एआईएमआईएम से जुड़ा

**-बीजेपी नेता माधवी लता का आरोप, पुलिस बचाने में लगी हुई**

हैदराबाद (एजेंसी)। हैदराबाद के घाटकेसर में गौ तस्करों ने एक गौ रक्षक को गोली मार दी। घायल व्यक्ति का नाम प्रशांत उर्फ सोनू है। उसके परिवार ने बताया कि वे 5-6 सालों से गौ रक्षा का काम कर रहा है। तेलंगाना बीजेपी नेताओं ने दावा किया कि सोनू पर हमला गायों के तस्करी को रोकने की कोशिश के दौरान हुआ। बीजेपी नेता माधवी लता ने एआईएमआईएम पर हमले का आरोप लगाकर फौरन कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के मुताबिक, कुछ लोगों ने सोनू को गाय की तस्करी होने की झूठी खबर देकर आईटी कॉरिडोर बुलाया पर वहां पहुंचे ही उस पर फायरिंग कर दी गई। पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। सोनू के लिवर में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत गंभीर है। बीजेपी सांसद ईटाला राजेंद्र ने बताया कि गोली मारने वाले की पहचान इब्राहिम के रूप में हुई है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने कहा कि यह हमला औवेसी के गुंडों ने बीजेपी और संघ कार्यकर्ताओं को डराने के लिए किया। सोनू की मां ने कहा कि मेरा बेटा जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। मैं गोरक्षा के लिए 10 और बेटे कुर्बान कर दूंगी। सरकार अपराधी को गिरफ्तार करे। सोनू की मां ने कहा कि वह अपने बेटे के लिए न्याय चाहती है। वहीं बीजेपी नेता माधवी लता ने कहा कि आरोपी एआईएमआईएम से जुड़ा है और पुलिस दोषियों को बचा रही है। मैं मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को चुनौती देती हूं कि वह सोनू को न्याय दिलाएं।

## कपड़ा व्यापारी से अभद्रता करने और सड़क पर नाक रगड़वाने वाले बीजेपी नेता पार्टी से निष्कासित

मेरठ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के मेरठ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विकुल चपराणा पर एक कपड़ा व्यापारी सत्यम रस्तोगी से अभद्रता करने और सड़क पर नाक रगड़वाकर माफी मंगवाने का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। घटना 19 अक्टूबर की रात मेरठ के तेजगढ़ी चौराहे पर एक रेस्तरां के बाहर वाहन पार्क करने को लेकर व्यापारी सत्यम रस्तोगी और भाजपा नेता चपराणा के बीच विवाद हुआ। इसके बाद विकुल ने व्यापारी से जबरन नाक रगड़वाकर माफी मंगवाई। यह पूरा घटनाक्रम वीडियो में कैद हो गया और इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया। भाजपा किसान मोर्चा ने विकुल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सभी पदों से हटा दिया और उनकी प्राथमिक सदस्यता भी निलंबित कर दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने पार्टी की मर्यादा और अनुशासन के विरुद्ध तथा आपराधिक मानसिकता को दर्शाने वाला आचरण बताया। पुलिस ने विकुल के तीन सहयोगियों (हैप्पी भड़ाना, आयुष शर्मा और सुबोध यादव) को गिरफ्तार कर लिया। विकुल को भी गिरफ्तार किया गया था लेकिन बाद में अदालत से जमानत मिल गई। मामले में मार्ग अवरुद्ध करने और वाहन में तोड़फोड़ करने की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने घटना की जांच एसपी (नगर) को सौंपी है। विपक्षी दलों, जिसमें समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस शामिल हैं, ने इस घटना को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के इस्तीफे की मांग की है, जिनका नाम विकुल ने वीडियो में लिया था। सपा के नेताओं और मेरठ व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जीतू सिंह नागपाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन किया है। व्यापारियों ने सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की ताकि व्यापारी वर्ग में भय का वातावरण समाप्त हो सके। सपा नेताओं ने आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लगाने की मांग की है।

## बच्चों को पटाखे फोड़ने से मना किया, नहीं माने तो उड़ेल दिया तेजाब, 5 झुलसे, 1 गंभीर

हरिद्वार (एजेंसी)। दीपावली की रात एक शख्स ने पटाखे फोड़ रहे बच्चों को मना किया। नहीं माने तो गुस्से में आकर उसने तेजाब (कोई ज्वलनशील) पदार्थ बच्चों के ऊपर फेक दिया। पांच बच्चे इसकी चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है। मामला भिक्कमपुर जीतपुर गांव का है। गुस्साए लोगों ने आरोपी को पकड़कर पिटाई कर दी और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाल राजीव रौथाण ने बताया कि आरोपी के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब नौ बजे गांव के 14 से 15 वर्ष के लगभग दस-पंद्रह बच्चे दीपावली की आतिशबाजी कर रहे थे। उसी दौरान पास में रहने वाले गोवर्धन उर्फदिलेराम पुत्र मुकुंदाराम ने उन्हें पटाखे चलाने से मना किया। बताया जा रहा है कि बच्चों के न मानने पर आरोपी ने गुस्से में आकर अपने घर की छत से एक केन में भरा ज्वलनशील पदार्थ नीचे फेंक दिया, जो बच्चों पर गिर गया। अचानक आग लगने जैसी स्थिति से अफ़रातफ़री मच गई। राहुल व दीपक पुत्रगण शेर सिंह, सौरभ पुत्र बहादुर, पंकज पुत्र बालेश और विशाल पुत्र लाहौर सिंह झुलस गए।

# क्या कर्नाटक में सतीश जारकीहोली होंगे सिद्धारमैया के उत्तराधिकारी?

**-बेटे यतिंद्र सिद्धारमैया ने कहा- पिता राजनीतिक करियर के 'अंतिम पड़ाव' पर**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की सियासत में बुधवार को हलचल मच गई। सीएम सिद्धारमैया के बेटे और विधान परिषद सदस्य यतिंद्र सिद्धारमैया ने कहा कि उनके पिता अपने राजनीतिक करियर के 'आखिरी पड़ाव' पर हैं और कांग्रेस को अब लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली को आगे ले जाना चाहिए। यतींद्र ने कहा कि मेरे पिता अपने राजनीतिक जीवन के अंतिम दौर में हैं। कांग्रेस को आगे लाने की जिम्मेदारी सतीश जारकीहोली जैसे नेताओं को लेनी चाहिए, जो सामाजिक न्याय और प्रगतिशील विचारधारा में विश्वास रखते हैं।

सतीश जारकीहोली को सीएम सिद्धारमैया का बहुत ही वफादार माना जाता है। वे डीके शिवकुमार के पुराने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी रहे हैं। जारकीहोली के नाम का इस वक्त उत्तराधिकारी के तौर पर उभरना इस बात का संकेत है कि सिद्धारमैया गुट आने वाले समय में अपनी विचारधारा और 'आहिंदा' यानी अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग और दलित राजनीति की विरासत को बनाए रखने के लिए नया चेहरा तैयार कर रहा है।

सतीश जारकीहोली इस समय कर्नाटक के लोक निर्माण मंत्री हैं और यमकनमर्दी विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे अनुसूचित जाति के वाल्मीकि समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और लंबे समय से सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए काम करते रहे हैं। वे सीएम सिद्धारमैया के बनाए 'आहिंदा गठबंधन' का एक अहम हिस्सा माने जाते हैं। 'आहिंदा' शब्द की अवधारणा सबसे पहले पूर्व सीएम देवराज ने दी थी, लेकिन इसे आधुनिक रूप में पुनर्जीवित करने का श्रेय सिद्धारमैया को जाता है। जारकीहोली उसी राजनीतिक धारा से आते हैं, जिससे सिद्धारमैया ने अपनी सियासी ताकत गढ़ी।

सतीश जारकीहोली उत्तर कर्नाटक के बेलगावी जिले के प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके परिवार की राजनीति में गहरी जड़ें हैं। उनके भाई रमेश जारकीहोली कभी कांग्रेस में थे, लेकिन 2018 में बीजेपी ज्वाइन कर ली थी और मंत्री बने। वे फिलहाल बीजेपी के विधायक हैं। वहीं सतीश की बेटी प्रियंका जारकीहोली कांग्रेस की चिक्कोडी से सांसद हैं।

यतींद्र सिद्धारमैया का बयान भले ही उन्होंने बाद में 'गलतफहमी' बताते हुए साफ कर दिया कि उनका मतलब नेतृत्व परिवर्तन से नहीं था, लेकिन राजनीतिक हलकों में इसे डीके शिवकुमार के लिए चेतावनी माना जा रहा है। सिद्धारमैया गुट के नज़दीकी लोगों का मानना है कि सीएम अपने 'आहिंदा मॉडल' की राजनीति को बनाए रखने के लिए किसी ऐसे नेता को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जो सामाजिक न्याय के उस एजेंडे को आगे ले जा सके और जारकीहोली इस प्रोफाइल में पूरी तरह फिट बैठते हैं।

दूसरी ओर वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले डीके शिवकुमार लंबे समय से सीएम पद के



दावेदार माने जाते हैं, लेकिन अब जब सिद्धारमैया के बेटा यतींद्र खुद किसी और को 'उत्तराधिकारी' बताने लगे, तो यह संकेत साफ है कि सत्ता की यह जंग आने वाले महीनों में और तेज हो सकती है। अब देखना यह होगा कि क्या सच में जारकीहोली कर्नाटक की राजनीति में सिद्धारमैया की विरासत संभालने वाले बनते हैं या फिर डीके शिवकुमार अपनी राजनीतिक ताकत से फिर बाज़ी पलटते हैं।

## कोलकाता से श्रीनगर जा रही इंडिगो फ्लाइट की वाराणसी में इमरजेंसी लैंडिंग, 166 यात्री सुरक्षित

**वाराणसी (एजेंसी)।** वाराणसी एयरपोर्ट पर बुधवार शाम इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। यह विमान कोलकाता से श्रीनगर जा रहा था। उड़ान के दौरान अचानक फ्यूल लीक होने की सूचना मिलने पर पायलट ने 'मेडे कॉल' जारी करते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। घटना के समय विमान लगभग 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार, पायलट ने वाराणसी एयरस्पेस में प्रवेश करते ही एटीसी को बताया कि विमान में तकनीकी खराबी आने से फ्यूल लीक हो रहा है और इंजन रेड सिग्नल दिखा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एटीसी ने तत्काल कार्रवाई की और रनवे को क्लियर कराया। मात्र चार मिनट के भीतर आपात लैंडिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं। पायलट ने शाम के करीब 4¬10 बजे विमान को सुरक्षित रूप से रनवे पर उतार दिया। विमान में 166 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इमरजेंसी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यात्रियों को एअरपोर्ट के अराइवल हॉल में बैठाया गया, जबकि तकनीकी टीम ने विमान की जांच शुरू कर दी। सुरक्षा कारणों से विमान को करीब दो घंटे तक एप्रन (पार्किंग क्षेत्र) पर ही खड़ा रखा गया। इंडिगो एयरलाइंस ने बयान जारी कर बताया कि ÷वाराणसी एयरपोर्ट पर फ्लाइट 6ई-6961 को तकनीकी कारणों से लैंड कराना पड़ा। सभी यात्री सुरक्षित हैं। यात्रियों को श्रीनगर भेजने के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की जा रही है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि आपात लैंडिंग की प्रक्रिया पूरी तरह से नियंत्रित और सुरक्षित रही। एयरपोर्ट की फायर ब्रिगेड, मेडिकल और टेक्निकल टीम को तुरंत अलर्ट कर दिया गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि पायलट की त्वरित कार्रवाई और एटीएस की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

## दिल्ली में दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता सबसे खराब दौर में... आर्टिफिशियल बारिश के लिए नहीं मिल रहे बादल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में तेजी से खराब हुई है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता गुरुवार को भी बेहद खराब बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 353 दर्ज किया गया। कई इलाके रेड जोन में हैं।

अक्षरधाम मंदिर के पास विजिबिलिटी सबसे कम थी। यहां ज्यादातर इलाकों में सुबह के समय स्मॉग छाया रहा। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच रहा। यानी हवा की क्वालिटी बहुत खराब से गंभीर स्तर पर है।

सबसे खराब स्थिति आनंद विहार में थी, जहां सुबह 5¬30 बजे एक्यूआई 511 तक पहुंच गया। हेल्थ एक्सपर्ट ने सलाह दी है कि जब तक एक्यूआई मीडियम लेवल पर न आए, दिल्ली-एनसीआर में बाहर की गतिविधियां सीमित रखें। आठ महानगरों में दिल्ली का एक्यूआईसबसे खराब रहा।

बेंगलुरु और चेन्नई में एक्यूआई 70 से नीचे रहा, जबकि अहमदाबाद और मुंबई में सुबह एक्यूआई 110 दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली में आर्टिफिशियल बारिश का ट्रायल फिर अटक गया है। जुलाई में शुरू होने वाला यह प्रयोग अब तक नहीं हो पाया है,क्योंकि मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, जरूरी बादल मौजूद नहीं हैं। वहीं दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि जैसे ही बादल मिलते हैं, तुरंत ट्रायल किया जाएगा। सभी मंजूरियां, फंड और विमान की व्यवस्था कर ली गई है।

## अगले माह से पूरे देश में शुरु होगा गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गहन मतदाता पुनरीक्षण(एसआईआर) अभियान को लेकर बिहार में जमकर विरोध हुआ था। इस पर जमकर राजनीति हुई और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया था। अदालत की ओर से एसआईआर को क्लीन चिट दी गई और कहा गया कि यह थोड़ा पहले किया जा सकता था। अब इसी बात से सबक लेते हुए चुनाव आयोग नवंबर की शुरुआत से ही देशव्यापी एसआईआर शुरू करने जा रहा है। इसके तहत सबसे पहले उन राज्यों में एसआईआर होगा, जहां 2026 में ही चुनाव होने वाले हैं। इसके अलावा भी कुछ अन्य राज्यों में भी एसआईआर शुरुआती दौर में ही होगा।

असम में तो एनआरसी भी हो रही है। असम के निर्वाचन आयोग का कहना है कि एक बार एनआरसी होने के बाद राज्य में एसआईआर भी हो जाएगी। असम देश का इकलौता राज्य है, जहां एनआरसी हुआ है। ऐसे में यह भी हो सकता है कि एनआरसी पूरा होने का इंतजार हो और असम में एसआईआर में थोड़ी देरी हो जाए। आगामी राष्ट्रव्यापी प्रक्रिया के लिए चुनाव आयोग मतदाताओं को केवल उस राज्य की ही नहीं, बल्कि किसी भी राज्य की अंतिम गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची से अपने नामों के अंश प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकता है, जहां वे वर्तमान में रहते हैं। बिहार एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता केवल बिहार की अंतिम गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची से ही अंश प्रस्तुत कर सकते थे।दूसरे शब्दों में मुंबई में मतदाता के रूप में पंजीकृत पश्चिम बंगाल का कोई प्रवासी श्रमिक महाराष्ट्र में नामांकित रह सकता है, बशर्ते वह अपना नाम दिखा सके। इसके अलावा वह किसी ऐसे मतदाता से संपर्क स्थापित कर सके, जिसका नाम 2002 की पश्चिम बंगाल मतदाता सूची में शामिल हो। पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची का अंतिम गहन पुनरीक्षण 2002 में हुआ था और उस मतदाता को उस राज्य की मतदाता सूची में बने रहने के योग्य माना जाएगा, जहां वह वर्तमान में रह रहा है। बता दें कि चुनाव आयोग की दो दिन की कॉन्फ्रेंस बुधवार से शुरू हुई है। इसमें यह आकलन भी किया गया कि देश में एसआईआर की प्रक्रिया के लिए कितनी और कैसी तैयारी है। इसकी रिपोर्ट सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन आयुक्तों की ओर से पेश की गई। पूरा प्लान कॉन्फ्रेंस के समापन पर बताया




जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार एसआईआर की प्रक्रिया देशव्यापी होगी, लेकिन इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। पहले इसे असम, केरल, पुदुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में किया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इन राज्यों में अगले साल ही चुनाव होने हैं।

## लकी अली ने तंज कसते हुए मांगी माफी, कहा- राक्षसों की भी भावनाएं हो सकती हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** देश के ख्याति प्राप्त गीतकार जावेद अख्तर अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। बीते दिनों जावेद अख्तरएक पुराने वीडियो को लेकर सुर्खियों में आए थे। इस वीडियो क्लिप में जावेद अख्तर कहते दिख रहे थे, शोले में एक सीन था जिसमें धर्मेंद्र शिवजी की मूर्ति के पीछे छिपकर बोलते हैं और हेमा मालिनी सोचती हैं कि शिव जी उनसे बात कर रहे हैं। क्या आज भी ऐसा सीन हो सकता है? नहीं, मैं आज ऐसा सीन नहीं लिखूंगा मैंने कहा था, मुसलमानों जैसे मत बनो उन्हें अपने जैसा बनाओ। तुम मुसलमानों जैसे बन रहे हो यह एक त्रासदी है। जावेद अख्तर के इसी वीडियो क्लिप के के नीचे लकी अली के आधिकारिक अकाउंट से कमेंट है, जावेद अख्तर की तरह



मत बनो, वह कभी ओरिजिनल नहीं थे और बहुत गंदे हैं। लकी अली के नाम से ऐसा कमेंट देखकर कई लोग हैरान हुए थे। इसी कमेंट के बाद विवाद को बढ़ता देख लकी अली ने माफी मांगी।

बता दें एक सोशल मीडिया यूजर ने उनकी आलोचना की थी, जिसमें वो हिंदुओं से मुसलमानों जैसा न बनने की अपील करते नजर आ रहे थे। यूजर के इसी वीडियो पर अली अली का शॉकिंग कमेंट नजर आया था। ऐसे में अब लकी अली ने अपने कमेंट के लिए माफी मांगी है। जावेद अख्तर के वीडियो पर लकी अली का कमेंट वायरल होने के बाद उन्होंने गीतकार से माफी मांगी। लकी अली ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, मेरा मतलब था कि अहंकार बुरा होता है... यह मेरी ओर से एक गलत बयान था... राक्षसों की भी भावनाएं हो सकती हैं और अगर मैंने किसी की दुष्टता को ठेस पहुंचाई है तो मैं माफी मांगता हूं...। लकी अली का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अब इस पर भी यूजर्स के जबरदस्त कमेंट्स आ रहे हैं।

## दक्षिण भारत में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, हिमाचल में बर्फबारी पारा शून्य के नीचे

**-स्कूल-कॉलेज बंद, फसलें बर्बाद, रेड अलर्ट जारी**



**चेन्नई, (एजेंसी)।** दक्षिण भारत में पूर्वोत्तर मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है, जिससे तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, जबकि उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है।

तमिलनाडु में लगातार हो रही बारिश से स्थिति गंभीर बनी हुई है। चेन्नई सहित कई जिलों में सड़कों पर पानी भर गया है। प्रशासन ने गुरुवार को भी सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने राज्य में साइक्लोन की आशंका जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। बाढ़ के चलते राज्य के कई इलाकों में फसलें बर्बाद हो गई हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 16 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न हो चुकी है और लगभग 33 प्रतिशत फसल को नुकसान पहुंचा है। राज्य सरकार ने प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की घोषणा की है।

वहीं, केरल में भी हालात गंभीर हैं। भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते बुधवार को इडुक्की, पलक्कड़, मलप्पुरम और पथनमथिट्टा जिलों में सभी स्कूल-कॉलेज बंद रखे गए। इडुक्की के पहाड़ी इलाकों में रात के समय यात्रा पर रोक लगा दी गई है। राज्य सरकार ने जिला प्रशासन को बाढ़, भूस्खलन और जलभराव की स्थिति पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) को हाई अलर्ट पर रखा गया है। आंध्र प्रदेश में भी तेज बारिश के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। इससे पहले तिरुपति में बुधवार को 2-3 फीट तक पानी भर गया था। मौसम विभाग ने प्रकाशम, नेल्लोर, कडप्पा, अन्नमय्या, तिरुपति और चित्तूर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि कुरनूल, नांदयाल, अनंतपुर और श्री सत्यसाई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति और मनाली में बर्फबारी से सर्दी बढ़ गई है। लाहौल-स्पीति के टैबो में न्यूनतम तापमान माइनस 0.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मनाली में 12 मिमी, भरमौर में 11.5 मिमी और कीलॉन्ग में 6 मिमी बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, तंजावुर, तिरुवारुर, नागपट्टिनम और कारैकल में भी रेड अलर्ट जारी किया है। चेन्नई निगम ने राहत कार्यों के लिए 106 सामुदायिक रसोइयां शुरू की हैं।

## लव जिहाद के खिलाफ असम में बनेगा कानून, बहुविवाह पर कसेगा शिकंजा: सीएम सरमा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में लव जिहाद पर लगाम लगाने के लिए कानून तैयार किया जा रहा है साथ ही बहु विवाह जैसी परंपराओं पर भी शिकंजा कसने की तैयारी चल रही है। इसके लिए आगामी विधानसभा सत्र में बिल लाने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार अगले सत्र में इन दोनों पर विधेयक पेश करने जा रही है। सीएम सरमा ने बताया, अगला विधानसभा सत्र ऐतिहासिक होगा क्योंकि कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे। बहुविवाह और लव जिहाद पर प्रतिबंध के साथ-साथ हमारे सत्रों का संरक्षण, चाय बागानों के श्रमिकों को भूमि अधिकार देने सहित अन्य विधेयक शामिल हैं।

मुख्यमंत्री सरमा ने बताया, इस विधेयक के तहत एक आयोग स्थापित किया जाएगा, जो सत्र भूमि को अतिक्रमण और विवादों से बचाएगा, पारदर्शी शासन के माध्यम से और विरासत पर्यटन व सत्र कला के माध्यम से सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। विधेयक के अनुसार आयोग के तहत सत्रों की सांस्कृतिक विरासत को



डिजिटल संग्रह के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा, जिसमें भूमि, कलाकृतियां और पांडुलिपियों का विवरण होगा, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी पहुंच और संरक्षण सुनिश्चित होगा। उन्होंने आगे कहा, अगले विधानसभा सत्र में हम लव जिहाद, बहुविवाह और सत्र संरक्षण के खिलाफ कई नए विधेयक लाएंगे। चाय बागानों के श्रमिकों के भूमि अधिकारों पर चर्चा के साथ ही और भी कई विधेयक पेश किए जाएंगे। असम कैबिनेट ने पहले ही असम सत्र संरक्षण और विकास बोर्ड विधेयक, 2025 को मंजूरी दी है। यह एक निकाय होगा, जिसका उद्देश्य सत्रों और उनके भूमि-संपत्ति का संरक्षण, प्रबंधन, रखरखाव और सतत विकास सुनिश्चित करना है। असम के सत्र वैष्णव मठ हैं, जो धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जीवन के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इनकी स्थापना 16वीं सदी में हुई थी। आयोग का अध्यक्ष हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे। सदस्य सचिव भूमि अधिग्रहण और सुधार निदेशक, असम होंगे। इसके अलावा, दो सदस्य राज्य सरकार द्वारा नामांकित सत्र संस्थानों के प्रतिनिधि होंगे और एक सदस्य भूमि प्रशासन में अनुभवी सेवानिवृत्त सिविल सेवा अधिकारी (सचिव स्तर या उससे ऊपर) होगा।

## खुशखबरी: अग्निवीरों को सेना की भर्ती में मिल सकता है 75 पर्सेंट आरक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेना में भर्ती सपना अग्निवीरों का आसानी से पूरा हो सकेगा। इसके लिए आने वाले समय में उन्हे 75 प्रतिशत आरक्षण मिल सकता है। इस स्कीम के तहत अब तक 25 फीसदी जवानों को ही 4 साल के कार्यकाल के बाद भी नौकरी में बनाए रखने का प्रावधान है। अब इस लिमिट में बड़ा इजाफा हो सकता है और इसे 75 फीसदी तक किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस संबंध में जैसलमेर में आज आयोजित होने वाली आर्मी कमांडर्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इसके बारे में कोई निर्णय हो सकता है। अहम बात यह है कि अगले साल ही अग्निवीरों के पहले बैच के 4 साल की अवधि पूरी हो रही है। ऐसे में इन लोगों को फायदा मिल सकता है और 75 फीसदी लोगों की सेना में सेवा बरकरार रहेगी।

अब इन लोगों की भागीदारी को बढ़ाने पर भी विचार होगा। मौजूदा सैनिकों के कल्याण के लिए भी कुछ फैसले लिए जा सकते हैं। सबसे अहम मसला यह होगा कि कैसे तीनों सेनाओं के बीच समन्वय बने और जॉइंट कमांड में काम हो सके। कोलकाता में बीते महीने कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ था। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी पहुंचे थे। उस मीटिंग में सरकार की ओर से ऐलान हुआ था कि तीन जॉइंट मिलिट्री स्टेशन बनेंगे। इसके अलावा आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की शैक्षणिक शाखाओं का विलय किया जाएगा। यदि कोई हमला होता है या कोई ऑपरेशन करना है तो भारतीय बल कितनी देर में तैयार हो सकते हैं। हथियारों या विमानों की रिपेयर में कितना टाइम लग सकता है। इन मसलों पर भी आज बात होगी।

बता दें कि मई में भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ ऐक्शन लेते हुए पाक में सक्रिय आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर किया था। उसके बाद आज पहली बार आर्मी कमांडर्स की कॉन्फ्रेंस होने वाली है। इस कॉन्फ्रेंस में सेना की टॉप लीडरशिप तमाम मसलों पर बात करती है और प्रमुख मुद्दा सुरक्षा की समीक्षा होता है। एक और विषय पर विचार हो सकता है कि सेना के पास रिटायर सैनिकों का एक बड़ा पूल है। इनकी सेवाओं का कैसे प्रयोग किया जा सकता है। इस पर भी विचार होगा। फिलहाल इन लोगों को आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी, एक्स सर्विसमेन कॉन्ट्रिब्यूटरी हेल्थ स्कीम में ही लगाया गया है।



## रंजिश में युवक पर चलाई गोली, बाल बाल बचा

नई दिल्ली। महेंद्र पार्क में बृहस्पतिवार रात रंजिश में एक युवक पर स्कूटी सवार नाबालिगों ने गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। पीड़ित की पहचान निखिल सक्सेना (22) के रूप में हुई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने तीन नाबालिग लड़कों पर आरोप लगाया है जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार रात पुलिस को महेंद्र पार्क स्थित हेलो चाइना फास्ट फूड की दुकान पर गोली चलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को वहां शिकायतकर्ता संजय नगर निवासी निखिल सक्सेना मिला। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त माणिक के साथ हेलो चाइना फास्ट फूड की दुकान आया था। दोनों दुकान के पास खड़े थे तभी तीन लोग स्कूटी पर आए और उनपर हमला कर दिया। आरोपियों ने उनपर गोली भी चलाई। गनीमत रही कि गोली किसी को भी नहीं लगी। पीड़ित ने तीनों आरोपियों को पहचानने का दावा करते हुए बताया कि सभी उसके घर के पास ही रहते हैं और उससे रंजिश रखते हैं। पुलिस ने मौके पर क्राइम और फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने वहां से कुछ साक्ष्य हासिल किए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि पीड़ित दसवीं तक पढ़ा है और फिलहाल कोई काम नहीं करता है। वहीं, गोलीबारी करने वाले सभी आरोपी नाबालिग हैं। जिस जगह पर घटना हुई है वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है। घटना के बाद से नामजद सभी आरोपी अपने घर से गायब हैं। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए इनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### युवक को गोली लगने के मामले में दोस्त गिरफ्तार

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में रविवार को युवक को गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसके ही दोस्त पंकज उर्फ पंखा को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि उसने रोहित को गोली मारी नहीं थी, बल्कि गलती से उसको लग गई थी। दरअसल सारे दोस्त मिलकर तमंचे को देख रहे थे, इसी दौरान गोली चल गई और रोहित घायल हो गया।

# ड्रग्स सप्लाई में नाइजीरियाई और एक महिला समेत छह गिरफ्तार

दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ड्रग्स सप्लाई करने वाले दो नाइजीरियाई नागरिक और महिला समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को दिल्ली, ग्रेनो और बेंगलुरु से पकड़ा गया है। इनके कब्जे से लगभग 21 करोड़ रुपये के मूल्य का 7 किग्रा मेथमफेटामाइन बरामद की गई है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया, 19 जुलाई को एक सूचना मिली कि केरल में एनडीपीएस के विभिन्न मामलों में वांछित सुहैल दिल्ली से बेंगलुरु, केरल और दक्षिण भारत के विभिन्न हिस्सों में प्रतिबंधित मादक पदार्थों की सप्लाई करता है। टीम ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के एक बीएनबी गेस्ट हाउस से केरल के कन्नूर निवासी सुहैल और सुजिन को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 5950 ग्राम मेथमफेटामाइन बरामद किया गया। जांच में पता लगा कि आरोपी व्हाट्सएप पर बातचीत के लिए नाइजीरिया का नंबर का इस्तेमाल कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने दिल्ली के छतरपुर इलाके में रहने वाले अफ्रीकी नागरिक टोबी डेको को गिरफ्तार कर लिया। इससे 64 ग्राम मेथमफेटामाइन बरामद किया गया। उसने बताया कि वह सुहैल को ड्रग्स की सप्लाई करता है। टोबी डेको ने बताया कि सिंडिकेट का सरगना नाइजीरिया में रहता है और उसे दिल्ली में रहने वाली अफ्रीकी महिला के जरिए डिलीवरी मिलती है। टोबी डेको की निशानदेही पर दिल्ली के छतरपुर इलाके में उसके किराए के कमरे से 865 ग्राम मेथमफेटामाइन बरामद किया गया। इसके बाद बेंगलुरू से फातिमा उर्फ नेहा और मोहम्मद ज़ुहैद उर्फ फिरोज को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने ग्रेनो के सेक्टर-1 से चिकवाडो नाके किंग्सले को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ में पता लगा कि वह डेड ड्रॉप्स का इस्तेमाल करते थे। ये ड्रग्स को झाड़ियों या सड़क किनारे किसी सुनसान जगह पर गिरा देते थे। पकड़े जाने से बचने के लिए प्राप्तकर्ता के साथ तस्वीर और स्थान साझा किया जाता था। कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए गैर-व्यावसायिक मात्रा (50 ग्राम से कम) में बेचते थे। 2024 में उसके सिंडिकेट के कई तस्करों को केरल पुलिस ने 3 अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया था। आरोपी टोबी डेको ने खुलासा किया कि वह 2018 में छात्र के रूप में भारत आया था और बेंगलुरु में ड्रग्स बेचने लगा था।

## मां को गाली हर मां का अपमान - बक्शी

नई दिल्ली। कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय मां के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने के विरोध में आज पश्चिमी जिला में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बक्शी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जोरदार प्रचंड प्रदर्शन सुभाष नगर मोड़ पैसिफिक मॉल के सामने किया गया इस अवसर पर पश्चिमी जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बक्शी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता जी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना बहुत गलत है उन्होंने कहा कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन को इस का खमियाजा भुगतना पड़ेगा और जनता इन्हें दंडित करेगी उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां को गाली देना हर मां का अपमान है इस अवसर पर पश्चिमी जिला प्रभारी विजय सोलंकी ने कहा कि राहुल गांधी को और समूची कांग्रेस पार्टी को इस घटना के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए,इस अवसर पर पश्चिमी जिला के पूर्व अध्यक्ष सचिन भसीन ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को गाली देने पर रोष है और देश की जनता जगह जगह प्रदर्शन कर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार कर रही है इस अवसर पर निगम पार्षद शशि तलवार, सुमन त्यागी, शिल्पा कौर बिट्टू आदि मौजूद थे पश्चिमी जिला से महामंत्री श्वेता सैनी कुनाल साहनी एवं जिला की टीम से उपाध्यक्ष, संदीप जैन,रविन्द्र सिंह सोनू, मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह अमर,प्रदेश भाजपा से सी.एल. मीणा, चरणजीत सिंह लवली मोजूद रहे,वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष आर्य ने भी सभी का मार्ग दर्शन किया,सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष अपनी टीम के साथ रोष प्रदर्शन में शामिल रहे

## बदमाशों ने दुकान पर बोला धावा, चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दुकानदान व उसके साथी को किया घायल

नई दिल्ली। बाहरी जिला के मंगोलपुरी इलाके में शुक्रवार रात बदमाशों ने लूटपाट का विरोध करने पर एक दुकानदार सचिन कुमार के सिर में चाकू से हमला कर दिया। बचाव में आए दुकानदार के साथी अरुण कुमार के पैर पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। दोनों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों ने एक हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस हमलावर से पूछताछ कर अन्य बदमाशों की पहचान कर रही है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार रात मंगोलपुरी थाना पुलिस को मार्केट में चाकूबाजी होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दुकानदार सचिन कुमार और उनके दोस्त अरुण को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, एक बदमाश को मौके से हिरासत में लिया, जिसे स्थानीय लोगों ने हमले के दौरान पकड़ा था। दुकानदार ने बताया कि आधा दर्जन के करीब बदमाश उनकी दुकान पर आकर लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उनके सिर पर चाकू मार दिया। अरुण ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की तो उसके पैर में ताबड़तोड़ चाकू मार दिए। सभी बदमाशों के हाथ में चाकू था। पुलिस भागे हुए बदमाशों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

# एवीयूटी को अभियोजन में सहायता करने की अनुमति

नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट ने उपहार त्रासदी पीड़ित संघ (एवीयूटी) को व्यवसायी सुशील अंसल के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में अभियोजन पक्ष की सहायता करने की अनुमति दे दी है। अंसल को 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड में दोषी ठहराया गया था, जिसमें 59 लोग मारे गए थे। एवीयूटी की अध्यक्ष नीलिमा कृष्णमूर्ति ने मामले में अभियोजन पक्ष की सहायता के लिए एक आवेदन दायर किया था, जिसमें जांच और आरोपपत्र दाखिल करने में कुछ आपत्तियां उठाई गई थीं। अंसल पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 2019 में पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12 के तहत मामला दर्ज किया था, जो राष्ट्रीयता की जानकारी छिपाकर पासपोर्ट प्राप्त करने से संबंधित है। एफआईआर आईपीसी की धारा 177 (जानबूझकर किसी लोक सेवक को गलत जानकारी देना) और 181 (लोक सेवक या शपथ दिलाने के लिए अधिकृत व्यक्ति को शपथ या प्रतिज्ञान पर झूठा बयान देना), 192 (झूठे साक्ष्य गढ़ना), 197 (झूठा प्रमाण पत्र जारी करना या हस्ताक्षर करना) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत भी दर्ज की गई थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रेया अग्रवाल ने कहा कि जिस एसोसिएशन के कहने पर इस मामले में कानून बनाया गया था, उसे अभियोजन पक्ष की सहायता करने का अधिकार मिलना चाहिए, जिस पर कानून में कोई रोक नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि एवीयूटी को इस मामले में अभियोजन पक्ष की सहायता करने की पूरी स्वतंत्रता है। अभियुक्तों के साथ कोई पक्षपात नहीं किया जाएगा। वकील ने कहा कि यह मामला एवीयूटी की तरफ से दायर एक रिट याचिका में उच्च न्यायालय के आदेश के माध्यम से दर्ज किया गया था। इसलिए एसोसिएशन को भागीदारी का प्रभावी अधिकार दिया जा सकता है। इससे पहले, अपनी 8-पृष्ठ की अंतिम रिपोर्ट में पुलिस ने दावा किया था कि अंसल ने शपथ पत्र पर सरकारी प्राधिकार को गुमराह किया कि उन्हें किसी भी अदालत ने किसी भी आपराधिक कार्यवाही में दोषी नहीं ठहराया गया है। यह मामला उच्च न्यायालय के निर्देश पर कृष्णमूर्ति की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अंसल ने अपने पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए अधिकारियों से जानकारी छिपाई या गलत जानकारी दी। हालांकि, अंतिम रिपोर्ट में कहा गया है कि अंसल ने 14 अगस्त, 2017 को अपना पासपोर्ट जमा कर दिया था। क्योंकि उन्हें पता था कि उनके खिलाफ प्रतिकूल आदेश पारित किए जा सकते हैं।

## संपत्ति के अधिकारों में गृहणियों की भूमिका को मिले मान्यता

दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने परिवार में गृहणियों (होममेकर) की भूमिका को पहचान देने की बात कही है। अदालत ने कहा कि अब समय आ गया है कि गृहिणियों की भूमिका को, जो अक्सर छिपी और कम आंकी जाती है, संपत्ति के स्वामित्व अधिकारों के संदर्भ में मान्यता दी जाए। कोर्ट ने इस बात पर अफसोस जताया कि वर्तमान में ऐसा कोई वैधानिक तंत्र नहीं है जो गृहिणियों के योगदान को मान्यता दे या उनके मूल्य को निर्धारित करे। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ ने 11 सितंबर को एक महिला की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिका में महिला ने पारिवारिक अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी संपत्ति में 50 प्रतिशत स्वामित्व की मांग को खारिज कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि केवल वैवाहिक घर में पत्नी के रहने से उसे पति के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर स्वामित्व का अखंडनीय अधिकार नहीं मिल जाता। खंडपीठ ने कहा, वैवाहिक संबंध केवल एक सामाजिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि एक कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त साझेदारी है, जो विवाह के सार और फल को समेटे हुए है। यह दोनों पति-पत्नी के सामान्य प्रयासों पर आधारित एक संयुक्त उद्यम है, जिसमें वित्तीय, भावनात्मक या घरेलू योगदान परिवार की स्थिरता और कल्याण के लिए अभिन्न हैं। महिला ने तर्क दिया था कि एक गृहिणी के रूप में उनकी भूमिका ने उनके पति को नौकरी करने और परिवार की संपत्तियों के अधिग्रहण में योगदान देने में सक्षम बनाया। इसलिए, विवाह के दौरान हासिल की गई किसी भी संपत्ति को, चाहे वह पति या पत्नी के नाम पर हो, उनके संयुक्त प्रयासों का परिणाम माना जाना चाहिए।

## तालाबों पर अतिक्रमण, यूपी सरकार समेत अन्य को नोटिस जारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गाजियाबाद में तालाबों और जलाशयों पर हो रहे अतिक्रमण के मामले में सख्त रुख अपनाया है। ऐसे में अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को नोटिस जारी किया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेष सदस्य ईश्वर सिंह ने सभी प्रतिवादियों को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, अधिकारियों को बिना वकील के जवाब देने पर वर्चुअल सुनवाई में उपस्थित होने को कहा गया। अगली सुनवाई 7 अक्तूबर को होगी। याचिकाकर्ता सुशील राघव ने शिकायत की थी कि एनजीटी के 17 मार्च, 2021 के आदेश का पालन नहीं हुआ, जिसमें मुख्य सचिव और जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने, नियमित बैठकें करने और प्रगति की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा, लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को भी कहा गया था। राघव का कहना है कि प्रशासन ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए। ऐसे में गाजियाबाद के जिलाधिकारी के अनुसार, जिले के 1075 तालाबों में से 231 पर अभी भी अवैध कब्जा है।

### 50 मामलों में शामिल घोषित बदमाश गिरफ्तार

पूर्वी दिल्ली। मंडावली थाना पुलिस ने 50 आपराधिक मामलों में शामिल एक घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की है। बदमाश की पहचान शकरपुर निवासी पंकज सिंह के रूप में हुई है। वह शकरपुर थाने का घोषित बदमाश है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 10 सितंबर को पुलिस खेल गांव में रात को गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को बाइक पर सवार एक संदिग्ध दिखाई दिया। उसे रुकने का इशारा किया लेकिन वह भागने की कोशिश करने लगा।

## डॉक्टर से 6.69 लाख रुपये की ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण जिले की साइबर थाना पुलिस ने अपोलो अस्पताल के डॉक्टर के साथ ठगी करने वाले साइबर जालसाज जलालुद्दीन उर्फ़ जल्लू (33) को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर ठगी के पैसों से खरीदी गई एक कार, 3 मोबाइल फ़ोन और क्रेडिट कार्ड सेटलमेंट से जुड़ी एक सावधि जमा में जमा 70,000 रुपये ज़ब्त किए गए हैं। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि अपोलो अस्पताल के एक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ से 30 अगस्त को एक शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति ने खुद को सेना छावनी का अधिकारी बताते हुए उनसे संपर्क किया। उसने 25 सैन्य कर्मियों के लिए 1,500 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से चिकित्सा परामर्श का अनुरोध किया। इस पर शिकायतकर्ता ने चार लेन-देन में कुल 6,69,109 रुपये उसे ट्रांसफर कर दिए। उन्होंने 70,525 रुपये अपनी पत्नी के खाते से और 5,98,584 रुपये अपने खाते से भेजे थे। बाद में उन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ। साइबर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर हंसा राम व एसआई उदय सिंह टीम को पता चला कि 6,00,000 रुपये का इस्तेमाल कार के लिए ऋण चुकाने के लिए किया गया है और 70,000 रुपये क्रेडिट कार्ड सेटलमेंट के लिए डायवर्ट किए गए थे। टीम ने डिजिटल फुटप्रिंट्स और कॉल रिकॉर्ड के तकनीकी विश्लेषण से आरोपी को खैरथल अलवर, राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पहले से सात मामले दर्ज हैं।

### हत्या के मामले में नौ साल से फरार आरोपी दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के मामले में 9 साल से फरार एक भगोड़े बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शमशाद आलम (52) के रूप में हुई है। 14 सितंबर 2016 को आरोपी ने गोविंदपुरी इलाके में एक युवक की पीटकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद से वह फरार था। कई बार इसके खिलाफ समन भी जारी किए गए, लेकिन आरोपी कभी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। बाद में अदालत ने इसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 14 सितंबर 2016 को तुगलकाबाद इलाके के जंगल में खून से लथपथ एक युवक की लाश मिली थी। मृतक की शिनाख्त कुशल उर्फ दीपक (23) के रूप में हुई। उसके सिर व शरीर के बाकी हिस्सों पर पत्थर से वार कर उसे मौत के घाट उतारा गया था। छानबीन के बाद पता चला कि वारदात में शमशाद का हाथ है। अपराध शाखा की टीम ने उसकी पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान मंगलवार को टीम ने आरोपी को तुगलकाबाद से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने कुशल की हत्या की बात स्वीकार कर ली। उसने बताया कि रंजिश की वजह से उसने वारदात को अंजाम दिया था।

### बीएसएफ अधिकारी को 10 लाख मुआवजा देने के आदेश

नई दिल्ली। साकेत कोर्ट ने फर्जी पॉश एक्ट के मामले में पीड़ित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अधिकारी को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का फैसला सुनाया है। जिला न्यायाधीश गुंजन गुप्ता ने कहा कि एक सहयोगी की ओर से उन पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के झूठे आरोपों से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा और मानसिक उत्पीड़न हुआ। उनका तीन दशक से अधिक का सेवा रिकॉर्ड बेदाग रहा है। अदालत ने इस सिविल मुकदमे का फैसला आंशिक रूप से अधिकारी के पक्ष में सुनाया। अधिकारी ने 2016 में उनके खिलाफ कई यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज होने के बाद मुआवजे की मांग की थी। न्यायाधीश ने कहा कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न एक गंभीर अपराध है, लेकिन झूठे आरोप भी उतने ही गंभीर हैं, क्योंकि वे किसी व्यक्ति के सम्मान के साथ जीने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि जब ऐसी शिकायतें निराधार पाई जाती हैं तो वे समाज और कार्यस्थल में तेजी से फैलती हैं, जिससे एक आरोपी अधिकारी को कलंक के साथ जीने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वहीं, बीएसएफ की ओर से की गई एक जांच में यह निष्कर्ष निकाला गया कि आरोप प्रथम दृष्टया झूठे और तुच्छ थे।

### सार्वजनिक जगहों पर जुआ खेलने वाले 11 धरे

नई दिल्ली। बाहरी जिला पुलिस ने सार्वजनिक जगहों पर जुआ खेलने वाले 11 सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राज पार्क और सुल्तानपुरी इलाके के अलग-अलग जगहों से आरोपियों को पकड़ा है। इनके कब्जे से नकद और जुए खेलने में इस्तेमाल सामान बरामद हुए हैं। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मंगोलपुरी निवासी दीपक, हर्ष, पवन, रामा विहार निवासी मनोज, अमन विहार निवासी तस्लीम, नसीम, सुल्तानपुरी निवासी राजपाल, दीपक, अरुण, सुनील और प्रवीण के रूप में हुई है।

# 12 वर्षीय बालक की हत्या कर फंदे से लटकाया शव

सुल्तानपुर। यूपी के सुल्तानपुर में 12 वर्षीय किशन की मौत के मामले में शनिवार को परिजनों ने चौकी का घेराव करके हंगामा किया। बच्चे की गला दबाकर हत्या की गई थी, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। मामले में पांच दिन बाद भी पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज करना उचित नहीं समझा। घटना गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सरवन गांव की है। बीते सोमवार की सुबह गांव में सहजराम के घर के अंदर उनके बेटे किशन का शव बल्ली के सहारे रस्सी से लटकता मिला था। सहजराम ने कहा कि बेटे की हत्या की गई है। वह रामरति इंटर कॉलेज में कक्षा 7 में प ?ता था। उसकी मां की पहले ही मौत हो चुकी है। बेटी आशा की शादी हो चुकी है। पत्नी की मौत के बाद सहजराम ने नीतू से दूसरी शादी कर ली थी। उसको पहले से एक बेटी है। इसके बाद नीतू को कोई औलाद नहीं हुई। 27 अगस्त को नीतू अपनी बेटी के यहां चली गई थी। पिता सहजराम पड़ोसी गांव महमूदपुर में एक गौशाला का रखरखाव करता था। किशन भी यहीं पिता के साथ रहता था। सोमवार की सुबह किशन स्कूल जाने के लिए निकला था। उसने पिता से कहा कि घर पर मट्ठा रखा है, चावल खाकर मैं स्कूल चला जाऊंगा। यह कहकर वह 6 बजे निकला। 8:30 बजे सहजराम घर पहुंचा तो किशन रस्सी के सहारे बांस में लटका मिला। नीचे चारपाई पर ईंट रखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई। मंगलवार को बहन, सौतेली बहन व सौतेली मां के आने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद पुलिस ने सहजराम, नीतू, उसकी बेटी पारो और उसके पति व बहन आशा से एक-एक करके पूछताछ की। सहजराम ने प ?ौसियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने उनसे भी पूछताछ करके जानकारी ली। लेकिन,नतीजा सिफर रहा। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। किशन के गले पर एज मिला है। ऐसे में कहा जा रहा है कि उसे मारकर लटकाया गया है। पांच दिन बाद भी कार्रवाई न होने से आक्रोशित घरवालों ने शनिवार को द्वारिकागंज चौकी का घेराव करके प्रदर्शन किया। बहन आशा देवी ने कहा कि हमको इंसाफ चाहिए। पुलिस पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाया। थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि जांच चल रही है। साक्ष्य के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### वारदात में इस्तेमाल वाहन के साथ झपटमार पकड़े

पूर्वी दिल्ली। न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल वाहन के साथ दो झपटमारों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक बाइक और लूट के दो मोबाइल फोन बरामद किए है। बदमाशों की पहचान त्रिलोकपुरी निवासी विकास उर्फ पाव और गुलशन के रूप में हुई है। उन पर पहले से ही 39 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया के मुताबिक, 7 सितंबर को मोबाइल लूट की शिकायत मिली थी। पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी और मुखबीर के मदद से पुलिस ने उन्हें से गिरफ्तार कर लिया।


**नाम परिवर्तन**

मैं, सुमन गुप्ता पत्नी सतीश कुमार निवासी वार्ड नं.7, कनीना, जिला-महेन्द्रग ? ने शादी के बाद अपना नाम सुमन लता से बदलकर सुमन गुप्ता रख लिया है। सुमन लता और सुमन गुप्ता दोनों मेरे ही नाम है।

**NAME CHANGE**

I MOHAMMAD RAEES S/O MOHAMMAD SAEED R/O H NO-2114 AHATA KALE SAHIB GALI QASIM JAN BALLIMARAN DELHI-110006, have changed my name to MOHD RAEES for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, KRISHNA D/O BRIJPAL SINGH EX W/O KULDEEP SINGH R/O- H NO 249, SEC-2, CHIRANJEEV VIHAR, GHAZIABAD 201002.DECLARE THAT I GOT DIVORCE FROM MY HUSBAND KULDEEP SINGH VIDE COURT DECREE NO.910/2023 CASE NO. 2647/2024 REGISTRATION NO.2708/2024 CNR NO. UPGZ02004891/2024 DATED 03.04.2025. FURTHER I REMARRIED WITH VIKASH MALIK S/O MAHIPAL SINGH RESIDING AT GOYLA GOELA DISTT. MUZAFFARNAGAR 251318. VIDE MARRIAGE CERTIFICATE NO202513703403 DATED 11.07.2025.FURTHER I HAVE CHANGED THE NAME OF MY MINOR SON NAMELY PARTH SIDDHU AGED 17 YEARS AND WE SHALL HEREAFTER BE KNOWN AS PARTH MALIK AND KRISHANA MALIK RESPCTIVELY HENCE FORTH I ALSO DECLARE THAT THE NAME OF THE FATHER MY MINOR SON MAY BE KNOWS AS VIKASH MALIK IN FUTURE FOR ALL PURPOSES. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection. KRISHANA

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, DINESH S/o SODAN SINGH, R/o RZ-209, Phase-2, Jai Vihar, Najafgarh, Dist. South West Delhi, Delhi-110043, declare that name of my wife has been wrongly written as CHANCHAWATI in my minor daughter namely KRISHNA aged 15 years in her School Records. The actual name of my wife is CHANDA DEVI, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

My clients (1) RAM PRAKASH PAHWA S/O HARI CHAND PAHWA AND (2) ALKA PAHWA W/O RAM PRAKASH PAHWA BOTH R/O 1420 AND 1422 GALI No.41, DDA FLATS MADANGIR, NEW DELHI-110062 have previously published a public notice in the daily Newspapers i.e. "THE SIKH TIMES' AND QUAMI PATRIKA on dated 18th February 2021 stating that they have disowned their VAIBHAV PAHWA, his wife ADITI GARG and his Daughter URVI PAHWA and that we are not responsible for their acts. My clients hereby revoke and cancel the aforementioned public notice and withdraw all the statements made therein and ADITI GARG and her Daughter URVI PAHWA shall have no right, title or interest in all moveable and immoveable properties of my clients. the marriage between the VAIBHAV PAHWA and ADITI GARG was dissolved by a Decree of divorce of Mutual Consent U/s 13 B (2) on dated 17/05/2023 Now the son (VAIBHAV PAHWA) of my clients is under the control of my clients' and my clients' relationship with their son VAIBHAV PAHWA has been restored, and he will henceforth be treated as their legal heir, like other legal heirs for all purposes.

**TUSHAR SINHA Advocate**
Chamber No.466, Lawyer's Block, Saket District Court, Saket, New Delhi-110017

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Kritika Allahabadi W/O Viibhor Allahabadi R/O House No 107, 2nd Floor, Right Portion, Pocket 5A, Sector-25, Rohini, Rohini Sector-7, North West Delhi, Delhi, 110085, have changed my name and shall hereafter be known as KRRITIKA ALLAHABADI.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I AKHIL SINGH S/O CHHIDDI SINGH R/O A -181 , Ground Floor , Hari Nagar , PO: Maya Puri , Dist: South West Delhi, Delhi - 110064 declare that name of mine and my wife have been wrongly written as AKHIL CHAHAR and PREETI CHAHAR in my minor daughter namely KASHISH CHAHAR aged 15 years in her School Record. The actual name of mine and my wife are AKHIL SINGH and PRITI DEVI respectively , which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I Urmila Devi Alias Urmila Kumari, W/o Prashant Kumar, D/o Upendra Singh, R/o H.NO. C- 139, Saurabh Vihar, Jaitpur, South Delhi, Delhi - 110044 have changed my name and shall hereafter be known as Urmila Devi

**NAME CHANGE**

I, BABY LATA SINDHU D/o Krishan Lal Sindhu R/o Ward No.01, Near Ambedkar Bhavan Sampal (128) Rohtak-124113, Haryana, have changed my name to LATA permanently

**NAME CHANGE**

I PARAMJEET KAUR ALAG D/O MANJEET SINGH ALAG R/O H.NO 20 B/66 B TILAK NAGAR DELHI -110018 ,I have changed my name to PARAMJEET KAUR Permanently

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I,Upender Prasad Mamgain S/O Kulanand R/O- 21 Third floor, Malikpur Village, Model Town -1,Dr. Muhkerjee Nagar, North West Delhi, Delhi -110009, declare that name of mine, My Minor Son and my wife have been Wrongly Written as Upender, Rajneesh and Anusuya in my minor Son's namely Rajneesh Mamgain aged 17 years in his 10th educational documents. The actual name of mine, my minor Son and my wife are Upender Prasad Mamgain, Rajneesh Mamgain and Anusuya Devi

**NAME CHANGE**

I, AYUSH, S/O SANJEEV SINGH, R/O 222, MALI KHEDA, SAINI KHEDA , GURGAON, HARYANA-122001, HAVE CHANGED MY NAME TO AYUSH SINGH FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SANTOSH KUMAR DUBEY S/o HINCHHLAL DUBEY R/o Room No. 11, Patelpada, Near Krishana Company, Silvassa, Dadra and Nagar Haveli-396230 declare that name of mine and my minor son has been wrongly written as SANTOSH KUMAR AND DUBEY NIKHIL KUMAR in my minor son namely NIKHIL KUMAR DUBEY, aged 15 years in his school records. The actual name of mine and my son are SANTOSH KUMAR DUBEY and NIKHIL KUMAR DUBEY respectively, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT MR. HARENDER SINGH MAWARI SON OF MR. LAL SINGH MAWARI R/O H.NO. B-212, INDRA VIHAR-A, GHAZIABAD, U.P. 201001 HAVING OWNERSHIP AND IN POSSESSION OF PLOT NO. 41-B, OLD HOUSE NO.C-2/13, NEW NO.46, AREA MEASURING 25 SQ. YDS., OUT OF KHASRA NO.32, SITUATED AT NEW AJANTA PARK, KHODA COLONY, PARGANA LONI, TEHSIL & DISTT. GHAZIABAD, U. P. (SAID PROPERTY) AND ACQUIRED THE SAME VIDE NOTARIZED GPA, ATS & WILL DT. 31.07.2025 EXECUTED BY MR. ANIRUDHA SINGH AND MRS. SUSHEELA SINGH AND NOW SAID MR. HARENDER SINGH MAWARI WITH CONSENT OF MR. ANIRUDHA SINGH AND MRS. SUSHILA SINGH INTENDS TO SELL THE SAID PROPERTY TO MRS. MEENU JHA, W/O MR. RAJESH JHA, R/O 27-D, POCKET-B-6, MAYUR VIHAR, PHASE-3, DELHI-110096. AND THE SAID PROPERTY WILL BE MORTGAGED WITH TRU HOME FINANCE LIMITED AS SECURITY AGAINST HOUSING LOAN FOR PURCHASING OF SAID PROPERTY BY MRS. MEENU JHA. PLEASE CONTACT WITH WRITTEN OBJECTION LETTER AND RELEVANT DOCUMENTS TO UNDERSIGNED IF ANYONE HAS AN OBJECTION IN RESPECT OF THE SAID PROPERTY WITHIN 10 DAYS OF THIS PUBLICATION

**ADITYA VERMA, ADVOCATE**
E-16, 1ST & 2ND FLOOR, E-BLOCK, MANSAROVAR PARK, SHAHDARA, DELHI-110032. MOBILE NO. 9999042521 / 9958996685.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SANTOSH KUMAR DUBEY s/o HINCHHLAL DUBEY r/o Room No. 11, Patelpada, Near Krishana Company, Silvassa, Dadra and Nagar Haveli-396230 declare that name of mine and my minor son has been wrongly written as SANTOSH AND DUBEY NITINKUMAR in my minor son namely NITIN KUMAR DUBEY, aged 17 years in his 10th Certificate No. E124/34951/0049 and name of mine and my minor son has been wrongly written as SANTOSH AND DUBEY NITINKUMAR in his school records. The actual name of mine and my son are SANTOSH KUMAR DUBEY and NITIN KUMAR DUBEY respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I,Sachin Dheeman S/o Rakesh Dheeman R/o A-1014, Ground Floor, A- Block, Gd Colony, Mayur Vihar Phase-3, Delhi-110096, have changed my name to Sachin Dhiman For all future purposes

**NAME CHANGE**

I YOGESH KUMAR S/O KUNDAN LAL MALIK R/O H.NO 2A/80 , 3 RD FLOOR RAMESH NAGAR NEW DELHI - 110015, I have changed my name to YOGESH MALIK Permanently

**NAME CHANGE**

I,salim Jafar s/0 Jafar Ali add.k-50 Block k . Batla house South east delhi 110025 changed my name to mohd salim jafar

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as CHANDRA PRAKASH ARORA S/O late RAM GOPAL R/O 111, TOP FLOOR, STATE BANK NAGAR, PASCHIM VIHAR, WEST DELHI-110063 have changed my name and shall hereafter be known as CHANDER PRAKASH ARORA. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection.

**PUBLIC NOTICE**

I Vedpal Singh, S/o sh. Randhr singh, R/o Plot no. 62A, Roshan Garden, MS Block, Najafgarh, New Delhi-110043 Debarred son Naveen Sehrawat along with his Wife Neetu from all movable and Immovable properties

**DATE OF BIRTH CHANGE**

I, NO-14664687K Rank-HAV Name-DHARMENDRA KUMAR SINGH residing at VILL-CHIRAIYADIH, PO-BENSAGAR, TEHSIL-BIKRAMGANJ, DIST-ROHTAS, BIHAR-802220, in my service records my father's (RAM LAKSHMAN SINGH) date of birth wrongly mentioned as 01/07/1955 instead of his correct date of birth as 18/04/1949 vide affidavit dated 23/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as OMWATI DEVI D/o CHANDER PAL SINGH, and W/o RAKESH SINGH, R/o H.No. 306, Gali No. 5, Kali Mandir, Swaroop Nagar, PO: Samai Pur, Dist: North West Delhi, Delhi-110042, have changed my name and shall hereafter be known as ASHOK, for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

The general public is hereby informed my clients SHAMINA KHATOON W/O ANWAR KHAN, R/O L-I, 2073/82, GALI NO 8, ASTHAL MANDIR, SANGAM VIHAR, NEW DELHI 110062, and ANWAR KHAN S/O ABDUL HAMID R/O FLAT NO 204 B-WING, SINGH IKON KOHOJ-KHUNTAVALI, AMBARNATH (WEST) AMBARNATH, PO: NETAJI BAZAR, DIST: THANE, MAHARASHTA 421505, has debarred/disowned their Son SALMAN SAIFI and Daughter-in-law SHAHNAZ BEGUM, from all their moveable and immoveable properties due to their misbehavior and disobedient attitude towards our clients. Now my clients have no relation / connection with them, in future, my clients shall not be responsible for their acts, deeds, things etc. if in future anybody dealing with them shall do so at his/her own risk and responsibility and my clients shall not be held liable for the same.

**NANCY KUMAR ADVOCATE**
CH. NO 354, LAWYER'S BLOCK, SAKET COURT COMPLEX, SAKET, NEW DELHI-110017



**कौमी पत्रिका**

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

E - mail address : qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## हरियाणा में यूजी व पीजी कक्षाओं के लिए फिर से शुरू हुए दाखिले

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी व एडेड कॉलेजों में यूपी तथा पीजी कक्षाओं में हजारों सीटें खाली होने के चलते सरकार ने एक बार फिर से दाखिलों के लिए आवेदन मांग लिए हैं। राज्य के उच्चतर शिक्षा विभाग ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी करते हुए बुधवार से पोर्टल खोल दिया है। उच्च शिक्षा विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर ने सभी सरकारी, एडेड और प्राइवेट कॉलेजों के प्रिंसिपल को इस बारे में पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि स्टूडेंट्स और कॉलेजों की रिक्वेस्ट के बाद एडमिशन पोर्टल को फिर से खोला गया है, ताकि जो स्टूडेंट्स पिछली बार अप्लाई नहीं कर पाए थे, वे एडमिशन ले सकें।ग्रेजुएशन में एडमिशन के लिए हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने 19 मई से 16 जून तक पोर्टल खोला था। इसके बाद जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन अप्लाई किया था, उनको नंबरों के हिसाब से एडमिशन मिला। ग्रेजुएशन में एडमिशन के लिए तीन बार काउंसलिंग हुई। इस दौरान खाली सीटों के हिसाब से मेरिट लिस्ट निकाली गई और जिन स्टूडेंट्स का नाम आया, उनको फीस जमा करके एडमिशन लेने का टाइम दिया गया। लेकिन फिर भी जो सीटें बच गईं, उन पर एडमिशन के लिए पोर्टल को दोबारा खोला गया है। पोस्ट ग्रेजुएशन में एडमिशन के लिए हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने 16 जुलाई से 28 जुलाई तक ऑनलाइन अप्लाई करने के लिए पोर्टल खोला था।

## पंचकूला के नाडा साहिब गुरुद्वारा में होगी आईपीएस पूरन कुमार की अंतिम अरदास

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में बीती सात अक्टूबर को आत्महत्या करने वाले हरियाणा के पूर्व आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की शोक सभा व अंतिम अरदास तय हो गई है। 51 सदस्यों की समिति ने इस संबंध में कार्यक्रम जारी करते हुए ऐलान किया कि 26 अक्टूबर को नाडा साहब गुरुद्वारा में इस शोक सभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर परिवार ने भी अपनी सहमति दे दी है। पहले शनिवार को 51 सदस्यीय कमेटी ने इस मुद्दे पर एक मीटिंग की थी, लेकिन परिवार की सहमति नहीं मिलने के कारण कोई डेट फाइनल नहीं हो पाई थी। रोहतक में सुनारिया स्थित पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में तैनात आईपीएस वाई पूरन कुमार ने 7 अक्टूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपने आवास पर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया था। उन्होंने 8 पेज का सुसाइड नोट और एक पेज की वसीयत छोड़ी है। सुसाइड नोट में उन्होंने हरियाणा के तत्कालीन डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया समेत 15 मौजूदा व पूर्व अधिकारियों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। पूरन कुमार के अंतिम संस्कार से पहले चंडीगढ़ के सेक्टर-20 स्थित रविदास मंदिर में हुई मीटिंग में तय किया गया कि शोकसभा का आयोजन भव्य किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से करीब 15 हजार लोगों को निमंत्रण भेजा जाएगा। कमेटी के लीगल एडवाइजर ओपी इंदल ने बताया कि हरियाणा के सभी आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को बुलाया जाएगा।

## महिला ट्रेनरों को रखें जिम संचालक : रेनु भाटिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष ने प्रदेश में चल रहे जिम के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने जिम में महिला ट्रेनरों को तैनात करें। पुरुषों तथा महिलाओं के लिए अलग- अलग ब्लाक में ट्रेनर तैनात किए जाएं। महिला आयोग की अध्यक्ष रेनु भाटिया ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिम में महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से यह फैसला लिया गया है। हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आयोग लगातार काम कर रहा है। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला आयोग ने सभी जिम संचालकों को महिला जिम ट्रेनर रखने के निर्देश देने का फैसला लिया है। आयोग महिला जिम ट्रेनर रखने के लिए जिम संचालकों को टाइम पीरियड देगा, उस दौरान उन्हें यह पहल शुरू करनी होगी। अगर कोई आदेश नहीं मानता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला जैसे बड़े शहरों की जिम, जहां पर महिलाएं और युवतियां जाती हैं। वहां के जिम संचालकों पर विशेष फोकस किया जाएगा। रेनु भाटिया ने कहा कि वह खुद भी जल्द ही प्रदेश के अलग-अलग शहरों की जिम का निरीक्षण करेंगी। उनका यह फैसला यूपी महिला आयोग से प्रेरित होकर लिया गया है। महिला सुरक्षा की दृष्टि से बेहद जरूरी कदम है।

## भाजपा सरकार में हो रहा है सामाजिक न्याय : रामचंद्र जांगड़ा

**जींद।** जुलाना के हांसी मार्ग पर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत हवन के साथ की गई। हवन में गणमान्य लोगों ने आहूति डाली। मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा का जो विराट स्वरूप है, उसको और ज्यादा विराट करें। हरियाणा में बहुत से हुक्मरान रहे। चौटाला का राज आया तो चौधरी देवीलाल पार्क, देवी लाल यूनिवर्सिटी, देवी लाल स्कूल, देवीलाल चौराहा बनाया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा का दांव लगा तो जींद में रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी, रोहतक में रणबीर सिंह ओपीडी, रणबीर सिंह पार्क सब कुछ अपने बाप दादाओं के नाम कर दिया लेकिन पहली बार जब मनोहर लाल आए तो पहली यूनिवर्सिटी बनी।

# भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम शिल्पकार : रामकुमार गौतम

**एजेंसी**

**जींद।** पिल्लूखेड़ा की पांचाल धर्मशाला में भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलन से हुई। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि के प्रथम शिल्पकार एवं दिव्य वास्तुकार के रूप में जाना जाता है। जिन्होंने ब्रह्मांड की रचना में अपना अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने मानव सभ्यता को सृजन,कौशल और परिश्रम की दिशा में प्रेरित किया।

समाज के लोगों को चाहिए कि वह भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों का अनुसरण करते हुए कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे




बढ़ें। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा लड़े गए विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संघर्षों में भी पिछड़े वर्गों का विशेष सहयोग रहा है। विधायक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के लोगों के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। जिनका उद्देश्य समाज के इस वर्ग को मुख्यधारा से जोडना और आत्मनिर्भर बनाना है।हरियाणा पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए रियायती दरों पर ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत लाभार्थी छोटे व्यवसाय, दुकान, डेयरी, पशुपालन, सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, मोबाइल रिपेयरिंग, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिशियन आदि कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त रूरल सेल्फ इंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। जिनमें प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाता है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप योजना के तहत उच्च स्तर की पढ़ाई करने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के नागरिकों को हर क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करना है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भगवान श्री विश्वकर्मा दिवस पर की पूजा-अर्चना

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज भगवान विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर अपने निवास स्थान ' संत कबीर कुटीर' पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित उनको नमन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली भी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री सैनी ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, परिश्रम और कौशल के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज को शिल्प, निर्माण और निपुणता के माध्यम से प्रगति का मार्ग दिखाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिल्पकार बंधुओं के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ की गई 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' पारंपरिक शिल्पकारों और हस्तशिल्पियों के कौशल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी भावना




को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार ने भी राज्य में कई ऐसी योजनाएं लागू की हैं, जिनसे कारीगरों, तकनीशियनों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और आधुनिक उपकरणों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी नागरिकों को गोवर्धन पूजा और भाई दूज के पावन पर्वों की भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## छठ पूजा के लिए हरियाणा सरकार का बड़ा कदम, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शुरू की एसी बसें

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि छठ पूजा के पावन अवसर पर बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष एसी बस सेवा शुरू की गई है।मीडिया से बातचीत करते हुए अनिल विज ने कहा कि हमें बिहार सरकार से एक पत्र मिला है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि हरियाणा में रहने वाले बिहार के बड़ी संख्या में कामकाजी लोग छठ पूजा के लिए अपने गृह राज्य जाना चाहते हैं। इस मांग को ध्यान में रखते हुए, बिहार के लिए विशेष बसें चलाने का निर्णय लिया गया और यह सेवा अब शुरू हो गई है। परिवहन मंत्री ने कहा कि क्योंकि हरियाणा से बिहार का रास्ता लंबा है, इसलिए यात्रियों को पूरी सुविधाओं के साथ आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए एसी बसों की व्यवस्था की गई है। हमारा उद्देश्य है कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित, समय पर और आनंदपूर्वक यात्रा करके अपने परिवार के साथ छठ पूजा मना सकें।

परिवहन मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार निवासियों की हर जरूरत को समझती है और जनहित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वे



मजदूर हों, व्यापारी हों या छात्र, हम सभी को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बिहार के बेगूसराय, पूर्णिया, मधुबनी, पटना और गया के लिए विशेष बस सेवाएं संचालित की जा रही हैं। यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कुल 14 बसें बारी-बारी से चल रही हैं। ये बस सेवाएं बिहार राज्य परिवहन निगम द्वारा निजी ऑपरेटरों के साथ अनुबंध के माध्यम से संचालित की जा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि ये बसें इस प्रकार प्रस्थान करेंगी:

अंबाला से पूर्णिया के लिए शाम 4:00 बजे और 4:30 बजे, और अंबाला से मधुबनी के लिए शाम 5:00 बजे।

पानीपत से मधुबनी के लिए दोपहर 12:00 बजे, दोपहर 3:00 बजे और शाम 5:00 बजे।

गुरुग्राम के राजीव चौक से बेगूसराय के लिए शाम 5:00 बजे

गुरुग्राम से पटना के लिए शाम 6:00 बजे और गुरुग्राम से गया के लिए शाम 7:00 बजे

## जापान में गीता के शाश्वत संदेश का प्रसार : हरियाणा सरकार ने भेंट की 100 प्रतियां

**एजेंसी**

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में जापान के ओसाका स्थित भारतीय दूतावास के काउंसलेट जनरल ऑफ़ इंडिया चंद्रू अप्पार को श्रीमद्भागवत गीता (जापानी संस्करण) की 100 प्रतियाँ भेंट की गई। ओसाका विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर विकास पांडे तथा वर्तमान में टोक्यो में रह रही कुरुक्षेत्र की मूल निवासी निकिता ने इन प्रतियों को औपचारिक रूप से भेंट किया।

इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग की संयुक्त निदेशक हीना बिंदलिश, विदेश सहयोग विभाग में मुख्यमंत्री के सलाहकार पवन चौधरी, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल एवं एचएसआईआईडीसी के महाप्रबंधक संजय गर्ग भी जुड़े। इस कार्यक्रम में जापान सहित अन्य देशों में गीता के शाश्वत संदेश के प्रसार पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सीजीआई ओसाका अप्पार ने



जापानी छात्रों के लिए ऑनलाइन गीता शिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। गौरतलब है कि कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 15 नवंबर से 5 दिसंबर, 2025 तक मनाया जाएगा, इस दौरान 51 देशों में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। हरियाणा प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर सीजीआई, ओसाका से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव तथा आगामी सूरजकुंड मेले में जापानी प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया।

# पुलिस थानों व एसपी दफ्तरों में बनेंगे कांफ्रेस रूम

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को पब्लिक डीलिंग का पाठ पढ़ाया है। जिससे उनकी कार्यप्रणाली में सुधार हो सकता है। पुलिस महानिदेशक ने राज्य के सभी थाना प्रभारियों, डीएसपी, एसपी, आईजी तथा पुलिस आयुक्तों को पत्र जारी करके कहा है कि आप ये समझें कि सरकारी दफ्तर लोगों के पैसे से बना है। ये उनकी सहायता और उनके समस्या के समाधान के लिए है।उन्होंने कहा कि पब्लिक डीलिंग एक फाइन आर्ट है। इसका संबंध आपके ऑफिस डिज़ाइन, सॉफ्ट-स्किल और प्रबंधन क्षमता से है। सबसे पहले अपने ऑफिस के टेबल का साइज छोटा करें। अपनी और विजिटर्स की कुर्सी एक जैसी करें। अपनी कुर्सी पर तौलिए के इस्तेमाल कतई ना करें। इसका कोई तुक़ नहीं है।

डीजीपी ने अपनी चिट्ठी में लिखा है, अगर आपके ऑफिस में कोई कांफ्रेंस हॉल है तो विजिटर्स को वहीं बैठायें। अगर नहीं है तो अपने ऑफिस के एक बड़े साइज के कमरे को विजिटर्स रूम बनायें। वहाँ प्रेमचंद, दिनकर, रेणु जैसे साहित्यकारों की किताबें रखें। एक आदमी लगायें जो रिसीव करने और उन्हें विजिटर्स रूम तक पहुंचने में सहायता करने के स्वयंसेवा के काम में लगायें। परेशान लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा, बच्चों को सॉफ्ट स्किल और संवेदनशीलता

**पुलिस महानिदेशक जारी किए निर्देश -कार्यालय प्रभारी के मेज का साइज होगा छोटा-डीएसपी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्रों का लें सहयोग**

उन्हें चाय-पानी पूछे, सर्व करे। एक व्यवहार-कुशल पुलिसकर्मी लगायें जो उनसे उनके आने के प्रयोजन और समस्या के बारे में अनौपचारिक बात कर उनको कम्फर्टेबल करे।

लोगों को गेट से विजिटर्स रूम तक पहुंचने के लिए मेट्रो रेल स्टेशन के प्रोटोकॉल को अपनायें फुट स्टेप्स, साइनेज जो लोगों को सीधा विजिटर्स रूम ले जाएं। डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल के इच्छुक छात्रों को स्टीवर्ड की ट्रेनिंग दें। उन्हें विजिटर्स को गेट पर की ट्रेनिंग मिलेगी। अगर कांफ्रेंस हॉल है तो लोगों से वहीं मिलें। जिनकी बारी हो उन्हें पास की कुर्सी पर बिठाएं। जब लोग अपनी बात रख रहे हों तो मोबाइल फ़ोन दूर रखें, एक्टिवली सुनें। समस्या ठीक से फ्रेम करने में उनकी मदद करें। जिस पुलिसकर्मी को इनका काम करना है उनको इनका मोबाइल नंबर नोट करा दें। उन्हें कहें कि वे कंप्लेनेंट से संपर्क कर लें। डीजीपी ने एक सप्ताह के अंदर तीन में से एक कार्रवाई कर दें। पहला अगर मुकदमा बनता है तो दर्ज कर दें। दूसरा शिकायत सिविल नेचर का हो थाने के कंप्यूटर से ही सीएम विंडो में दर्ज करा दें। हो सके तो संबंधित अधिकारी को फ़ोन भी कर दें। तीन, अगर शिकायत झूठी हो रोजनामचे में रपट दर्ज कर उनकी एक कॉपी चेतावनी के तौर कंप्लेनेंट को दे दें। अगर झूठी शिकायत का आदि हो तो मुक़दमा दर्ज कर कार्रवाई करें। हर हाल में बहसबाजी से बचें।

पुलिस महानिदेशक ने लिखा है कि जो पुलिसकर्मी ऐसा ना करे, उनकी पेशी लें, कारण जानें। प्रेरित-प्रशिक्षित करें। अगर ढिलाई दिखे तो चेतावनी दें। और अगर पब्लिक डीलिंग की अक्ल ही नहीं है तो उन्हें थाना-चौकी से दूर कर कोई और काम दें। बढ़ई को हलवाई का काम देने में कोई बुद्धिमानी नहीं है। याद रखें पुलिस एक बल है और सेवा भी। आप एक तार हैं जिसमें बिजली का करंट दौड़ रहा है। लोगों को आपसे कनेक्शन चाहिए, रोशनी चाहिए। झटका बेशक दें लेकिन ये उसे दें जो लोगों का खून चूसते हैं।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अपने गांव मिर्जापुर माजरा में हुआ भव्य स्वागत

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सांय अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचे। उनके गांव आगमन पर प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों ने फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।मुख्यमंत्री ने गांववासियों व अन्य लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व खुशियों और प्रकाश का प्रतीक है, यह हमें एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने सभी को दीपावली, भगवान विश्वकर्मा दिवस



तथा भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्यार व आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी माता श्रीमती कुलवंत कौर एवं ताऊ तेजा राम सैनी से भी आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने परिजनों के साथ घर पर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, नंबरदार सुरेश पाल सैनी, ग्रामवासी तथा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सृष्टि के प्रथम शिल्पकार और वास्तुकार थे भगवान विश्वकर्मा : रणबीर गंगवा

**एजेंसी**

**हिसार।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक कार्यकम आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। रणबीर गंगवा ने भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए कहा कि यह दिन उन महान देवता को समर्पित है, जिन्हें सृष्टि का प्रथम इंजीनियर, शिल्पकार और वास्तुकार माना जाता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने स्वर्गलोक, पुष्पक विमान, द्वारिका नगरी, इंद्रप्रस्थ और अनेक दिव्य अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती का विशेष महत्व मजदूरों, कारीगरों, इंजीनियरों और उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए है। इस दिन कारखानों, मशीनों, औजारों और औद्योगिक इकाइयों की पूजा की जाती है, ताकि काम में प्रगति और समृद्धि बनी रहे।यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि श्रम ही पूजा है। हर काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि हमारी लगन



और निष्ठा ही उसे महान बनाती है। भगवान विश्वकर्मा हमें सिखाते हैं कि ज्ञान और तकनीक का उपयोग समाज की भलाई और मानवता की प्रगति के लिए होना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कौशल विकास और उद्यमिता, यह दोनों बेहद महत्वपूर्ण विषय है। आज की तेज़-तर्रार और कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली दुनिया में, छात्रों के लिए कौशल विकास का सबसे अधिक महत्व है। केवल पारंपरिक शैक्षणिक ज्ञान पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। सफलता और एक संतुष्ट जीवन जीने के लिए छात्रों को विविध कौशल हासिल करने होंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष अजय कांत जांगड़ा, प्रदेश अध्यक्ष उदय सिंह जांगड़ा, प्रधान रामधन चानी, वेदप्रकाश, अमीलाल जांगड़ा, मनोहर लाल, इंद्र सिंह, दयानंद, रोशन लाल, सत्यवान, दिलीप सिंह, बंसी लाल, रामेश्वर, ओम प्रकाश, जगदीश, अभिषेक शर्मा तथा सुरेश सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सबको साथ लेकर चलती है कांग्रेस : बृजेंद्र सिंह

**एजेंसी**

**जींद।** सद्भाव का संदेश लेकर पूरे प्रदेश में पद यात्रा पर निकले कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह अपने गृह क्षेत्र उचाना हलके में पहुंचे। थुआ गांव से पद यात्रा शुरू हुई। यहां पर ग्रामीणों, युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने यात्रा का स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह



ने कहा कि प्रदेश का मतदाता भाजपा को सत्ता से बाहर कर कांग्रेस को राज सौंपना चाहता था। भाजपा दो चीजों की वजह से सत्ता में आई। भाजपा का एजेंडा था, भाईचारे में दरार डाल कर उसको तोड़ने का। इसमें वह कामयाब इसलिए हुए क्योंकि कांग्रेस का संगठन नहीं था। संगठन नहीं होने की वजह से जमीनी स्तर पर मुकाबला होना चाहिए था, वह नहीं हो सका। भाजपा का एजेंडा भाईचारा खराब करने का रहा है। प्रदेश में कांग्रेस का संगठन नहीं बनना कांग्रेस की हार का कारण रहा। उन्होंने कहा यात्रा का हमारा उद्देश्य यह है कि समाज में दरार न पड़े। हम सद्भाव का संदेश लेकर पूरे प्रदेश में जाएंगे।

## पलवल को साफ-स्वच्छ और सुंदर बनाना सबकी नैतिक जिम्मेदारी: गौरव गौतम

**एजेंसी**

**पलवल।** हरियाणा सरकार में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, कानून विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने भव्य और दिव्य पलवल के साथ-साथ स्वच्छ पलवल-सुंदर पलवल की परिकल्पना को साकार करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए पलवल शहर के आगरा चौक पर एक करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से किए जाने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस राशि से आगरा चौक पर विभिन्न प्रकार के सौंदर्यीकरण कार्य करवाए जाएंगे। आने वाले समय में पलवल लोगों के लिए मिसाल बनेगा।खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य पलवल को साफ और स्वच्छ बनाकर देशभर में नंबर वन बनाना है, इसके लिए सरकार व जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलवल को भव्य और दिव्य के साथ-साथ साफ और सुंदर बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि पलवल के सुंदरीकरण के तहत शहर की सफाई, रोशनी और कलाकृति के माध्यम से सुंदरता बढ़ाई जा रही है। नगर परिषद की ओर से मुख्य बाजारों, चौराहों राजमार्ग के फ्लाईओवर पर और सार्वजनिक दीवारों पर आकर्षक म्यूरल आर्ट और भित्ति चित्र बनाए जा रहे हैं। शहर के मुख्य द्वारों पर भव्य द्वार बनाने की योजना है। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष



और सार्वजनिक स्थानों को तिरंगा और रंगीन एलईडी लाइटों से सजाया जा रहा है। इसके अलावा, बड़े शहरों की तर्ज पर फ्लाईओवर और दीवारों पर म्यूरल आर्ट और भव्य द्वार बनाए जा रहे हैं। शहर को स्वच्छ और रोशन बनाने के लिए नियमित सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय डॉ. यशपाल, डीएमसी मनीषा शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैसला, पंकज विरमानी सहित कार्यकारी अधिकारी संजय, कार्यकारी अभियंता नगर परिषद मनोज, पालिका अभियंता विनोद, कनिष्ठ अभियंता कौशल व अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

## पानीपत में वायु गुणवत्ता खराब स्तर पर , प्रदूषण नियंत्रण को प्रशासन अलर्ट: जिला उपायुक्त

**एजेंसी**

**पानीपत।** एनसीआर के अंतर्गत आने वाले जिला पानीपत में वायु गुणवत्ता खराब होने पर पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-टू को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जिला उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला पानीपत भी एनसीआर क्षेत्र में शामिल है, अतः ग्रैप-स्टेज टू की पाबंदियां की जिले में प्रभावी ढंग से पालना सुनिश्चित करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से ग्रैप स्टेज-टू और टू के तहत जारी नागरिक चार्टर का पालन करने की अपील की गई है। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग की सब-कमेटी ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और आईआईएम के पूर्वानुमानों तथा दिल्ली के प्रदूषण स्तर की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया है। पूर्वानुमानों के अनुसार आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में और गिरावट की संभावना है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर आयोग द्वारा ग्रेप टू की पाबंदियां लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे पहले 14 अक्टूबर को स्टेज-वन लागू किया गया था। अब स्टेज-टू के तहत अतिरिक्त कदम भी उठाए जाएंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रैप के स्टेज- वन और टू के तहत निर्धारित पाबंदियां लागू की जाएंगी। निर्माण एवं ध्वंस गतिविधियों पर निगरानी और धूल नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू किया जाएगा। सड़क की सफाई और पानी का छिड़काव बढ़ाया जाएगा। कोयला, लकड़ी और अन्य ठोस ईंधनों के उपयोग पर निगरानी रखी जाएगी। कचरा जलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जाएगा और निजी वाहनों के उपयोग को कम करने की अपील की जाएगी।

## पारेषण सुधारों से 200 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का होगा विकास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिजली पारेषण व्यवस्था के मोर्चे पर सुधार की 2.4 लाख करोड़ रुपये की योजना के माध्यम से सरकार देश में पांच लाख मेगावाट बिजली के लिए मजबूत पारेषण नेटवर्क की कल्पना कर रही है। पारेषण प्रणाली में सुधार के जरिये नवीकरणीय ऊर्जा-समृद्ध राज्यों को बिजली की बड़ी मांग वाली जगहों से जोड़ा जायेगा। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सरकार हरित ऊर्जा गलियारों और राजस्थान, गुजरात और लद्दाख से नयी उच्च क्षमता वाली पारेषण लाइनों के माध्यम से पारेषण बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दे रही है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 2030 तक पांच लाख मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि ट्रांसमिशन में सुधार की ये परियोजनाएं कई वर्षों में पूरी होंगी, लेकिन एक बार चालू होने पर ये दो लाख मेगावाट से अधिक नयी नवीकरणीय क्षमता जोड़ेंगी। इस प्रकार वर्तमान चरण अस्थायी है - एक संक्रमणकालीन अंतराल है, न कि एक संरचनात्मक सीमा है। मंत्रालय के अनुसार, साल 2030 स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को कार्यनीति स्तर पर स्थायित्व के साथ आगे बढ़ाने के लिए ग्रिड, वित्तीय प्रणालियों और बाजार डिजाइन के साथ नवीकरणीय ऊर्जा का समन्वयन किया जा रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार, सरकार ने पहले ही एचवीडीसी कॉरिडोर बनाने और अंतर-क्षेत्रीय पारेषण क्षमता को वर्तमान 120 गीगावाट (1.2 लाख मेगावाट) से बढ़ाकर साल 2027 तक 1.43 लाख मेगावाट तथा 2032 तक 1.68 लाख मेगावाट करने की योजना बना ली है।

## एयरटेल के निदेशक शिवन भार्गव ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के निदेशक (कस्टमर एक्सपेरियंस) शिवन भार्गव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है और तीन-चार महीने बाद वह कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन का हिस्सा नहीं रहेंगे। श्री भार्गव ने भारती एयरटेल लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शाश्वत शर्मा के नाम सौंपे अपने इस्तीफे में लिखा है कि वह 'संगठन के बाहर अपने पेशेवर लक्ष्यों की तलाश' के लिए उत्सुक हैं, और इसलिए पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने दो बार में कंपनी के साथ 15 साल के अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि एक टीम के रूप में उन्होंने जो काम किया है उसके लिए वह काफी गौरवान्वित हैं।



## वधावन बंदरगाह परियोजना की समीक्षा पर उच्च स्तरीय बैठक

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पालघर में वधावन बंदरगाह के निर्माण कार्य की प्रगति पर केंद्र सरकार के तीन मंत्रियों की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने, और जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वधावन बंदरगाह परियोजना पर एक बैठक की। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह ही इस बंदरगाह के निर्माण कार्य पर अस्थायी रोक लगाने संबंधी याचिका खारिज कर दी थी। यह याचिका कुछ स्थानीय कंपनियों द्वारा दायर की गयी थी। बंदरगाह का निर्माण जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया था कि शीर्ष अदालत के फैसले के बाद परियोजना का निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया है। श्री गोयल ने एक्स पर बताया कि आज की बैठक में परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया ताकि समय पर इसे पूरा किया जा सके। उन्होंने लिखा कि यह बंदरगाह रोजगार के अवसर पैदा करने और वैश्विक सामुद्रिक व्यापार के मार्ग विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## आयात कम करने के दबाव के बीच रूस की हिस्सेदारी घटने से भारत की कच्चे तेल की लागत बढ़ी, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2026 में अब तक दुबई बेंचमार्क की तुलना में भारत की औसत कच्चे तेल की आयात लागत में तेजी से वृद्धि हुई है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह बात कही है। ब्रोकरेज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेल बास्केट में रूसी कच्चे तेल की हिस्सेदारी में गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार वैकल्पिक कच्चे तेल के अधिक महंगा होने के कारण प्रीमियम भी ऊंचा रह सकता है और रिफाइनरों की लागत पर असर पड़ सकता है। कोटक के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में भारत की औसत तेल आयात लागत दुबई क्रूड की तुलना में लगभग 5 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल अधिक है। यह लागत हाल के वर्षों में सबसे अधिक है। रिपोर्ट में इस इजाफे का कारण रूसी तेल का सस्ता होना, अन्य देशों से तेल का आयात महंगा होना।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में भाई दूज के दिन भी गिरावट का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में आज लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 4,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,690 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। वहीं, चांदी आज 4 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,880 रुपये से लेकर 1,26,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,15,390 रुपये से लेकर 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज





1,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,26,030 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,26,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## दशहरा-दीपावली से ऑटो सेक्टर में आया बंपर बूस्ट, नागपुर में एक माह में 15 हजार वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री, ईवी की डिमांड बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक ही माह में दशहरा और दीपावली होने का बंपर लाभ ऑटो सेक्टर को मिला है। जीएसटी कम होने से भी खरीदारों की मानसिकता सकारात्मक हुई है। विदर्भ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुज पांडे ने बताया कि अक्टूबर माह में तीनों आरटीओ मिलाकर अब तक 14,987 वाहनों की बिक्री हो चुकी है, जो एक बहुत अच्छा संकेत है। डीलरों को उम्मीद है कि वाहनों की कीमतों में कमी आने से यह ट्रेंड आगे भी जारी रहेगा।



ऑटो डीलरों की मानें तो इस महीने ने काफी 'ग्रोथ' दी है, जिसमें टू-व्हीलर से लेकर फोर-व्हीलर तक की अच्छी खासी वृद्धि देखने को मिली है। इस पूरे वर्ष को देखें तो नागपुर में तीनों आरटीओ मिलाकर बिक्री का आंकड़ा एक लाख से ऊपर पहुंच गया है। चालू वर्ष में अब तक 1,29,882 वाहनों की बिक्री हो चुकी है। आरटीओ के आंकड़े बताते हैं कि नागपुर में वाहनों की संख्या 24,78,780 तक पहुंच चुकी है, यानी लगभग हर दूसरे वयस्क के पास वाहन उपलब्ध है। हालांकि इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) की बिक्री में नागपुर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन अभी भी पेट्रोल वाहनों का जलवा कायम है। डीलर अभी भी कई पेंडिंग बुकिंग को डिलीवरी देने की तैयारी में हैं, जिसके कारण आरटीओ रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा आने वाले दिनों में और अधिक बढ़ेगा। डीलरों के अनुसार, वाहनों की आपूर्ति अभी भी एक मुख्य समस्या बनी हुई है, जिसके लिए लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है।

# एप्पल ने 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत को रिकॉर्ड 49 लाख आईफोन भेजे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टेक कंपनी एप्पल ने अपनी नई आईफोन 17 सीरीज की सफलता और त्योहारी सीजन की मांग के बल पर भारत में अपनी अब तक की सबसे अधिक तिमाही शिपमेंट दर्ज की। कंपनी ने 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान देश में कुल 49 लाख स्मार्टफोन भेजे।रिसर्च फर्म ओमडिया शिपमेंट का यह आंकड़ा सालाना आधार पर 47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारतीय बाजार में एप्पल के अब तक के सबसे मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है। इसके अलावा, इस तिमाही में एप्पल के कुल ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में भारत का हिस्सा 9 प्रतिशत रहा,जो देश के लिए अब तक का सबसे बड़ा हिस्सा है। यह कंपनी की वैश्विक रणनीति में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। 9 सितंबर को आईफोन 17 सीरीज के लॉन्च ने रिकॉर्ड बिक्री में अहम भूमिका निभाई। नए लाइनअप में कई बड़े कैमरा अपग्रेड शामिल हैं, जिनमें 48 मेगापिक्सल फ्यूजन मेन कैमरा और 48 मेगापिक्सल फ्यूजन अल्ट्रा-वाइड लेंस और प्रो-मोशन के साथ 6.3-इंच सुपर रेटिना एक्सडीआई डिस्प्ले शामिल है। इस डिवाइस में बेहतर परफॉर्मेंस के लिए नया ए19 चिप और अप्रैल-सितंबर अवधि में एप्पल ने लगभग 10 बिलियन डॉलर (88,500 करोड़ रुपए से अधिक) मूल्य के आईफोन निर्यात किए, जो उद्योग के अनुमानों के अनुसार,



सिरेमिक शील्ड 2 तकनीक भी है, जो तीन गुना बेहतर स्क्रैच रेजिस्टेंस प्रदान करती है। एप्पल द्वारा इस साल भारत में अपनी अब तक की सबसे अधिक त्यौहारी तिमाही दर्ज करने की उम्मीद है, विश्लेषकों का अनुमान है कि आईफोन 17 सीरीज की शुरुआती लोकप्रियता के कारण पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री में 28 प्रतिशत की वृद्धि होगी। चालू वित्त वर्ष की पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 75 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह सफलता सरकार की 'मेक इन इंडिया' और उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के मजबूत प्रचार को दर्शाती है, जिसने एप्पल को तमिलनाडु और कर्नाटक में उसके मैन्युफैक्चरिंग बेस का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# गेहूं, चीनी में तेजी; चावल नरम; दालों-खाद्य तेलों में घट-बढ़

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल के औसत भाव घट गये। वहीं गेहूं और चीनी में तेजी रही जबकि दालों तथा खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 51 रिंगिट टूटकर 4,454 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.80 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,882.74 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। वहीं, गेहूं 24 रुपये की मजबूती के साथ 2,884.67 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। आटे की कीमत 22 रुपये बढ़कर 3,346.82 रुपये प्रति क्विंटल रही।

खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 101 रुपये और सूरजमुखी तेल की 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। पाम ऑयल में भी 31 रुपये और सोया तेल



में 35 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गयी। सरसों तेल 20 रुपये और वनस्पति 29 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 17 रुपये और उड़द दाल की 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। मसूर दाल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 25 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई।

गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। हालांकि चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

# भारतीय निवेशकों को ग्लोबल म्यूचुअल फंड से मिला 72 प्रतिशत तक का तगड़ा रिटर्न

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू इक्विटी से परे अवसरों की तलाश करने वाले भारतीय निवेशकों को पिछले एक वर्ष में महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हुए है, जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय म्यूचुअल फंड और फंड-ऑफ-फंड (एफओएफ) ने 72 प्रतिशत तक का शानदार रिटर्न दिया है।टेक्नोलॉजी, एआई, उपभोक्ता खर्च और कमोडिटीज द्वारा संचालित वैश्विक तेजी के कारण इन फंड ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय इक्विटी कैटेगरी को भी पीछे छोड़ दिया। एसीई म्यूचुअल फंड के 20 अक्टूबर तक के आंकड़ों के अनुसार, टॉप 10 अंतरराष्ट्रीय फंडों ने एक वर्ष का रिटर्न 33 प्रतिशत से 72 प्रतिशत के बीच दिया।

इसकी तुलना में, इसी अवधि के दौरान बेंचमार्क निफ्टी केवल 5.7 प्रतिशत बढ़ा। मिराए एसेट एनवाईएसई फैंग प्लस ईटीएफ एफओएफ 71.78 प्रतिशत के शानदार एक साल के रिटर्न और 62.72 प्रतिशत के तीन साल के रिटर्न के साथ लिस्ट में टॉप पर रहा। इसके बाद इन्वेस्को ग्लोबल कंज्यूमर ट्रेंड्स एफओएफ रहा, जो ग्लोबल कंज्यूमर ब्रांड और डिजिटल कॉमर्स कंपनियों के मजबूत प्रदर्शन का लाभ उठाते हुए 52.65 प्रतिशत बढ़ा।

अमेरिका-केंद्रित व्यापक रणनीतियों ने भी महत्वपूर्ण लाभ दर्ज किया। मिराए एसेट एसएंडपी 500 टॉप 50 ईटीएफ एफओएफ ने 49.91 प्रतिशत रिटर्न दिया, जबकि मोतीलाल ओसवाल नैस्डैक 100 एफओएफ ने एक वर्ष में 42.48 प्रतिशत रिटर्न दिया।

डीएसपी वर्ल्ड माइनिंग ओवरसीज इक्विटी एफओएफ में 32.83 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसे ग्लोबल कमोडिटी की उच्च कीमतों और प्रमुख खनन कंपनियों के बीच बेहतर पूंजी अनुशासन का समर्थन मिला। कुल मिलाकर, ग्लोबल डायवर्सिफिकेशन ने इस वर्ष भारतीय निवेशकों को स्पष्ट रूप से लाभ पहुंचाया है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों विशेष रूप से एआई, टेक्नोलॉजी और संसाधनों द्वारा संचालित बाजारों ने घरेलू इक्विटी की तुलना में कहीं अधिक मजबूत रिटर्न दिया है।

इस बीच, पिछले दो सत्रों में भारी गिरावट के बाद, सोमवार के रिकॉर्ड उच्च स्तर से निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के कारण सोने और चांदी की कीमतें क्रमशः 4,050 और 48 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर हो गईं।

विशेषज्ञों ने कहा, यह गिरावट अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों को लेकर आशावाद के बीच जोखिम वाली संपत्तियों की ओर रुझान को दर्शाती है, जिससे सोने की सुरक्षित निवेश मांग कमजोर हुई है। भारत में मौसमी मांग में भी कमी आई है, जिससे फिजिकल मार्केट पर दबाव बढ़ा है।

## दुबई इस्लामिक बैंक का एआई नवाचार के लिए एचसीएल से करार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुबई इस्लामिक बैंक (डीआईबी) ने अपने कार्यप्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को शामिल करने के लिए भारत की अग्रणी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के साथ करार किया है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को बताया कि दुनिया के पहले इस्लामिक बैंक ने जीआईटेक्स ग्लोबल 2025 में इस साझेदारी की घोषणा की है। इसका लक्ष्य अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत स्तर पर खास अनुभव प्रदान करना, निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना, प्रक्रियाओं में सुधार और जोखिम तथा अनुपालना ढांचे को मजबूती प्रदान करना है।डीआईबी के मुख्य परिचालन अधिकारी ओबैद अल शमसी ने कहा कि बैंक के लिए नवाचार हमेशा से उसके उद्देश्य और जिम्मेदारी का हिस्सा रहा है। एचसीएल से साथ यह साझेदारी एआई आधारित भविष्य को साकार करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पश्चिम एशिया प्रमुख विनीत शुक्ला ने कहा,एचसीएल टेक के फुल-स्टैक एआई पोर्टफोलियो और इस क्षेत्र के लंबे अनुभव की मदद से हम डीआईबी के लिए नवाचार के द्वार खोलने, परिचालन की दक्षता बढ़ाने और ग्राहकों के लिए विशेष अनुभव प्रदान करने की उम्मीद करते हैं।




# भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की आपत्ति, डब्ल्यूटीओ में परामर्श प्रक्रिया चालू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की कुछ आपत्तियों को लेकर विवाद निपटान फोरम में 'परामर्श' की कार्रवाई शुरू की है। डब्ल्यूटीओ ने कहा कि चीन ने भारत में उन्नत रसायन सेल बैटरियों, वाहनों और वाहनों के कल-पुर्जों तथा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रोत्साहन जैसे उपायों पर 'परामर्श' किये जाने की अपील की थी। चीन का यह अनुरोध 15 अक्टूबर को भारत को भेज दिया गया था और 20 अक्टूबर को इस मुद्दे पर 'परामर्श' के लिए विवाद निपटान फोरम को सक्रिय कर दिया गया है। चीन का मानना है कि भारत के ये उपाय आयातित की तुलना में घरेलू उत्पादन के उपयोग को प्रोत्साहित करने की नीति पर आधारित हैं और इनके माध्यम से चीनी उत्पादों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। चीन ने भारत के इन उपायों को सब्सिडी एवं प्रतिपूरक उपायों, व्यापार से संबंधित निवेश के उपायों तथा प्रशुल्क एवं व्यापार पर सामान्य समझौते (गैट) 1994 के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन बताया है। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूटीओ के सदस्य देश किसी देश की व्यापार नीति से असहमत होने पर उसको लेकर 'परामर्श के लिए अनुरोध' करते हैं। समाधान के लिए संगठन उस पर संबंधित पक्षों के बीच पहले परामर्श की प्रक्रिया शुरू करवाता है।

संगठन के विवाद निपटान फोरम के तहत 'परामर्श की प्रक्रिया' का उद्देश्य संबंधित पक्षों को आपस में चर्चा कर के मामले का हल खोजने का अवसर प्रदान करना होता है ताकि मुकदमा आगे न बढ़ाना पड़े। परामर्श के लिए 60 दिन का समय दिया जाता है और आपस में सहमति न बनने पर शिकायतकर्ता किसी समिति के जरिये विवाद पर निर्णय कराये जाने का अनुरोध कर सकता है। भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं। इनमें एक योजना उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (पीएलआई एसीसी) भी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में एसीसी बैटरियों के लिए विशाल पैमाने पर विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करना है, जिसमें अधिकतम घरेलू मूल्यवर्धन प्राप्त करने पर ज़ोर दिया जायेगा। इसी तरह सरकार वाहन और वाहनों के कल-पुर्जे के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई ऑटो योजना) और इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना (ईवी यात्री कार योजना) भी चला रही है। ये कार्यक्रम मेक इन इंडिया पहल को आगे बढ़ाते हैं ताकि दुनिया भर से निवेश आकर्षित किया जा सके और घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत किया जा सके।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद में शेयर बाजारों में रिकॉर्ड-तोड़ तेजी

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका के साथ व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रिकॉर्ड-तोड़ तेजी देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85,000 तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक पहली बार 26 हजार अंक के पार पहुंच गया। सेंसेक्स 727.81 अंक उछलकर 85,154.15 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 752.53 अंक (0.89 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 85,178.87 अंक पर था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 188.60 अंक की तेजी के साथ 26,057.20 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 218.75 अंक यानी 0.85 फीसदी ऊपर 26,087.35 अंक पर था। मीडिया में खबर आयी थी कि अमेरिका



के साथ भारत का व्यापार समझौता जल्द होने वाला है और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाया गया आयात शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत के आसपास होने की उम्मीद है। इस खबर का असर गुरुवार को शुरू से ही बाजार पर दिखा। आईटी, एफएमसीजी, बैंकिंग और धातु सेक्टरों में सबसे अधिक तेजी रही। अन्य सेक्टरों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। फिलहाल सेंसेक्स की बढ़त में इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और आईटीसी का योगदान सबसे अधिक था।

## सस्ते आयात और डंपिंग से इस्पात क्षेत्र को नुकसान, नीतिगत समर्थन जरूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के इस्पात क्षेत्र को 2023-24 और 2024-25 के दौरान प्रमुख वैश्विक स्टील उत्पादकों के सस्ते आयात एवं डंपिंग के कारण भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। आरबीआई ने अक्तूबर बुलेटिन में प्रकाशित लेख में कहा, अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमतें कम होने के कारण इस्पात आयात में बढ़ोतरी देखी गई है। 2023-24 में भारत के इस्पात आयात में 22 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। आयात वृद्धि से इससे घरेलू इस्पात उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ऐसे में घरेलू इस्पात उत्पादन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन की जरूरत है। स्टील अंडर सीजः अंडरस्टैंडिंग द इम्पैक्ट ऑफ डंपिंग ऑन इंडिया शीर्षक वाले लेख में कहा गया है, वैश्विक उत्पादकों के सस्ते इस्पात की डंपिंग से घरेलू इस्पात उत्पादन को खतरा हो सकता है। हालांकि, इसे उपयुक्त नीतिगत उपायों से कम किया जा सकता है। हाल ही में सुरक्षा शुल्क लगाने की पहल इस्पात आयात डंपिंग के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। भारत ने खपत मांग को पूरा करने के लिए इस्पात उत्पादों का आयात किया। देश के लौह एवं इस्पात आयात में 2024-25 की पहली छमाही में 10.7 फीसदी की वृद्धि रही। वहीं, 2024-25 की दूसरी छमाही में कमी दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण रक्षोपाय शुल्क था।

# भारत स्वस्थ विकास और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये प्रतिबद्धः पीयूष गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जिनेवा में बुधवार से शुरू हुये संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) में भारत की विकास यात्रा को एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश अपने विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के साथ साथ स्वस्थ विकास और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने की अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर मजबूती से काम कर रहा है। श्री गोयल ने 20-23 अक्टूबर तक आयोजित अंकटाड के 16वें सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने गरीबी उन्मूलन, मांग-आधारित विकास और बुनियादी ढाँचे के विकास हेतु केंद्रित प्रयासों पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने भारत की विकास यात्रा को एक आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश स्वस्थ विकास और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये प्रतिबद्ध है। श्री गोयल ने कहा कि विश्च के लिये आर्थिक वृद्धि के समावेशी परिणाम सुनिश्चित करने और इसके लिए नये नये समाधान खोजे जाने की जरूरत है। वाणिज्य मंत्री ने दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील देशों के बीच सहयोग के महत्व पर बल देते हुये कहा कि विकास के प्रयासों में व्यापार की भूमिका एक महत्वपूर्ण उपकरण की है। डिजिटल विभाजन के अंतराल को कम करने के मुद्दे पर श्री गोयल ने डिजिटल सशक्तिकरण और समाज के सभी वर्गों में विकास को बढ़ावा देने की पहलों में भारत की उल्लेखनीय प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, साथ ही, मैंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भारत के दृष्टिकोण के बारे में भी बात की, ठोस, दीर्घकालिक समाधानों की आवश्यकता और व्यापार-आधारित विकास एवं सतत विकास को आगे बढ़ाने में संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास (अंकटाड) की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया।

श्री गोयल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से भारत के सकल घरेल उत्पाद में वर्ष प्रति वर्ष 7 प्रतिशत से अधिक की औसत दर से वृद्धि हो रही है और देश सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत हर आठ साल में अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना कर रहाहै। पिछले दशक में करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है जो मध्य वर्ग में शामिल हो कर आय और माँग को बढ़ावा दे रहे हैं। श्री गोयल ने स्वस्थ विकास की राह पर भारत की नेतृत्वकारी भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समय देश में बिजली की आधी जरूरत नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से आती है। वर्तमान स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षमता 250 गीगावाट (2.5 लाख मेगावाट) है और 2030 तक इसे 5,00,000 मेगा वाट करने का लक्ष्य है। भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के विरुद्ध उपाय कर रहा है। दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी की संभालने के बावजूद वैश्विक उत्सर्जन के केवल 3.5 प्रतिशत के लिए भारत जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों ने पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं किया है, जिसमें 100 अरब डॉलर की सस्ती दर वाली दीर्घकालिक कर्ज सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की प्रतिबद्धताएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का बोझ दूसरे पर डालने या व्यापार में पर्यावरणीय शर्तों का लगाया जाना भारत को स्वीकार्य नहीं है। श्री गोयल ने सतत विकास के लिए एक समर्पित दृष्टिकोण पर ज़ोर दिया। इसमें अनुकूलित, कार्यान्वयन योग्य समाधान शामिल हैं। श्री गोयल ने वास्तविक समाधानों के लिए विकासशील देशों के बीच सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुँच, उर्वरक और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन जैसे क्षेत्र इसमें शामिल हो सकते हैं।

# बिहार में सियासी पलटवार नई पट कथा



विनोद कुमार सिंह

गहलोत ने महागठबंधन को नई दिशा देकर खुद को सचमुच 'राजनीति का आधुनिक चाणक्य' सिद्ध कर दिया है।ऐसे में बिहार की सियासत एक बार फिर देश की राजनीति का केन्द्र बिन्दु बन गई है।

## बिहार में बड़ा राजनीतिक दाव -महागठबन्धन के लिए चाणक्य बने - अशोक गहलोत

बिहार की राजनीति एक बार फिर अपने निर्णायक मोड़ पर है। विधान सभा चुनाव 2025 से ठीक पहले कांग्रेसऔर आरजेडी ने ऐसा दांव चला है जिसने एनडीए की रणनीति को झकझोर दिया है।पटना में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की कि यदि महागठबंधन को बहुमत मिला तो तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री और वीआईपी पार्टी के मुकेश सहनी उपमुख्यमंत्री होंगे।यह घोषणा केवल नाम तय करने की औपचारिकता नहीं थी - यह बिहार की सामाजिक और जातीय राजनीति की गहरी समझ और कांग्रेस की व्यावहारिक मजबूरी का प्रतीक है।

बिहार चुनावों में 'चाणक्य' शब्द हमेशा गूंजता रहा है - कूटनीति, बुद्धि और रणनीति के प्रतीक के रूप में।कभी अमित शाह को भाजपा का चाणक्य कहा गया, तो कभी प्रशांत किशोर को चुनावी रणनीति का मास्टरमाइंड बताया गया,लैकिन इस बार मैदान में उतरे हैं अशोक गहलोत,जिन्होंने कांग्रेस और आरजेडी के बीच महीनों से चल रहे मतभेद को सुलझाकर महा गठबंधन को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने वह कर दिखाया जो बिहार कांग्रेस के स्थानीय नेता नहीं कर पा रहे थे - संचार की डोर को फिर से जोड़ना। गहलोत ने कांग्रेस हाईकमान को यह समझाया कि बिहार में आरजेडी के बिना कांग्रेस का अस्तित्व टिकना मुश्किल है। 2020 के चुनाव में कांग्रेस ने अकेले मैदान में उतरकर जो राजनीतिक क्षति उठाई,वह अब दोहराई नहीं जा सकती। उन्होंने महागठबंधन को पुनर्जीवित कर,तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर सहमति दिलवाई।इस तरह गहलोत ने खुद को 'कांग्रेस के चाणक्य' के रूप में स्थापित किया, जिन्होंने बिहार की उलझी हुई समीकरणों में नया जीवन फूंका।

जातीय गणित और सामाजिक इंजीनियरिंग का नया फॉमूर्ला बिहार की राजनीति का मूल डीएनए 'जाति' है।यहां बिना सामाजिक समीकरण साधे कोई भी दल सत्ता की दहलीज नहीं छू सकता। महागठबंधन की नई रणनीति भी इसी यथार्थ पर आधारित है।

राजनीतिक गणना कहती है कि यहाँ यादव लगभग 14%,मुसलमान 18%, मल्लाह समुदाय लगभग 6%, और अति पिछड़ा वर्ग लगभग 20% हैं। महागठबंधन ने यादव-



मुस्लिम समीकरण को तेजस्वी के माध्यम से और अति पिछड़ों-मल्लाहों को मुकेश सहनी के सहारे साधने का प्रयास किया है।यह वही सामाजिक फॉमूर्ला है जिसने 2015 में महा गठबंधन को ऐतिहासिक विजय दिलाई थी।फर्क सिर्फ इतना है कि तब नीतीश कुमार चेहरे थे, और आज तेजस्वी यादव अपने युवा जोश और सामाजिक जुड़ाव के साथ इस भूमिका में हैं।कांग्रेस बिहार में अपने सियासी अस्तित्व की जंग लड़ रही है। राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' ने संगठन में नई ऊर्जा भरी थी,लेकिन प्रदेश नेतृत्व की अंतर्कलह ने समीकरण बिगाड़ दिए।कृष्णा अल्लावरू, राजेश राम और अन्य नेताओं ने यह तर्क दिया कि तेजस्वी के नाम पर गैर-यादव ओबीसी और सवर्ण वोटर दूर हो सकते हैं।परंतु गहलोत ने तर्कों के उलझे जाल को काटते हुए स्पष्ट किया >'तेजस्वी ही वह चेहरा हैं जिनके बिना महागठबंधन एकजुट नहीं हो सकता।' गहलोत की इस रणनीति ने कांग्रेस को दो लाभ दिए -1. आरजेडी के साथ फिर से गठजोड़ मजबूत हुआ।

2. महागठबंधन के अन्य घटक दल -सीपीआई,सीपीएम, माले और वीआईपी -कांग्रेस के साथ खड़े हुए एनडीए पर राजनीतिक प्रभाव

अब सवाल यह है कि इस घोषणा का प्रभाव क्या होगा? सर्वविदित रहे किबिहार की राजनीति में एनडीए (भाजपा-जेडीयू गठबंधन)के लिए यह चुनौतीपूर्ण मोड़ है। एनडीए की नींव जातीय संतुलन, विकास व सुशासन के वादे पर टिकी है, .परंतु नीतीश कुमार के नेतृत्व में थकान और भाजपा के भीतर असंतोष की झलक दिख रही है।तेजस्वी को सीएम चेहरा घोषित करने के साथ ही महागठबंधन ने चुनावी विमर्श को 'विकास बनाम सामाजिक न्याय' से हटाकर 'युवा नेतृत्व बनाम थकी हुई सत्ता' के रूप में बदल दिया है।

युवाओं और अल्पसंख्यकों में तेजस्वी की पकड़,तथा अति पिछड़ों में मुकेश सहनी की पहचान यह एनडीए की 'डबल इंजन' नीति पर भारी पड़ सकती है।भाजपा अब तक नीतीश कुमार की विश्वसनीयता पर सवार रही,परंतु इस बार गहलोत ऋतेजस्वी की जोड़ी ने सामाजिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है।

बिहार का पूर्वी-दक्षिणी क्षेत्र (सीवान, सारण,गोपालगंज, दरभंगा,मधुबनी) यादव-मुस्लिम बहुल है, जहाँ महागठबंधन की मजबूत पकड़ रही है। वहीं कोशी-मिथिलांचल और सीमांचल में अल्पसंख्यक वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। मुकेश सहनी का प्रभाव उत्तर बिहार के नदी-तटीय मल्लाह और निषाद समुदायों में गहराई तक है।गहलोत की नई रणनीति इन भौगोलिक और जातीय क्षेत्रों को जोड़ने का एक राजनीतिक मानचित्र तैयार करती है - जो बिहार की आर्थिक असमानता और ग्रामीण असंतोष को भी संबोधित करता है।

बदलती राजनीति का संकेत

अशोक गहलोत का यह कदम केवल चुनावी घोषणा नहीं,बल्कि कांग्रेस के 'राष्ट्र स्तर पर गठबंधन पुनर्गठन' का संकेत भी है।

जहाँ उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने बसपा से दूरी बनाकर अकेले चलने की राह पकड़ी,वहीं बिहार में उसने गठबंधन की ताकत को समझते हुए यथार्थ वादी दृष्टिकोण अपनाया है।

तेजस्वी को 'युवा नेतृत्व' के रूप में पेश कर कांग्रेस ने बिहार की राजनीति को नया विमर्श दिया है –

अब यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक सोच के पुनर्जागरण की लड़ाई बन गया है।

अशोक गहलोत के कुशल मध्यस्थता ने कांग्रेस और आरजेडी को एक मंच पर ला खड़ा किया।

तेजस्वी यादव अब महागठबंधन के सर्वमान्य नेता हैं,जबकि मुकेश सहनी सामाजिक समावेशन के प्रतीक बनकर उभरे हैं। बिहार की जातीय राजनीति में यह एक नया सामाजिक गठजोड़(Yadav– Muslim–EBC–Dalit formula)है जो एनडीए के पारंपरिक समीकरणों को चुनौती देता है। 2025 का चुनाव अब केवल वोटों की लड़ाई नहीं,बल्कि रणनीति, जातीय समीकरण और नेतृत्व के करिश्मे की अग्निपरीक्षा बनेगा।

गहलोत ने महागठबंधन को नई दिशा देकर खुद को सचमुच 'राजनीति का आधुनिक चाणक्य' सिद्ध कर दिया है।ऐसे में बिहार की सियासत एक बार फिर देश की राजनीति का केन्द्र बिन्दु बन गई है।

## संपादकीय

### मलबे की तहों पर

डंपिंग पर वैज्ञानिक नीति बनाने की आवश्यकता और अदालत के आदेश को कार्यान्वित करने की मंशा से हिमाचल ने कुछ महकमों की उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। मलबा अपने चरित्र में विस्फोटक हो गया और नवनिर्माण का यह वाई प्रोडेक्ट शैतान हो गया। दरअसल आपदा और निर्माण से पहले अगर मलबे की शक्ल देख ली जाए, तो टनों के हिसाब से हमने अपनी बबार्दी का सामान एकत्रित किया है। प्राकृतिक और बरसाती आपदा का हर कारण, मलबे की तहों पर खड़ा है। ऐसा भी नहीं कि मलबा इस्तेमाल नहीं हो सकता या इसके सदुपयोग से नई सतह पर आविष्कार नहीं हो सकता, लेकिन पिछले तीन दशकों या यूं कहें कि जब से धरती को खोदने की मशीनें सक्रिय हुई हैं, हमने इसे अपनी ही परेशानी का सबब बना लिया। मलबा पावर प्रोजेक्ट व बड़े बांधों की तश्तरी में आकर पानी में उफान पैदा कर रहा है। मानवीय गतिविधियों के अतिक्रमण से प्राकृतिक जल निकास को बाधित कर रहा है। गलत शहरी और ग्रामीण विकास से चिन्हित मलबे ने कई कब्रगाह बना लिए हैं, तो जलापूर्ति और सीवरेज की गलत स्थापना ने आसपास मलबे की नींव खोद दी है। ऐसा भी नहीं है कि सारा मलबा विकास ही पैदा कर रहा है। वनों के साम्राज्य को बढ़ाते हुए भौगोलिक दृष्टि से पैदा होती घास, झाडि?ीं और वनस्पति को रौंद कर उगाए गए चीड़ प्रजाति के पेड़ों ने जमीन को भस्मासुर बना दिया। लगातार गिरते पेड़ों को अगर वन महकमा हटाए तथा जंगल में जल निकासी को दिशा दिखाए, तो कम से कम इसकी वजह से शुरू हुआ ह्यमलबा आखेटह्न तो कम हो जाएगा। बेशक समिति की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी महकमा अपनी सडकों के किनारे मलबे की डंपिंग या हर अवरुद्ध मार्ग को खोलने के प्रयत्न में इसे गहरी खाई या नदी-नालों में सरका देने की छूट से परहेज करना होगा। सडकों को खोदते विभिन्न विभाग भी कम दोषी नहीं, लेकिन ग्रामीण व शहरी समाज की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की परिपाटी अगर संबंधित विभाग नहीं बनाएंगे तो सारी बस्तियां एक दिन मलबा बन जाएंगी। टीसीपी एक्ट से भागते तमाम जनप्रतिनिधियों को भी बताना होगा कि जब किसी शहरी विकास योजना या ग्रीन बैल्ट के प्रतिबंध से हटा कर क्षेत्र मुक्त किए जाते हैं तो अंधाधुंध निर्माण अपने

## चिंतन-मनन

### भय को पहचानो

बहुत तरह के मानसिक भय हमें चारों तरफ से दबाए हुए हैं।उन्हें हमें पहचान लेना पड़ेगा।उन्हें हम बिना पहचाने छोड़ भी न सकेंगे।जिस भय को हम पहचान लेंगे, वह छूट जाएगा।लेकिन हम उन्हें पहचान नहीं पाते, नये-नये नाम दे देते हैं।और नाम धोखे के हैं।हम इतनी ज्यादा चालाकी में जिए हैं हजारों वर्षो में कि चीजों पर ठीक-ठीक नाम नहीं रहने दिये। हर डिब्बे पर नाम बदल दिया है। अंदर कुछ और है, ऊपर नाम कुछ और है।इसलिए खोज भी बहुत मुश्किल हो गई है कि कौन सी चीज कहां है। एक आदमी को हम कहते हैं- यह बहुत अच्छा आदमी है। और सौ अच्छे आदमियों में से अठानवे अच्छे आदमी अच्छे नहीं होते।सिर्फ डरे हुए लोग होते हैं और डर की वजह से अच्छे मालूम होते हैं।

मैं कहता हूं, मैं कभी चोरी नहीं करता।लेकिन अगर थोड़ी जांच-पड़ताल करूं तो पता चलेगा कि चोरी तो मैं भी करना चाहता हूं, लेकिन भय मुझे रोक लेता है।तब मैं अच्छा आदमी नहीं हूं, भयभीत आदमी हूं।लेकिन हम लेबल बदल देंगे। हमें पता ही नहीं चलता।एक आदमी कहता है, मैं बिल्कुल ईमानदार आदमी हूं। उसे थोड़ी जांच-पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि वह बेईमान है और भयभीत है। यानी बेईमान भय, ईमानदार आदमी हो गया।लेकिन क्या यह ईमानदार की परिभाषा हुई? अगर कल उसे पता चल जाए कि एक दिन के लिए सब कानून उठा लिए गये और सब पुलिसवालों को छुट्टी दे दी गई और एक दिन के लिए कोई अदालत नहीं है, तब उसकी सारी ईमानदारी चली गई।यानी वह अब ईमानदार नहीं है। अच्छा आदमी इसीलिए कमजोर है।अक्सर ऐसा होता है कि अच्छा आदमी कमजोरी की वजह से अच्छा आदमी होता है। और इससे उल्टा भी होता है कि बुरा आदमी अक्सर ताकत की वजह से बुरा हो जाता है।घर में एक बच्चा बिल्कुल गोबर गणोश हो तो मां-बाप कहेंगे-बहुत आज्ञाकारी है और दूसरा थोड़ा शक्तिशाली हो, तो कहेंगे- आज्ञा का उल्लंघन करता है, कहना मानता ही नहीं।लेकिन समझना जरूरी है कि गोबर-गणोश होना अच्छा होना नहीं है।हमने लेबल बदल कर लगाए हुए हैं। इसलिए जहां भय हैं वहां भी हम पकड़ नहीं पाते कि यह भय है।जहां हिंसा है, हिंसा पकड़ में नहीं आती।जहां घृणा है, घृणा पकड़ में नहीं आती।जहां प्रेम नहीं है, वहां पकड़ में नहीं आता।सब तरफ धोखा हो गया है।आदमी ने अपने भीतर की जो व्यवस्था की है, उसमें सब जगह गलत नाम लगा दिये हैं।

# संयुक्त राष्ट्र संघः वैश्विक सामरिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ



दिलीप कुमार पाठक

आज 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थापना दिवस है, आज के दिन लोगों को जानना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र संघ दुनिया को चलाने में अपनी भूमिका कैसे निभाता है। पूरी दुनिया के मुल्कों में शांति रहे सभी राष्ट्रों पर एक अंकुश रहे कोई मुल्क किसी दूसरे मुल्क पर अत्याचार न करे, कोई किसी राष्ट्र की सीमा पर कब्जा न करे, और पूरी दुनिया में आपसी सहयोग की भावना बढ़े ऐसे उद्देश्यों को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई थी। परंतु आज के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो लगता है जैसे संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रभाव कुछ कम हुआ है। लग रहा है जैसे पूरी दुनिया में उसकी पकड़ कमजोर होती जा रही है। रूस - यूक्रेन युद्ध, इजरायल - फि लीस्तीन युद्ध, अमेरिका की अनावश्यक दादागिरी, चाइना की भूमि विस्तार की नीतियां संयुक्त राष्ट्र संघ की सबसे बड़ी विफलताओं में गिना जा सकता है। बड़े - बड़े मुल्कों में संयुक्त राष्ट्र संघ के नियम नहीं चलते अमेरिका, रसिया, चाइना आदि मुल्कों के सामने संयुक्त राष्ट्र संघ बिल्कुल लाचार हो जाता है। यही कारण है कि आज संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के 78 वर्ष बीत जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका एवं उसके बदलते हुए परिदृश्य का अध्ययन करना जरूरी हो गया है।

1941 के अटलांटिक समझौते के तहत राज्यों को समानता और किसी भी प्रकार के शासन को चुनने की क्षमता प्रदान की गई थी। अटलांटिक समझौते के बाद तैयार किए गए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) घोषणापत्र पर 1942 में 26 देशों ने हस्ताक्षर किए थे। 1944 में डंबर्टन ओक्स में चीन, रूस, अमेरिका और इंग्लैंड द्वारा प्रस्तुत विचारों के आधार पर, जून 1945 में सैन फ्रांसिस्को में 50 देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र के दस्तावेज पर बातचीत की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को हुई थी। अपनी विभिन्न एजेंसियों की सहायता से, संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय शांति बनाए रखने, सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पर्यावरण की रक्षा करने, मानवीय राहत में सहायता करने और महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए अपने प्रयासों को सिद्ध किया है। समझौते के बाद से, संयुक्त राष्ट्र संघ की सफलताओं के साथ असफलताएँ भी रही हैं, जैसे सैन्य युद्धों को न रोक पाना परिणामस्वरूप लाखों लोग मारे गए, घायल हुए और विस्थापित हुए। शीतयुद्ध के दौरान नाटो-वारसा दोनों गुटों में भयंकर सैनिक प्रतिद्वंद्विता चल रही थी, दोनों ही ओर से व्यापक परमाणु हथियार एकत्रित किए जा रहे थे। दुनिया एक बार फि र बड़े महायुद्ध के मुहाने पर खड़ी थी। ऐसा लगता था कि तीसरा महायुद्ध छिड़ जाएगा और परमाणु हथियारों के प्रयोग से यह इतना विनाशकारी सिद्ध होगा कि सारी दुनिया ही नष्ट हो जाएगी। साम्राज्यवादी देश दुनिया का विनाश करने पर उतारू थे। शीतयुद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ अपनी भूमिका को बखूबी निभा पाया था। वास्तव में संयुक्त राष्ट्र संघ ने निरस्त्रीकरण तथा विश्वशान्ति की काफी कोशिशें कीं। यही कारण है कि एक बड़े महायुद्ध का खतरा तो टल गया परन्तु छोटे-छोटे युद्ध दुनिया भर में होते रहे और आज भी हो रहे हैं जो किसी महायुद्ध से कम नहीं हैं। दुनिया भर में अगर कोई तीसरा महायुद्ध नहीं हुआ वो इसका महत्वपूर्ण कारण यह भी है कि महाशक्तियां भी यह जानती हैं कि अगर महायुद्ध छिड़ा तो सारी दुनिया नष्ट हो जाएगी जिससे वे भी नहीं बचेंगे। व्यापक निरस्त्रीकरण तथा परमाणु हथियारों को समाप्त करने का विमर्श छिड़ा हुआ है, इसके बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ दुनिया दुनिया के अनेक देशों को परमाणु हथियार बनाने से न रोक सका।

सफलता - असफलता किसी के साथ भी जुड़ी हुई होती हैं, परंतु संयुक्त राष्ट्र संघ आज भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देशों को धन, कार्यक्रम और विशेष एजेंसियों की मदद प्रदान करता है। यूएनडीपी यानि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम 141 देशों को सेवाएँ देता है, जिसका मुख्य लक्ष्य गरीबी उन्मूलन, असमानता और बहिष्कार को कम करना है। यह देशों को नीति निर्माण, संस्थागत क्षमता निर्माण और सतत विकास में मदद करता है। यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) बच्चों के अधिकारों और कल्याण को प्राथमिकता देता है। यह गरीबी, हिंसा, बीमारी और भेदभाव के खिलाफ काम करता है और बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में मदद करता है। संयुक्त राष्ट्र की प्रभावशीलता पर बहस हो सकती है, लेकिन इसके प्रयासों एवं अभी तक किए गए वैश्विक स्तर पर सकारात्मक सोच को भुलाया नहीं जा सकता।

दुनिया 21वीं सदी में भारी चुनौतियों के साथ प्रवेश कर चुकी है, और संयुक्त राष्ट्र को एक बेहतर और शांतिपूर्ण भविष्य के लिए मौजूद रहना होगा। संयुक्त राष्ट्र के तहत दुनिया अधिक स्थायी रूप से आगे बढ़ सकती है, इसलिए सभी हितधारकों को इस पर भरोसा करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र निरर्थक नहीं है और निकट भविष्य में नहीं होगा, क्योंकि यह महत्वपूर्ण समस्याओं पर लोकतांत्रिक तरीके से विमर्श करता है दुनिया को रास्ता भी दिखाता है। संयुक्त राष्ट्र ने अपने मूल सिद्धांतों और प्रक्रियाओं को बनाए रखते हुए नए कार्यों को जोड़ा है और सुधार किया है। इसने कई युद्धों को रोका है और मानवीय पीड़ा को कम किया है। यही कारण है कि तमाम विफलताओं के बावजूद भी संयुक्त राष्ट्र संघ पूरी दुनिया के लिए बेहद जरूरी है। सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र संघ को बनाए रखने के लिए साझा प्रयास करना चाहिए।

(लेखक पत्रकार हैं)

# धन गुरु नानक सारा जग तारिया -आस्था,सेवा और उनकी अनंत ज्योति का विश्वव्यापी उत्सव



किशन सनमुखदास भावना

वैश्विक स्तरपर भारत की भूमि ऋषियों,संतों औरगुरुओं की तपस्थली रही है। यहाँ हर पर्व और परंपरा का एक गहन आध्यात्मिक अर्थ निहित है। इन्हीं अमूल्य परंपराओं में से एक है,सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती से पहले मनाया जाने वाला कार्तिक प्रभात फेरी महोत्सव जो केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जीवंत आध्यात्मिक यात्रा है, जो समाज को सत्य, प्रेम, समानता और सेवा के पथ पर अग्रसर करती है। यह प्रभात फेरी 23 अक्टूबर से आरंभ होकर 5 नवंबर 2025 तक चलेगी, यह अवधि न केवल भक्तिभाव और सेवा का प्रतीक है,बल्कि सामाजिक जागरण और मानवता के समरसता संदेश की पुनः पुष्टि का अवसर भी है। पूरे कार्तिक मास की पवित्रता, अनुशासन और भक्ति की प्रतीक होगी। प्रभात फेरी का आरंभ कार्तिक मास के आरंभ (8 अक्टूबर) के बाद विशेष रूप से गुरु नानक जयंती की तैयारियों के साथ किया जाता है,और यह गुरु पर्व की पूर्णिमा (5 नवंबर) पर सम्पन्न होती है। इस अवधि में देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनियाँ में श्रद्धालु सुबह- सुबह कीर्तन, भजन, और सेवा के माध्यम से गुरु की शिक्षाओं को आत्मसात करते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र स्वयंम भी प्रभात फेरी में शामिल हुआ हूं और देखा हूंकि प्रातःकाल लगभग 3:30 या 4 बजे गुरुद्वारों से प्रारंभ होती है।श्रद्धालु संगत एकत्र होकर गुरु ग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेकते हैं, और फिर 'कीर्तन सोहिला 'या' जपजी साहिब' का पाठ करते धन गुरु नानक, सारा जग तारिया,जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जय घोष करते हुए गाँव या नगर की गलियों से होकर गुजरते हैं। मार्ग में लोग अपने घरों के बाहर दीये जलाकर, फूलों से स्वागत कर इस यात्रा को धन्य करते हैं। फेरी के अंत में गुरुद्वारे में प्रसाद सेवा होती है जिसमें सभी धर्मों के लोग साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दौरान बच्चों और युवाओं को भी सिखाया जाता है कि गुरु की सच्ची भक्ति केवल पूजा में नहीं, बल्कि सेवा और भक्ति भाव में भी है। यह विशेष रूप से गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव से जुड़ी हुई है। आज गुरु नानक देव जी का संदेश केवल पंजाब या भारत तक सीमित नहीं है, दुनियाँ के 150 से अधिक देशों में प्रभात फेरियां निकाली जाती हैं।लंदन में साउथहॉल गुरुद्वारा से हजारों श्रद्धालु प्रभात फेरी में भाग लेते हैं। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय मूल के लोगों के साथ स्थानीय नागरिक भी इस भक्ति उत्सव में शामिल होते हैं।सिंगापुर, मलेशिया, दुबई, अमेरिका, केन्या, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में सिख समुदाय और अन्य धर्मों के लोग भी गुरु नानक के उपदेशों से प्रेरित होकर प्रभात फेरियों का आयोजन करते हैं।इस प्रकार कार्तिक प्रभात फेरी आज एक वैश्विक सांस्कृतिक संवाद का माध्यम बन चुकी है। प्रभात फेरी में भाग लेने वालों के जीवन में यह अनुभव गहरा आध्यात्मिक परिवर्तन लाता है। भोर के समय जब पूरा वातावरण शांत होता है और वाहेगुरु का नाम गूंजता है, तब व्यक्ति के भीतर की अशांति मिटने लगती है। यह अनुभव बताता है कि आस्था केवल पूजा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का मार्ग साथियों बात अगर हम गुरुनानक देव जी की कार्तिक प्रभात फेरी 2025 को समझने की करें तो'सतगुरु की अरदास, प्रभात की प्रभा से विश्व आलोकित 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह।आस्था, भक्ति और मानवता के इस पावन संगम में जब सूरज की पहली किरण धरा को स्पर्श करती है, तो गुरबाणी की मधुर वाणी के साथ 'वाहेगुरु' का नाम गुंजायमान हो उठता है। यही वह क्षण होता है जब कार्तिक प्रभात फेरी की शुरूआत होती है,वह अनूठी परंपरा जिसे गुरु नानक देव जी ने आध्यात्मिक जागरण और मानवीय एकता का प्रतीक बनाया। पूरे 15 दिवसीय भक्तिमय कालखंड में सिख श्रद्धालु सहित सिंधी व अन्य समाज गुरु नानक जयंती की तैयारी और साधना में डूबे रहेंगे। 'प्रभात फेरी' का शाब्दिक अर्थ है,प्रभात (सुबह) के समय की आस्था यात्रा। यह फेरी केवल चलना नहीं, बल्कि संगत (सामूहिकता) के रूप में भक्ति का प्रसार है। जब सूर्योदय से पहले की शांति में भक्तजन 'वाहे गुरु,सतनाम' धन गुरु नानक सारा जग तारिया के नाम का उच्चारण करते हुए गलियों, चौपालों और रास्तों से गुजरते हैं, तब यह वातावरण आध्यात्मिक प्रकाश से भर जाता है। प्रभात फेरी आत्मशुद्धि का माध्यम है, यह सिख व अन्य धर्म की उस भावना का प्रतीक है जिसमें कहा गया है कि 'नाम जपो, किरत करो,वंड छको' अर्थात ईश्वर का स्मरण करो, ईमानदारी से कार्य करो और सबमें बाँटो। यह लगभग 14 दिनों की धार्मिक यात्रा गुरु नानक जयंती की तैयारी का सबसे पवित्र चरण मानी जाती है। भारत में अमृतसर, पटियाला, लुधियाना, आनंदपुर साहिब, दिल्ली, नांदेड़, पटना साहिब जैसे गुरुद्वारों में प्रभात फेरियों की विशेष व्यवस्था की जाती है।परंतु अब यह परंपरा सीमित नहीं रही।कनाडा,अमेरिका ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, सिंगापुर और दुबई जैसे देशों में बसे सिख समुदाय भी इसे अत्यंत श्रद्धा से मनाते हैं। लंदन के साउथहॉल, वैंकूवर, मेलबर्न, टोरंटो, और कैलिफोर्निया के गुरुद्वारों से प्रभात फेरियाँ निकलती हैं, जिनमें न केवल भारतीय मूल के लोग बल्कि विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के लोग भी भाग लेते हैं। इस तरह यह पर्व 'ग्लोबल यूनिटी ऑफ स्पिरिचुअल एनर्जी' का प्रतीक बन गया है।

साथियों बात अगर हम इतिहास में प्रभात फेरी की परंपरा व आधुनिक रूप में पर्यावरण और समाज के प्रति संदेश को समझने की करें तो,गुरु नानक देव जी ने 15 वीं शताब्दी में जब आध्यात्मिक यात्रा आरंभ की थी, तब वे अक्सर अपने शिष्यों के साथ प्रभात बेला में भक्ति गीत गाया करते थे। यही परंपरा आगे चलकर प्रभात फेरी के रूप में स्थापित हुई। उनकी यह शिक्षाएँ उस युग में सामाजिक अंधकार में प्रकाश की किरण बनकर फैलीं गुरु नानक देव जी ने जात- पात, अंधविश्वास और धार्मिकभेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई और मनुष्य को उसके कर्म और सत्यनिष्ठा से परिभाषित करने की प्रेरणा दी। प्रभात फेरी इन्हीं सिद्धांतों को पुनर्जीवित करती है,यह केवल धार्मिक रिवाज नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और मानवता के जागरण का पर्व है,इस वर्ष की प्रभात फेरी में कई गुरुद्वारों ने ग्रीन प्रभात फेरी की पहल की है। इसका उद्देश्य है कि भक्ति के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा भी की जाए। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता सिख धर्म की मूल भावना से जुड़ी है,क्योंकि गुरुनानक देवजी ने कहा था 'पवण गुरु, पानी पिता, माता धरत महत।' इस संदेश के अनुरूप श्रद्धालु पौधरोपण, प्लास्टिक-मुक्त आयोजन और साइकिल प्रभात फेरी जैसी गतिविधियाँ करेंगे। अमृतसर, दिल्ली, पटना साहिब और नांदेड़ के गुरुद्वारों ने इस वर्ष 'एक पौधा एक श्रद्धालु अभियान' भी प्रारंभ किया है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्तिक प्रभात फेरी का विस्तार को समझने की करेंतो,21वीं सदी में प्रभात फेरी का स्वरूप अत्यंत वैश्विक हो गया है। विदेशों में बसे भारतीय समुदाय ने इसे 'फेस्टिवल ऑफ मॉर्निंग डिवोशन' के रूप में स्थापित किया है।कनाडा और ब्रिटेन में सिख समुदाय स्थानीय सरकारों के सहयोग से विशेष परमिट लेकर सड़कों पर प्रभात फेरी निकालता है। इसमें न केवल धार्मिक गीत बल्कि इंटरफेथ संवाद भी होते हैं, जिसमें हिंदू, मुस्लिम, क्रिश्चियन, ज्यू और बौद्ध धर्मों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। इससे गुरु नानक की सार्वभौमिक शिक्षा 'एक ओंकार सतनाम' का विश्व संदेश फैलता है कि सत्य एक है, परंतु उसे पाने के मार्ग अनेक हैं। गुरु नानक देव जी का दर्शन अत्यंत व्यापक था। उन्होंने कहा 'न को हिन्दू न मुसलमान,'अर्थात इंसान को धर्म से नहीं, उसके कर्म से आँकना चाहिए।प्रभात फेरी इसी विचारधारा की व्यावहारिक अभिव्यक्ति है। जब समाज के लोग एक साथ चलकर नाम जपते हैं, तब जाति, धर्म, भाषा और वर्ग का भेद मिट जाता है।यह एक ऐसा आयोजन है जो आत्मा और समाज दोनों को जोड़ता है। इसमें हर व्यक्ति को यह अनुभव होता है कि 'हम सब ईश्वर के एक ही प्रकाश के अंश हैं।'

## संक्षिप्त समाचार

### हमास ने इस्राइल को दो और शव लौटाए

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइली सेना के अनुसार, हमास ने गाजा में दो और बंधकों के शव रेड क्रॉस को सौंप दिए हैं। 10 अक्तूबर से शुरू हुई युद्धविराम अवधि के बाद अब तक 13 बंधकों के अवशेष इस्राइल को लौटाए जा चुके हैं। इन दो शवों के आने के बाद भी 13 और बंधकों के अवशेष गाजा में शेष हैं। इस्राइल दौरे पर पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बंधकों की वापसी की धीमी गति पर धैर्य रखने की अपील की, यह कहते हुए कि कई बंधक मलबे में दबे हैं या लापता हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइल प्रत्येक मृत बंधक के बदले 15 फलस्तीनियों के शव लौटा रहा है।

### गलतफहमी में ओमाहा लौटा लॉस एंजिलिस जा रहा अमेरिकी जेट

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका में एक जेट विमान में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पायलटों को लगा कि कोई शख्स कॉकपिट में घुसने की कोशिश कर रहा है। विमान ओमाहा से लॉस एंजिलिस जा रहा था लेकिन उड़ान भरने के महज 40 मिनट के भीतर ही वह ओमाहा हवाईअड्डे लौट आया। एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या 6469 में यह गलतफहमी इसलिए हुई क्योंकि पायलट और फ्लाइट अटेंडेंट एक-दूसरे से बात करने के लिए जिस इंटरकॉम का इस्तेमाल करते हैं, वह गलती से चालू रह गया था।

### पाक सैन्य कार्रवाई के खिलाफ बीएनएम का जर्मनी में प्रदर्शन

**बर्लिन, एजेंसी।** बलूचिस्तान में पाकिस्तान की सेना की ओर से जारी दमन के खिलाफ बलोच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) ने जर्मनी के हनोवर में बड़ा प्रदर्शन किया। इस दौरान बलोच कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान की सेना पर बलूचिस्तान में नरसंहार का गंभीर आरोप लगाया। बीएनएम ने एक बयान में कहा कि यह विरोध पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाइयों, ड्रोन हमलों और मानवाधिकार हनन के खिलाफ था। प्रदर्शनकारियों ने वैश्विक समुदाय से पीड़ितों के लिए न्याय और सैन्य कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

### काकाओ कॉर्प संस्थापक किम को राहत, शेयर हेरफेर के आरोपों से बरी

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने काकाओ कॉर्प के संस्थापक किम बेओम-सू को शेयर हेरफेर के आरोपों से बरी कर दिया है। काकाओ कॉर्प, लोकप्रिय मैसेंजर एप का संचालन करती है। अदालत के एक प्रवक्ता ने बताया किम को पिछले साल जुलाई में एसएम एंटरटेनमेंट के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था ताकि 2023 में एक प्रतिद्वंद्वी कंपनी हाइब को इसे खरीदने से रोका जा सके।

### नेतन्याहू ने राइख को बनाया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की नियुक्ति की है। उन्होंने त्जाची हानेगबी की जगह राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उपप्रमुख गिल राइख को कार्यवाहक प्रमुख बनाया है। पीएम कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले तीन वर्षों तक राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख के रूप में त्जाची हानेगबी की सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद किया है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। हानेगबी ने 2022 से यह जिम्मेदारी संभाली थी।

### हसीना शासन में भारत से हुए समझौतों में सिर्फ एक रद्द हुआ : विदेश मामलों के सलाहकार

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार एम तौहीद हुसैन ने कहा है कि शेख हसीना के शासन में भारत के साथ हुए समझौतों में से केवल एक ही समझौता रद्द किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही 10 समझौते रद्द होने की खबर को खारिज किया। पूर्व विदेश सचिव रह चुके हुसैन ने बताया कि रद्द किया गया समझौता भारत से तुगबोट खरीदने का था। जांच में हमने पाया कि यह परियोजना बांग्लादेश के लिए लाभकारी नहीं थी। इसे ढाका और नई दिल्ली की आपसी सहमति से रद्द किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार अदाणी पावर खरीद समझौता और भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट के तहत चल रहे अन्य प्रोजेक्टों की समीक्षा कर रही है।

### रामानुजन के नाम पर भारत और ब्रिटेन में नई वैज्ञानिक साझेदारी शुरू

**लंदन, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच विज्ञान के क्षेत्र में नई साझेदारी की शुरुआत हुई है। भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की मदद से रामानुजन जूनियर रिसर्चर्स प्रोग्राम ब्रिटिश की राजधानी स्थित लंदन इंस्टीट्यूट फॉर मैथमेटिकल साइंसेज में शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन और ब्रिटिश गणितज्ञ जीएच हार्डी की ऐतिहासिक दोस्ती से प्रेरित है।

# मलेशिया में ट्रंप का हो रहा भारी विरोध 20 संगठनों का 3 घंटे तक प्रदर्शन



**क्वालालम्पुर , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह 26 अक्टूबर को मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर में आसियान शिखर सम्मेलन में शिरकत करने जाएंगे। मलेशिया ने उन्हें विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। संभावना है कि इस दौरान उनकी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हो। अगर ऐसा होता है तो टैरिफ विवाद के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली मुलाकात होगी। 26 से 28 अक्टूबर के बीच क्वालालम्पुर में 47वीं आसियान शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया है। दूसरी तरफ, मलेशिया के कई संगठनों ने अमेरिकी राष्ट्रपति का विरोध करने का फैसला किया है। मलय मेल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 20 से ज्यादा नागरिक संगठनों ने 26 अक्टूबर को क्वालालम्पुर के अम्पांग पार्क में अमेरिकी राष्ट्रपति का विरोध करने की योजना बनाई है। अपनी योजना को आगे बढ़ाते हुए 20 संगठनों के इस समूह ने कहा है कि 26 अक्टूबर यानी रविवार को वे सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक ट्रम्प, आपका मलेशिया में स्वागत नहीं है शीर्षक से एक सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन आयोजित करेंगे।

**विरोध-प्रदर्शन को 20 से ज्यादा संगठनों का समर्थन :** बीडीएस मलेशिया के इंस्टाग्राम पेज पर साझा की गई प्रचार सामग्री के अनुसार, इस रैली को मुदा, पेजुआंग, अंगकाटन बेलिया इस्लाम मलेशिया और मलेशियाई इस्लामिक संगठनों की परामर्शदात्री परिषद (मैपिम) समेत 20 से अधिक सहभागी संगठनों का समर्थन प्राप्त है।

### प्रदर्शनकारियों के लिए टूलकिट जारी

विरोध-प्रदर्शन के आयोजकों ने प्रदर्शनकारियों के लिए एक टूलकिट भी जारी किया है, जिसमें कानूनी जानकारी दी गई है। उसमें विरोध-प्रदर्शन के प्रतिभागियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया है और कहा गया है कि अगर उनसे पूछताछ की जाती है, या उन्हें गिरफ्तार किया जाता है, या पुलिस को बयान देने के लिए कहा जाता है तो क्या करना है। टूलकिट में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों को कानूनी सलाह लेने और आत्म-दोष से जुड़े सवालों का जवाब देने से इनकार करने का अधिकार है। सलाह में प्रदर्शनकारियों से यह भी आग्रह किया गया है कि अगर उन्हें हिरासत में लिया जाता है तो वे शांत रहें, सहायता के लिए किसी निर्दिष्ट कानूनी हेल्पलाइन से संपर्क करें, और पुलिस के खाली बयानों पर हस्ताक्षर करने से बचें।

### ट्रंप से क्यों खफा मुस्लिम देश के लोग

सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होने वाले इस प्रदर्शन का उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का खुला विरोध करना है। यह विरोध प्रदर्शन फिलिस्तीन और मध्य पूर्व के प्रति ट्रम्प की नीतियों और बयानों की आलोचना के बीच हो रहा है। माना जा रहा है कि गाजा पट्टी में इजरायली कार्रवाई का समर्थन करने की वजह से मलेशियाई नागरिक संगठन ट्रंप का विरोध कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और संयुक्त राष्ट्र आयोग द्वारा नरसंहार बताए जा रहे गाजा पर इजरायल के युद्ध में अक्टूबर 2023 से अब तक करीब 68,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 170,200 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं।

# प्रधानमंत्री पर जानलेवा हमले के आरोपी को 21 साल की जेल, रूस का समर्थन करने से गुस्से में था



**ब्रातीस्लावा, एजेंसी।** स्लोवाकिया की एक अदालत ने मंगलवार को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या की कोशिश करने के आरोपी व्यक्ति को आतंकवादी हमले का दोषी ठहराया और उसे 21 साल की जेल की सजा सुनाई। इस घटना ने यूरोप के इस छोटे से देश को झकझोर कर रख दिया। दरअसल स्लोवाकिया को पश्चिमी देशों की बजाय रूस के करीब ले जाने के लिए रॉबर्ट फिको की आलोचना की जाती है।

**बीते साल प्रधानमंत्री पर हुआ हमला :** जुराज सिंटुला ने 15 मई, 2024 को प्रधानमंत्री रॉबर्ट फीको पर उस समय गोलीबारी की, जब वे राजधानी ब्रातिस्लावा से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक कार्यक्रम के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे। 72 वर्षीय सिंटुला को हमले के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया और हिरासत में भेज दिया गया। हालांकि जांचकर्ताओं द्वारा पूछताछ में सिंटुला ने खुद के आतंकवादी होने के आरोपों से इनकार कर दिया।

**अदालत ने आरोपी की उम्र देखते हुए दी 21 साल की सजा :** हमले में फिको को पेट में गोली लगी थी और उन्हें हैंडलोवा से पास के शहर बांस्का बिस्त्रिका के एक अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी पांच घंटे की सर्जरी हुई, उसके दो दिन बाद उनका एक और ऑपरेशन किया गया। फिलहाल वे ठीक हैं। सिंटूला ने बताया कि वह सरकार की नीतियों से असहमत था। हालांकि सरकारी वकील ने कहा कि यह हमला किसी आम नागरिक पर नहीं बल्कि देश के प्रधानमंत्री पर था। आरोपी ने लोगों से सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उकसाया। वकीलों ने आरोपी सिंटुला के लिए उम्रकैद की मांग की, लेकिन अदालत ने सिंटुला की उम्र और कोई आपराधिक रिकॉर्ड न होने को देखते हुए उसे 21 साल जेल की सजा सुनाई।

**यूक्रेन की सैन्य सहायता बंद करने से नाराज :** अदालती सुनवाई के दौरान अपनी गवाही में सिंटुला ने कहा कि वह फिको की नीतियों से असहमत हैं, जिनमें भ्रष्टाचार से निपटने वाले विशेष अभियोजन कार्यालय को रद्द करना, यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता बंद करना और संस्कृति के प्रति सरकार का रवैया शामिल है। उसने गवाही में कहा, मैंने प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का फैसला किया था, लेकिन मेरा किसी की हत्या करने का कोई इरादा नहीं था।

# अमेरिका के व्योमिंग में स्टेट कैपिटल बिल्डिंग में मिला संदिग्ध विस्फोटक, खाली कराई गई पूरी इमारत



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के व्योमिंग राज्य की स्टेट कैपिटल (विधानसभा) में संदिग्ध विस्फोटक मिलने के बाद इमारत को खाली करा लिया गया। जिस समय विस्फोटक बरामद हुआ, उस समय व्योमिंग के गवर्नर मार्क गॉर्डन भी स्टेट कैपिटल में मौजूद थे और विस्फोटक मिलने की जानकारी मिलते ही गवर्नर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सुरक्षित इमारत से निकाल लिया गया।

**स्टेट कैपिटल में ही है गवर्नर का कार्यालय:** व्योमिंग कैपिटल में राज्य गवर्नर का कार्यालय भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को इमारत के सामने एक संदिग्ध विस्फोटक मिला और वह उसे इमारत के अंदर ले आया। पुलिस ने व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं की है। कैपिटल की सुरक्षा करने वाले व्योमिंग हाईवे पेट्रोल के एक बयान के अनुसार, इमारत की सीढ़ियों और सड़क के बीच स्टेट सील पर उपकरण मिलने के बाद परिसर की ड्रोन और बम-सूंघने वाले कुत्तों की मदद से तलाशी ली गई। इसके बाद इमारत को खाली कराया गया।

**स्टेट कैपिटल के आस-पास की सड़कों को बंद किया गया :** व्योमिंग हाईवे पेट्रोल के प्रवक्ता आरोन ब्राउन ने बताया कि अधिकारियों ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि क्या मिला, सिवाय इसके कि यह संदिग्ध विस्फोटक घर में बना हुआ है और यह सैन्य गोला-बारूद जैसा है। ब्राउन ने कहा, यह असली है या नहीं, जानकारी नहीं है लेकिन हमारी सबसे बड़ी चिंता जनता की सुरक्षा है। पुलिस ने आस-पास की सड़कों को यातायात के लिए बंद कर दिया था, लेकिन शाम तक उन्हें फिर से खोल दिया गया। व्योमिंग कैपिटल में गवर्नर, राज्य सचिव, राज्य लेखा परीक्षक, राज्य लोक शिक्षण अधीक्षक और अटॉर्नी जनरल के मुख्य कार्यालयों के साथ ही राज्य सभा और सीनेट कक्ष स्थित हैं।

# पाकिस्तान ने भारत पर लगाए आरोप तो भड़क गया अफगानिस्तान, तालिबान ने खूब सुनाया

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें पाकिस्तान ने हालिया अफगान-पाक संघर्ष के पीछे भारत की भूमिका बताई थी। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मोहम्मद याक़ूब ने कहा कि पाकिस्तान के आरोप बेबुनियाद, अवैज्ञानिक और अस्वीकार्य हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफगानिस्तान भारत के साथ अपने संबंधों को राष्ट्रीय हितों के दायरे में और मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा, ये आरोप निराधार हैं। हमारी नीति कभी भी किसी अन्य देश के खिलाफ हमारी भूमि के उपयोग की अनुमति नहीं देती। हम भारत के साथ स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में संबंध बनाए रखते हैं और अपने राष्ट्रीय हितों के तहत इन्हें और मजबूत करेंगे। तालिबान संस्थापक मुल्ला उमर के बेटे याक़ूब ने अल जीजरा से बात करते हुए यह भी कहा कि पाकिस्तान के साथ शांति बनाए रखने के लिए आपसी सम्मान और समझौते के प्रति प्रतिबद्धता जरूरी है। उन्होंने कहा कि कतर और तुर्की को दोनों देशों के बीच हुए समझौते के पालन की निगरानी करनी चाहिए। 11 अक्टूबर को हुए काबुल विस्फोटों के कुछ दिन बाद अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर हिंसा भड़क उठी। ये धमाके उस समय हुए थे जब तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत की ऐतिहासिक यात्रा पर थे। इसके बाद तालिबान बलों ने दक्षिणी सीमा पर जवाबी कार्रवाई की, जिसमें कई पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान का आरोप है कि तालिबान सरकार आतंकवादी संगठनों, खासकर टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) को शरण दे रही है और वे अफगान भूमि से पाकिस्तान पर हमले कर रहे हैं। वहीं, तालिबान सरकार का कहना है कि पाकिस्तान की आक्रामक कार्रवाई और हवाई हमले ही मौजूदा तनाव की असली वजह हैं। इस संघर्ष से दोनों देशों के सीमावर्ती इलाकों में नागरिक प्रभावित हुए हैं। तोरखम और चमन बॉर्डर बंद होने से व्यापार और लोगों की आवाजाही ठप है।



पाकिस्तान का भारत पर आरोप

इस्लामाबाद ने हाल के दिनों में भारत पर भी आरोप लगाए हैं कि काबुल में तालिबान सरकार भारत की गोद में बैठी है और पाकिस्तान के खिलाफ भारत का प्रॉक्सी युद्ध लड़ रही है। भारत ने इन आरोपों को सख्ती से खारिज करते हुए कहा कि यह पाकिस्तान की पुरानी आदत है कि वह अपनी असफलताओं के लिए पड़ोसियों को दोष देता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, तीन बातें साफ हैं। पहली यह कि पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों को शरण देता है और आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है। दूसरी, अपनी आंतरिक नाकामियों के लिए दूसरों को दोष देना उसकी पुरानी आदत है। और तीसरी, पाकिस्तान इस बात से नाराज है कि अफगानिस्तान अब अपनी संप्रभुता का इस्तेमाल खुद कर रहा है।

# सऊदी अरब ने खत्म किया कफाला सिस्टम? प्रवासी श्रमिकों को बड़ा तोहफा

**दुबई, एजेंसी।** सऊदी अरब में अब पहले के मुताबिक जॉब करना आसान हो गया है क्योंकि इस देश ने गुलामी की जंजीर कही जाने वाली दशकों पुरानी कफाला सिस्टम का अंत कर दिया है। यह लेबर स्पॉन्सरशिप सिस्टम था, जिसके तहत लाखों विदेशी कामगारों के जीवन और अधिकारों को नियंत्रित किया जाता था। जून 2025 में घोषित यह निर्णय अब प्रभावी हो गया है। यह प्रवासी कल्याण और श्रम अधिकारों में सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस सुधार से लगभग 1.3 करोड़ प्रवासी कामगारों को लाभ होने की उम्मीद है, जिनमें से अधिकांश दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया से हैं।



इनमें भारतीयों की भी बड़ी संख्या है।

**कफाला सिस्टम क्या? :** कफाला, अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ प्रायोजन यानी स्पॉन्सरशिप होता है। यह शब्द खाड़ी देशों में जीवन के एक तरीके को उजागर करता है। इसके तहत कोई भी विदेशी कामगार या श्रमिक वहां किसी नियोक्ता के स्पॉन्सरशिप पर ही काम कर सकता था। इस सिस्टम में नियोक्ताओं का अपने कर्मचारियों पर लगभग पूरा कंट्रोल होता है। कर्मचारी अपने स्पॉन्सरशिप की इजाजत के बिना न तो नौकरी बदल सकते हैं, न देश छोड़ सकते हैं, या यहां तक कि उसे कोई कानूनी मदद भी नहीं मिल सकती है। यह एक तरह से गुलामी की जंजीर थी।

**1950 के दशक से ही चला आ रहा :** यह सिस्टम 1950 के दशक से ही चला आ रहा है। सऊदी अरब के अलावा यह कतर, कुवैत, जॉर्डन जैसे देशों में बहुत प्रचलित सिस्टम है। कफाला सिस्टम मूल रूप से तेल-समृद्ध खाड़ी अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण के लिए आवश्यक सस्ते विदेशी श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उसका प्रबंधन करने के लिए डिजाइन किया गया था। इस प्रणाली के अनुसार, प्रत्येक प्रवासी श्रमिक एक स्थानीय प्रायोजक, जिसे कफ़ील कहा जाता था, से बंधा होता था, जो उनके निवास, रोजगार और कानूनी स्थिति पर अधिकार रखता था।

**श्रमिकों के शोषण का जरिया था ये सिस्टम :** शुरुआत में यह सिस्टम प्रवासी श्रमिकों की मदद के लिए लाया गया था ताकि विदेशी जमीं पर उनके रहमे-सहने, खाने-पीने का इंतजाम उसके स्पॉन्सर करें लेकिन बाद में यह सिस्टम श्रमिकों के शोषण का जरिया बन गया।



# वेस्ट बैंक में बसे इस्राइली नागरिकों ने फलस्तीनी किसानों को पीटा, जैतून की फसल को लेकर हुआ विवाद

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम के बाद बेशक गाजा में शांति हो गई है, लेकिन अभी भी नफरत और तनाव का माहौल बरकरार है। हाल ही में फलस्तीन के वेस्ट बैंक इलाके में जब कुछ फलस्तीनी किसान जैतून की फसल देखने पहुंचे तो वहां इस्राइली कैंपों में रहने वाली इस्राइली नागरिकों ने कथित तौर पर उन पर हमला किया। इस हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है और अन्य लोगों को भी चोट आई है।

**वेस्ट बैंक के इस इलाके में अक्सर होती हैं हिंसक झड़पें :** वेस्ट बैंक के जिस इलाके तुर्मुस अय्या में ये झड़प हुई, वह पश्चिमी तट पर स्थित इस्राइली कब्जे वाला इलाका है। इस इलाके में फलस्तीनी किसान कथित तौर पर अपनी जैतून की फसल काटने पहुंचे थे, लेकिन इस्राइली नागरिकों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है।

**जैतून फसल कटाई के मौसम में ज्यादा होती हैं हिंसक घटनाएं :** फलस्तीनियों का कहना है कि इस क्षेत्र में हिंसा बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार समूहों ने जैतून की फसल कटाई के मौसम की शुरुआत और फलस्तीनी किसानों के बढ़ते जोखिम को देखते हुए चिंता जताई है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दिख रहा है कि, एक नकाबपोश व्यक्ति जैतून के बाग में दौड़ता हुआ और कम से कम दो लोगों को डंडे से पीटते हुए दिखाई दे रहा है, जिनमें एक महिला भी शामिल है, जो जमीन पर बेसुध पड़ी है। नकाबपोश व्यक्ति यहूदियों के एक पारंपरिक झालरदार वस्त्र, त्जित्जित पहने हुए दिख रहा है। रामल्लाह स्थित फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि महिला को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**वेस्ट बैंक के पश्चिमी तट पर इस्राइल का कब्जा :** तुर्मुस अय्या, जिसकी आबादी मुख्यत फलस्तीनी है। यह इलाका लंबे समय से इस्राइल के बसने वाले लोगों के हमलों का निशाना रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान हिंसा और भी बदतर हो गई। तुर्मुस अय्या एक घाटी में बसा है जिसके चारों ओर इस्राइली बस्तियां और चौकियां हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि 2025 की पहली छमाही में इस्राइली नागरिकों के हमलों की 757 घटनाएं हुईं।

# वाइट हाउस में दीप जलाकर ट्रंप ने मनाई दीपावली

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की और दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों और पाकिस्तान की स्थिति पर चर्चा की। यह बातचीत दीपावली के अवसर पर हुई, जब ट्रंप ने वाइट हाउस में दीप जलाकर भारतीय समुदाय को शुभकामनाएं दीं। ट्रंप ने कहा, मैं भारत के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आज ही मैंने आपके प्रधानमंत्री से बात की है। बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने व्यापार पर चर्चा की। वो इस पर बहुत रुचि रखते हैं। हमने पाकिस्तान के साथ युद्ध न होने की बात भी की। यह बहुत अच्छी बात रही। वो एक शानदार व्यक्ति हैं और सालों से मेरे अच्छे मित्र रहे हैं। इस दौरान ट्रंप ने यह भी बताया कि उन्होंने भारत पर 25% नया टैरिफ (शुल्क) लगाया है, जो रूसी तेल की खरीदारी को लेकर लगाया गया है। इस वर्ष



अब तक भारत पर कुल अमेरिकी आयात शुल्क 50% तक पहुंच चुका है। दोनों देशों के बीच व्यापारिक वार्ताएं फिलहाल जारी हैं।

चीन के साथ व्यापारिक विवाद पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा, एक नवंबर से चीन पर करीब 155% शुल्क लगाया जाएगा। यह उनके लिए टिकाऊ नहीं है। मैं चीन के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहता हूं, लेकिन उन्होंने हमें कई सालों तक नुकसान पहुंचाया है, क्योंकि हमारे पूर्व राष्ट्रपति व्यावसायिक दृष्टि से इतने समझदार नहीं थे। ट्रंप ने मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया पर भी बात की और दावा किया कि उनके कार्यकाल में दुनिया के कई हिस्सों में शांति स्थापित हुई। उन्होंने कहा, हम पूरी दुनिया में शांति स्थापित कर रहे हैं। कई देश अब एक-दूसरे के साथ आ गए हैं। हाल ही में मुझे मध्य पूर्व से कॉल आई। हम वहां बहुत अच्छा कर रहे हैं। कई देशों ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो पहले असंभव माना जाता था। हमास पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप ने कहा कि यह समूह काफी हिंसक है, लेकिन अमेरिका स्थिति को नियंत्रित कर सकता है। उन्होंने कहा, अगर उन्होंने शांति समझौते का पालन नहीं किया, तो उन्हें बहुत जल्दी संभाल लिया जाएगा। अब मध्य पूर्व में पूरी तरह शांति है। जो देश पहले एक-दूसरे के दुश्मन थे अब मित्र बन चुके हैं।

**रूस से तेल खरीद पर भी दिया बयान :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, मैं भारत के लोगों से प्यार करता हूं। हम अपने देशों के बीच कुछ बेहतरीन समझौतों पर काम कर रहे हैं। मैंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की और हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। वह रूस से ज्यादा तेल नहीं खरीदेंगे। वह भी मेरी तरह रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को खत्म होते देखना चाहते हैं। वे बहुत ज्यादा तेल खरीदने नहीं जा रहे हैं। इसलिए उन्होंने इसमें काफी कटौती कर दी है, और वे इसमें लगातार कटौती करते जा रहे हैं।

**हम पूरी दुनिया में शांति स्थापित कर रहे-ट्रंप:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा, हम पूरी दुनिया में शांति स्थापित कर रहे हैं... हम सभी को साथ लेकर चल रहे हैं। मुझे अभी मध्य पूर्व से फ़ोन आया है। हम वहाँ बहुत अच्छा कर रहे हैं। कई देशों ने मध्य पूर्व में शांति के लिए समझौता किया है, और किसी ने नहीं सोचा था कि वे कभी ऐसा होते देखेंगे। हमास की स्थिति, वे बहुत हिंसक लोग हैं। हम इसे दो मिनट में सुलझा सकते हैं। हम उन्हें एक मौका दे रहे हैं। उन्होंने सहमति जताई थी कि वे बहुत अच्छे और सीधे रहेंगे। वे लोगों की हत्या नहीं करेंगे। अगर वे समझौते का सम्मान नहीं करते हैं, तो उनका बहुत जल्दी निपटारा कर दिया जाएगा। मध्य पूर्व में पूर्ण शांति है; हम सभी के साथ मित्रता के स्तर पर हैं। हर देश जो एक-दूसरे से नफरत करता था, अब एक-दूसरे से प्यार करता है।

जानकारी

# ब्रोकली खाने से टल जाएंगी ये प्रॉब्लम



ब्रोकोली, जो दिखने में बिल्कुल फूलगोभी की तरह होती है। ज्यादातर लोग इसका इस्तेमाल सलाद के रूप में करते है। बहुत से लोग ऐसे भी है, जो ब्रोकोली का सूप या सब्जी बनाकर खाना पंसद करते है। भारत में ब्रोकोली का चलन तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी यह आम लोगों में ज्यादा लोकप्रिय नहीं है। ब्रोकोली बहुत ही पौष्टिक सब्जियों में आती है, जिसमें एंटीऑक्सीडेंट और फाइटोकैमिकल्स मौजूद होते है। इसके अलावा ब्रोकोली में आयरन, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, विटामिन्स भरपूर मौजूद हैं। इससे शरीर स्ट्रोंग बनता है और उसे कई बीमरियों से लड़ने की ताकत मिलती है। हम आपको बताएंगे कि ब्रोकोली खाने से आप किन-किन बीमारियों से बचे रहते हैं।

## कैंसर से बचाव

ब्रोकोली में फाइटोकैमिकल्स मौजूद होता है, जो शरीर में जाकर हॉर्मोंस कैंसर से बचाएं रखता है। यह शरीर में पैदा होने से कैंसर सेल्स को रोकती है और शरीर में मौजूद जहरीले तत्वों का बाहर निकालती है। ब्रोकोली को एंटी-कैंसर सब्जी भी कहा जाता है।

## इम्युनिटी बढ़ाएं

ब्रोकोली में विटामिन सी भरपूर होता है, जो बॉडी के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। इसके सेवन से शरीर को किसी भी प्रकार के संक्रमण से लड़ने की क्षमता मिलती है। यह बॉडी से टॉक्सिन्स को बाहर निकालती है और सर्दी-जुकाम से दूर रखती है।

## स्वस्थ होगा दिल

ब्रोकोली में कैरोटीनोइड ल्यूटिन पाया जाता है, जो दिल की धमनियों को मोटा होने से रोकता है। इसके अलावा इसके सेवन से दिल का दौरा पड़ने का खतरा टल जाता है और कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम हो जाता है।

## आंखों के लिए फायदेमंद



ब्रोकोली में बीटा-कैरोटीन तत्व होता है, जो विटामिन ए का अच्छा स्त्रोत है। इसके सेवन से आंखें स्वस्थ रहती है और मोतियाबिंद होने का खतरा कम होता है। इसको खाने से आंखों रोशनी बढ़ती है।

---

हर किसी को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। खासकर बारिश और सर्दियों के मौसम में लोगों को अक्सर सर्दी-जुकाम, फीवर के साथ ही स्किन से संबंधित शिकायत हो जाती है। आज हम आपको कुछ ऐसे ही फूड के बारे में बताएंगे, जिसके खाने से आप इस मौसम में शरीर को होने वाली छोटी-मोटी समस्याओं से बचा सकते हैं। आइए जानते हैं शरीर को एनर्जी देने वाले इन सुपर फूड के बारे में।



# रोजाना इन चीजों के सेवन से शरीर रहेगा हमेशा तंदुरुस्त

### तिल

एंटीऑक्सीडेंट और आयरन के गुणों से भरपूर तिल का गुड़ के साथ सेवन करना शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके अलावा आप इससे बनी तिलपट्टी का सेवन भी कर सकते हैं।

### गोंद के लड्डू

एक बाउल में गोंद, गेहूं का आटा, चीनी, घी, खरबूज के बीज, बादाम, और इलाइची को मिक्स करके लड्डू बनाएं। रोजाना 1 लड्डू खाने से आपके शरीर में गर्मी बनी रहेगी।

### संतरा, गाजर, अमरूद

विटामिन ए और सी से भरपूर इन फलों का सेवन आपके इम्यून सिस्टम को बढ़ाता है। इसके अलावा ये फ्रूट्स आंखों और स्किन के लिए भी बहुत अच्छे होते है।

### अलसी के बीज

इसमें पीसा गुड़, क्रश नट्स, तरबूज के बीज और कद्दू के बीजों को मिला पंजीरी बना लें। इसे रोजाना खाने से सर्दी-कफ के साथ-साथ कई हेल्थ प्रॉब्लम भी दूर होगी।

### चिक्की

मूंगफली और गुड़ से बनी चिक्की का रोजाना सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद न्यूट्रीशन सर्दियों में भी शरीर को गर्म रखते है।

### दालचीनी कुकीज

चीनी, आटा, दालचीनी, बेकिंग पाउडर, नमक, मक्खन, अंडे, और वेनिला एस्सेंस को मिला कर कुकीज तैयार करें। रोजाना 1 कुकीज खाने से आपको शरीर को एनर्जी तो मिलेगी, इसके साथ ही इससे कई हेल्थ प्रॉब्लम भी दूर होगी।

### रोस्टेड नट्स

विटामिन ई के गुणों से भरपूर मूंगफली, काजू, बादाम, अखरोट जैसे नट्स को रोस्ट करके रोजाना खाने से स्किन में ग्लो आने के साथ कई हेल्थ प्रॉब्लम दूर होती है।

### मखाने

मखानों को जैतून या नारियल के तेल में रोस्ट करके इनके उपर हल्की सी चिल्ली फ्लेक्स और ओरिगैनो छिड़के। रोज सुबह इसका सेवन करने से शरीर को पूरा दिन एनर्जी मिलती है।

## हेल्दी यूटरस के लिए खाएं ये फूड्स

औरतों को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना जरूरी होता है। अगर वे खुद हैल्दी रहेंगी, तभी अपने परिवार का भी अच्छे से ख्याल रख पाएंगी। ऐसी बहुत सी परेशानियां होती हैं, जो औरतों की पर्सनल प्रॉब्लम होती हैं। इसके बारे में वह कई बार किसी से खुल कर बात भी नहीं कर पाती। महिलाओं में डिलीवरी या फिर शारीरिक कमजोरी के कारण बच्चेदानी में कमजोरी आ जाती है। यूटरस की कमजोरी को दूर करने के लिए अपने आहार में शामिल करें ये चीजें।



**फाइबर** : फाइबर युक्त आहार खाने से शरीर में से विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। अपने खाने में फल, हरी सब्जियां, बींस और 8-10 गिलास पानी का सेवन जरूर करें।

**सब्जियां**: सब्जियों में कैल्शिम, पोटाशियम, मैग्नीशियम और विटामिन भरपूर मात्रा में शामिल होते हैं। इससे शारीरिक कमजोरी दूर होती है और किसी तरह की इंफेक्शन की भी डर नहीं रहता।

**फल**: विटामिन सी युक्त फलों का सेवन करने से कई तरह की बीमारियों से राहत मिलती है। फलों का सेवन करने से ओवरी कैंसर से भी राहत मिलती है।

**डेयरी प्रॉडक्ट** : दूध, पनीर, मक्खन जैसे कैल्शियम से भरपूर पदार्थ भी बच्चेदानी के सेहत के लिए अच्छे होते हैं।

**ग्रीन टी**: ग्रीन टी एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होती है। बच्चेदानी से जुड़ी समस्याओं के लिए रोजाना एक कप ग्रीन टी का सेवन करें।

**ड्राई फ्रूट और बीज**: खाने में बादाम, अलसी के बीज, काजू, अखरोट को जरूर शामिल करें। इनमें फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होता है, जो ओवरी के लिए लाभकारी है।

---

सुझाव

# माउथवॉश से दूर करें स्किन की कई परेशानियां



मुंह की बदबू को दूर करने के लिए हम लोग अक्सर माउथवॉश का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन आप शायद यह नहीं जानते कि दांतों की फ्रैशनेस के अलावा भी इसके कई इस्तेमाल हैं। ब्यूटी से जुड़ी बहुत सी परेशानियों को दूर करने के लिए यह काम आ सकता है। आइए जानें किन तरीकों से ब्यूटी प्रॉब्लमस को दूर करता है माउथवॉश।

## रूसी

सर्दी के मौसम में बालों में रूसी की समस्या होना आम बात है। इसके लिए माउथवॉश बहुत लाभकारी है। बालों को शैंपू के साथ धोने के बाद जड़ों पर माउथवॉश के साथ मसाज करें और फिर पानी से बाल धोकर कंडीशनर कर लें। हफ्ते में 1 बार इसका इस्तेमाल करें। लगातार 3-4 बार इस्तेमाल से रूसी गायब हो जाएगी।

## नाखूनों की फंगस

नाखूनों में फंगस जमा हो जाने पर ये काले पड़ जाते हैं। इसके लिए माउथवॉश और सेब के सिरके को बराबर मात्रा में मिलाकर रूई की सहायता से नाखूनों पर लगाएं। इसका दिन में 2 बार इस्तेमाल करें।

## हैंड सैनेटाइजर

माउथवॉश को आप हैंड सैनेटाइजर की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे छोटी बोतल में डालकर अपने पर्स में रख लें और सैनेटाइजर की जगह पर इस्तेमाल करें, लेकिन इससे पहले इस बात की जांच कर लें कि ये शूगर और एल्कोहल फ्री हो।

## दूर करें हाथों की बदबू

माउथवॉश सिर्फ मुंह की बदबू को दूर करने का काम ही नहीं करता, बल्कि इससे हाथों में से आ रही लहसुन और प्याज की बदबू भी दूर हो जाती है। माउथवॉश को हाथों पर रगड़ लें और सूखने दें।

## फटी एड़ियां करें ठीक

गुनगुने पानी में 1-2 ढक्कन माउथवॉश डाल लें और इसमें पैरों को डूबों कर रखें। इसके बाद क्रीम से पैरों की मसाज करें।

---

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

## काकुरो पहेली - 2626




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



$5+6+7+8+9=35$
$4+6+7+8+9=34$
$5+7+8+9=29$
$6+7+8+9=30$

### काकुरो - 2625 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

विवाह के बाद प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि देखो अब हमारी शादी हो चुकी है।

तुम्हारी कुछ बातें ऐसी हैं, जो मुझे पसंद नहीं आतीं... और मैं तुम्हें वह सब बता देना चाहता हूँ। तुम चाहो तो इन्हें अपनी कमजोरियाँ समझ सकती हो।

प्रेमिका- रहने दो! मुझे अपनी सारी कमजोरियाँ मालूम हैं। आखिर उन्हीं के कारण तो मैं अच्छा पति नहीं पा सकी। इसका मुझे बेहद अफसोस है।

□ □ □


एक मोहल्ले में चल रहे कवि सम्मेलन के दौरान एक कवि मंच पर हाजिर हुआ तो नीचे बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

कवि बहुत ज्यादा उत्सुक था, उसने कहा- मेरे प्यारे श्रोताओं! अब मैं तुम्हे जो कविता आपको सुनाने जा रहा हूँ उसका शीर्षक है- पानी, आग और धुआँ।

भीड़ में से एक श्रोता चिल्लाया- अरे, तो सीधे-सीधे क्यों नहीं कहते कि हुक्का है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 2626



**बायें से दायें:-**

१. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
६. जीतेंद्र, रीना, रामेश्वरी की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-२
९. फिल्म 'कसक' की नायिका कौन थी-३
१२. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
१८. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-४
२०. 'छुपा रूस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४.'चाइना टाउन' के संगीतकार कौन-२
२६. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और काँटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -३
४. 'बंदिश' में जैकी की नायिका-२
५. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिली निगाहें' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१०. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
१३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'मय से मीना से ना' गीतवाली फिल्म-४
१५. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-४
१६. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१८. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
२३. 'उधर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-३
२७ रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९.'तदबीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-२
३१. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 2625




## सूडोकु -2626


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2625 का हल



## शब्द पहेली - 2626



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली -2625 का हल



## अरुणाचल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में उल्फा (आई) का उग्रवादी ढेर

एजेंसी

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के नामसाई ज़िले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) का एक वरिष्ठ कैडर मारा गया है। उस पर असम के काकोपाथर में सेना के एक शिविर पर हुए हालिया हमले में शामिल होने का संदेह था। सेना के सूत्रों ने आज बताया है कि भारतीय सेना और असम राइफल्स ने उग्रवादियों की गतिविधि की खुफिया जानकारी मिलने के बाद 21 और 22 अक्टूबर की मध्यरात्रि को एमएस-6 के घने जंगल क्षेत्र में एक समन्वित अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने समूह से संपर्क किया, जिसके बाद दोनों ओर से कुछ देर तक गोलीबारी हुई। सुबह होते ही सैनिकों ने असम के तिनसुकिया ज़िले के करदाईगुरी गांव से उल्फा (आई) के एक स्वयंभू सार्जेंट मेजर इवोन आसोम का शव बरामद किया। घटनास्थल से एक राइफल, एक आरपीजी राउंड और तीन रूकसाक भी बरामद किए गए। मुठभेड़ के दौरान उल्फा (आई) के पांच कैडरों के होने की जानकारी सेना को मिली थी, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए अन्य कैडर फरार हो गये।सूत्रों ने बताया कि संगठन की स्ट्राइक यूनिट का एक प्रमुख सदस्य था और उस पर 17 अक्टूबर को काकोपाथर आर्मी कैंप पर हुए हमले में भूमिका निभाने का संदेह है। इस हमले में आतंकवादियों ने कैंप पर गोलीबारी की थी और एक चलती गाड़ी से ग्रेनेड फेंके थे, जिसमें तीन जवान घायल हो गए थे।

## आंध्र प्रदेश में अगले चार दिन भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट

**अमरावती।** दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना गंभीर निम्न दबाव का क्षेत्र और मज़बूत होता जा रहा है। मौसम विभाग ने पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और बुधवार की आधी रात तक अवदाब में बदलने का अनुमान जताया है। इसके प्रभाव से अगले चार दिन तक पूरे आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों और रायलसीमा जिलों में व्यापक बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस अवदाब के प्रभाव से तटीय आंध्र के कुछ जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। विशेष रूप से दक्षिण तटीय आंध्र और रायलसीमा जिलों के लिए अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। इस देखते हुए राज्य के नेल्लोर, तिरुपति, अन्नामय्या, प्रकाशम और कडप्पा जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। सत्य साईं, अनंतपुर, चित्तूर और नंदयाल जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट और कुरनूल और पालनाडु जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा कि इस निम्न दबाव के कारण तट पर 40 से 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएँ चलने की संभावना है। इस चेतावनी के बाद 23 और 24 अक्टूबर तक अधिकारियों ने मछुआरों को मछली पकड़ने के लिए समुद्र में न जाने की चेतावनी जारी की है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक बारिश पालनाडु जिले में दर्ज की गई। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि नेल्लोर जिले के आत्मकुर क्षेत्र में 15 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## पश्चिम बंगाल की महिला से बेंगलुरु में सामूहिक बलात्कार, तीन गिरफ्तार

**बैंगलोर।** मदनायकनहल्ली पुलिस ने पश्चिम बंगाल की एक महिला के साथ बेंगलुरु में सामूहिक बलात्कार के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्तिक, ग्लेन और सेओग को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस दो और फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। आरोपियों ने कल रात बेंगलुरु उत्तर तालुका के गंगोंडनहल्ली में इस अपराध को अंजाम दिया। मामले के संबंध में बैंगलोर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सी.के. बाबा ने बताया कि घटना मंगलवार रात मदनायकनहल्ली थाना क्षेत्र में हुई। कुल पांच आरोपी किराए के मकान में रहने वाली एक पश्चिम बंगाली महिला के घर में घुस आए। उन्होंने घर में मौजूद दो पुरुषों को बांध दिया, फिर उनके साथ मारपीट और बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि घटना का पता चलने के बाद, वे घटनास्थल पर गए और निरीक्षण किया, और इस संबंध में सामूहिक बलात्कार और डकैती का मामला दर्ज किया गया है। घटना में घायल हुए दो लोगों का नीमांस में इलाज चल रहा है। महिला का मोबाइल फोन और 50,000 रुपये नकद चोरी हो गए। घटना के सिलसिले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, बाकी दो की तलाश के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीवाईएस नेलमंगला के अधिकारी जांच में जुटे हैं।

## जनजातीय व्यापार सम्मेलन 12 नवंबर को यशोभूमि में होगा आयोजित

**नई दिल्ली।** जनजातीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 12 नवंबर को यशोभूमि में जनजातीय व्यापार सम्मेलन 2025 का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को जनजातीय कार्य मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित जनजातीय व्यापार सम्मेलन 2025 सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को मूर्त रूप देगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश भर में आदिवासी उद्यमियों को सशक्त बनाना और समावेशी, नवाचार-आधारित और सतत विकास को बढ़ावा देना है। इसे वर्ष भर चलने वाली राष्ट्रीय पहल श्रृंखला के तहत आयोजित किया जा रहा है। सरकार का समग्र दृष्टिकोण जनजातीय कार्य मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और डीपीआईआईटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला यह सम्मेलन अभिसरण और सहयोग का प्रतीक है। इसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, कौशल विकास एवं उद्यमिता, वस्त्र, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि और ग्रामीण विकास जैसे प्रमुख मंत्रालयों की सक्रिय भागीदारी है।

# छठ पर घर जाने वालों के लिए अगले पांच दिनों में चलाई जाएंगी 1500 विशेष ट्रेनें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल ने व्यापक इंतजाम किए हैं। छठ पर्व के अवसर पर अगले पांच दिनों में 1500 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। यानी औसतन प्रतिदिन 300 ट्रेनें चलेंगी, ताकि हर यात्री सुरक्षित और आरामदायक तरीके से अपने घर पहुंच सके।

रेल मंत्रालय के अनुसार, नियमित ट्रेनों के अलावा पिछले 21 दिनों में 4,493 विशेष ट्रेन चलाई गई हैं, जिनका औसत प्रतिदिन 213 ट्रिप्स रहा। इन विशेष ट्रेनों ने दीपावली के अवसर पर यात्रियों को समय पर अपने घर पहुंचने में बड़ी सुविधा दी है। भारतीय रेल एक अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक 61 दिनों की अवधि में 12 हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चला रही है। अब



तक 11,865 ट्रिप्स (916 ट्रेनों) की अधिसूचना जारी की जा चुकी है, जिनमें 9,338 आरक्षित और 2,203 अनारक्षित ट्रिप्स शामिल हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है, जब 7,724 पूजा और दीपावली विशेष ट्रेनें चलाई गई थीं। रेल मंत्रालय के अनुसार, 21 से 31 अक्टूबर के बीच लगातार विशेष ट्रेनों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। 21 अक्टूबर को 282 विशेष ट्रेनें चलाई गई, जबकि 22 अक्टूबर को 285 और 23 अक्टूबर को 295 ट्रिप्स अधिसूचित की गईं। 24 अक्टूबर को यह संख्या बढ़कर 303 हो जाएगी और 25 अक्टूबर को सर्वाधिक 311 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। 26 अक्टूबर को 305 ट्रिप्स संचालित होंगी, जबकि 27 अक्टूबर को 286, 28 एवं 29 अक्टूबर को 242-242 विशेष ट्रेनें चलेंगी। इसके बाद 30 एवं 31 अक्टूबर को 263-263 विशेष ट्रिप्स का संचालन किया जाएगा। रेलवे ने न केवल अतिरिक्त ट्रेनें चलाई हैं बल्कि यात्री सेवाओं और सुविधाओं में भी सुधार किया है। 19 अक्टूबर को सूरत के उधना स्टेशन से 36 हजार से अधिक यात्रियों ने यात्रा की- जो पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर, होल्डिंग एरिया और भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई। यात्रियों ने इस बार रेलवे की स्वच्छता, सुरक्षा और सेवा स्तर की प्रशंसा की है। जबलपुर स्टेशन की स्वच्छता और सुव्यवस्था, बेंगलुरु-कोलकाता ट्रेन की स्वच्छ कोच व्यवस्था तथा अहमदाबाद स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों की सहायता जैसी पहलें यात्रियों के अनुभव को बेहतर बना रही हैं।

## इंडिगो विमान की वाराणसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

एजेंसी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी के बाबतपुर में स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बुधवार शाम कोलकाता से श्रीनगर जा रहे इंडिगो एयरलाइंस के विमान को फ्यूल लिकेज की शिकायत पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। विमान के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) वाराणसी से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर विमान को रनवे पर सकुशल उतारा गया। इस संबंध में डीसीपी गोमती जोन कार्यालय की ओर से बताया गया कि इंडिगो एयरलाइंस की विमान संख्या 6ई-6961 जो कोलकाता से श्रीनगर जा रही थी। विमान में फ्यूल लिकेज की शिकायत पर वाराणसी बाबतपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में कुल 166 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। सभी को सुरक्षित उतार कर एयरपोर्ट के एराइवल हॉल में बैठाया गया है। तकनीकी टीम विमान की जांच और मरम्मत में जुटी है। एयरपोर्ट अथारिटी एवं संबंधित जांच एजेंसी आवश्यक जांच में जुटी हुई है।



## पर्यावरण संरक्षण में इंदौर ने देशभर में प्रस्तुत किया बेहतर उदाहरण : डॉ. अफरोज अहमद

एजेंसी

**भोपाल।** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में पर्यावरण सुधार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि देश में इंदौर की पर्यावरणीय स्थिति सराहनीय है। इसे और अधिक बेहतर बनाए रखने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण में इंदौर ने देशभर में उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसे आगे और सुदृढ़ किया जा सकता है। डॉ. अहमद इंदौर प्रवास के दौरान जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर में प्रदूषण नियंत्रण, हरियाली विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन और नदियों की स्वच्छता जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के सदस्य डॉ. अहमद ने सभी विभागों से समन्वित प्रयासों के माध्यम से इंदौर को देश में पर्यावरण संरक्षण का अग्रणी शहर बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंदौर जागरूक नागरिकों का शहर है। विकासात्मक गतिविधियों में



नागरिकों की उल्लेखनीय भूमिका हमेशा से रही है। सभी के समन्वित प्रयासों से इंदौर को नम्बर वन बनाये रखा जाए। उन्होंने कहा कि इंदौर में यातायात प्रबंधन के लिए एसओपी जारी की जाए। जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। तालाबों का सीमांकन कराया जाए। रिक्त भूमि पर वृक्षारोपण किया जाए। यह ध्यान रखा जाए कि शहर में नयी बनने वाली कॉलोनियों में अनिवार्य रूप से 14 प्रतिशत हरित क्षेत्र डेवलप हो, इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक और अन्य इकाईयों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई हो। सड़कों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने पर्यावरण सुधार के लिए इंदौर जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता और जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

## छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर नवा रायपुर में होगा वायु सेना का 'सूर्यकिरण एरोबैटिक शो'

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस पर 5 नवंबर को राजधानी नवा रायपुर का आसमान ऐतिहासिक दृश्य का साक्षी बनेगा। भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम अपने रोमांचकारी करतबों से छत्तीसगढ़ और देशवासियों को गर्व, उत्साह और देशभक्ति की भावना से भर देगी। यह शो रजत जयंती समारोह का सबसे विशेष आकर्षण होगा।

राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित यह एरोबैटिक शो छत्तीसगढ़ की प्रगति, उपलब्धियों और आत्मविश्वास का प्रतीक बनेगा। नवा रायपुर के आसमान में जब सूर्यकिरण टीम उड़ान भरेगी, तब 'बॉम्ब बर्स्ट', 'हार्ट-इन-द-स्काई' और 'एरोहेड' जैसी प्रसिद्ध फॉर्मेशन्स पूरे दर्शक समुदाय को रोमांच और गर्व से भर देंगी। सूर्यकिरण टीम का यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। यह दिखाएगा कि अनुशासन, तकनीक और टीमवर्क से कैसे असंभव को संभव बनाया जा सकता है। राज्य शासन और भारतीय वायुसेना के संयुक्त प्रयास से आयोजन की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। रायपुर और आसपास के जिलों से हजारों नागरिक, विद्यार्थी और परिवार इस एरोबैटिक शो को देखने नवा रायपुर पहुंचेंगे। यह छत्तीसगढ़ की



जनसहभागिता और राष्ट्रीय गर्व का जीवंत उदाहरण बनेगा। 'सूर्यकिरण एरोबैटिक शो' केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि यह भारतीय वायु सेना के शौर्य, सटीकता और समर्पण का प्रतीक है। अब तक सूर्यकिरण टीम ने भारत और विदेशों में 700 से अधिक प्रदर्शन किए हैं। श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ब्रिटेन और थाईलैंड जैसे देशों में इस टीम ने भारत का गौरव बढ़ाया है। टीम ने सिंगापुर एयर शो, दुबई एयर शो और रॉयल थाई एयर फोर्स की 88वीं वर्षगांठ पर भी शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रदर्शनों ने भारत की तकनीकी क्षमता और रक्षा सहयोग की भावना को दुनिया के सामने रखा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुताब?क भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम हमारे रजत जयंती समारोह का हिस्सा बनेगी। यह प्रदर्शन न केवल हमारे युवाओं में देशभक्ति और गर्व की भावना को प्रबल करेगा, बल्कि उन्हें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा भी देगा।

## विजेंद्र गुप्ता ने विठ्ठलभाई पटेल को दी श्रद्धांजलि, बोले- सच्चा नेतृत्व ईमानदारी से होता है उत्पन्न

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर में देश के केंद्रीय विधानसभा के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष वीर विठ्ठलभाई झवेरीभाई पटेल (1873-1933) की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विठ्ठलभाई पटेल का दृष्टिकोण प्रतिनिधित्व को उत्तरदायित्व में बदलने वाला था। उन्होंने सिद्ध किया कि साहस, विवेक और विश्वास ही लोकतंत्र के सच्चे स्तंभ हैं। विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि विठ्ठलभाई पटेल का निधन 22 अक्टूबर 1933 को जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में हुआ था। उनके पार्थिव शरीर को एसएस नारकुंडा नामक जहाज से भारत लाया गया था, जो 10 नवंबर 1933 को बंबई पहुंचा। यद्यपि पटेल ने अपनी अंतिम इच्छा के अनुसार अपनी अंत्येष्टि चौपाटी समुद्र तट पर करने की अभिलाषा व्यक्त की थी, परंतु ब्रिटिश सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी। अंततः उनका अंतिम संस्कार सोनापुर श्मशान घाट पर किया गया। अध्यक्ष ने इस प्रसंग को 'एक देशभक्त की उस अमर भावना का प्रतीक' बताया, जो मृत्यु के बाद भी अपनी मातृभूमि से आत्मिक रूप से जुड़ा रहा। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने पटेल के सार्वजनिक जीवन को भारत की संसदीय परंपरा के प्रारंभिक स्थापकों में एक बताया। उन्होंने कहा कि पटेल की यात्रा, बंबई नगर निगम के मेयर (1923-1925) से लेकर केंद्रीय विधानसभा अध्यक्ष (1925) बनने तक, भारत की लोकतांत्रिक चेतना के उत्कर्ष का प्रतीक रही। यह यात्रा स्थानीय प्रशासन से राष्ट्रीय नेतृत्व तक भारत के राजनीतिक आत्मबोध के विकास की कहानी कहती है।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि 1925 से 1930 तक केंद्रीय विधानसभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष के रूप में विठ्ठलभाई पटेल ने अध्यक्ष पद को निष्पक्षता, स्वतंत्रता और संवैधानिक गरिमा का प्रतीक बना दिया। पटेल द्वारा अपनाई गई न्यायप्रियता, प्रक्रिया की शुचिता और विधान स्वतंत्रता की भावना आज भी भारत के संसदीय लोकतंत्र का नैतिक और संस्थागत आधार है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विठ्ठलभाई पटेल की दूरदर्शिता और निष्ठा ने विधायी शासन को नैतिक मूल्यों पर आधारित जनसेवा का माध्यम बना दिया। पटेल के नेतृत्व ने भारत की राजनीतिक आत्मा को पराधीनता से स्वशासन की ओर, आज्ञापालन से अंतरात्मा की आवाज की ओर परिवर्तित किया।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विधानसभा आज भी विठ्ठलभाई पटेल के उन लोकतांत्रिक आदर्शों से प्रेरणा लेती है, जो बताते हैं कि सशक्त लोकतंत्र संवाद, अनुशासन और कर्तव्य की नींव पर खड़ा होता है। विठ्ठलभाई पटेल को श्रद्धांजलि देना दरअसल उस नैतिक साहस को नमन करना है जो संसदीय जीवन को अर्थ प्रदान करता है, जहां जनता की सेवा सभी व्यक्तिगत या राजनीतिक विचारों से ऊपर होती है।

## ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण के लिए 15 नवंबर से लागू होंगी नई गाइडलाइन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) 2000 में संशोधन करते हुए इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बड़े बदलावों की घोषणा की है।इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी नई अधिसूचना के तहत यह संशोधन 15 नवंबर 2025 से प्रभावी होगा। सरकार ने यह कदम देश की संप्रभुता, अखंडता, राज्य की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और शालीनता से जुड़ी ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण को ज्यादा सख्त करने के उद्देश्य से उठाया है। अधिसूचना के अनुसार, आईटी रूल्स 2021 के रूल 3(1)(डी) को पूरी तरह से बदल दिया गया है। अब किसी भी इंटरमीडियरी प्लेटफॉर्म (जैसे सोशल मीडिया, वेबसाइट, ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर आदि) पर यदि ऐसी कोई जानकारी, फोटो, वीडियो या कंटेंट मौजूद है जो किसी भी कानून के तहत निषिद्ध है।

नई गाइडलाइंस के मुताबिक, अगर किसी इंटरमीडियरी को ऐसी वास्तविक जानकारी मिलती है कि उसके प्लेटफॉर्म पर कोई गैरकानूनी या प्रतिबंधित कंटेंट है, तो उसे 36 घंटे के भीतर उसे हटाना होगा। यह 'वास्तविक जानकारी' दो ही स्थितियों में मानी जाएगी। पहला, किसी सक्षम न्यायालय के आदेश से और दूसरा सरकार या उसकी किसी अधिकृत एजेंसी के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जारी की गई लिखित सूचना के जरिए। यह सूचना केवल ऐसा अधिकारी दे सकेगा जो संयुक्त सचिव या उसके समकक्ष पद पर हो। अगर राज्य सरकार की ओर से जारी की जा रही है, तो वह अधिकारी डायरेक्टर या समकक्ष पद का होना चाहिए।

## विजेंद्र गुप्ता ने विठ्ठलभाई पटेल को दी श्रद्धांजलि, बोले- सच्चा नेतृत्व ईमानदारी से होता है उत्पन्न

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर में देश के केंद्रीय विधानसभा के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष वीर विठ्ठलभाई झवेरीभाई पटेल (1873-1933) की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विठ्ठलभाई पटेल का दृष्टिकोण प्रतिनिधित्व को उत्तरदायित्व में बदलने वाला था। उन्होंने सिद्ध किया कि साहस, विवेक और विश्वास ही लोकतंत्र के सच्चे स्तंभ हैं। विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि विठ्ठलभाई पटेल का निधन 22 अक्टूबर 1933 को जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में हुआ था। उनके पार्थिव शरीर को एसएस नारकुंडा नामक जहाज से भारत लाया गया था, जो 10 नवंबर 1933 को बंबई पहुंचा। यद्यपि पटेल ने अपनी अंतिम इच्छा के अनुसार अपनी अंत्येष्टि चौपाटी समुद्र तट पर करने की अभिलाषा व्यक्त की थी, परंतु ब्रिटिश सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी। अंततः उनका अंतिम संस्कार सोनापुर श्मशान घाट पर किया गया। अध्यक्ष ने इस प्रसंग को ÷एक देशभक्त की उस अमर भावना का प्रतीक÷ बताया, जो



मृत्यु के बाद भी अपनी मातृभूमि से आत्मिक रूप से जुड़ा रहा। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने पटेल के सार्वजनिक जीवन को भारत की संसदीय परंपरा के प्रारंभिक स्थापकों में एक बताया।

उन्होंने कहा कि पटेल की यात्रा, बंबई नगर निगम के मेयर (1923-1925) से लेकर केंद्रीय विधानसभा अध्यक्ष (1925) बनने तक, भारत की लोकतांत्रिक चेतना के उत्कर्ष का प्रतीक रही। यह यात्रा स्थानीय प्रशासन से राष्ट्रीय नेतृत्व तक भारत के राजनीतिक आत्मबोध के विकास की कहानी कहती है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि 1925 से 1930 तक केंद्रीय विधानसभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष के रूप में विठ्ठलभाई पटेल ने अध्यक्ष पद को निष्पक्षता, स्वतंत्रता और संवैधानिक गरिमा का प्रतीक बना दिया। पटेल द्वारा अपनाई गई न्यायप्रियता, प्रक्रिया की शुचिता और विधान स्वतंत्रता की भावना आज भी भारत के संसदीय लोकतंत्र का नैतिक और संस्थागत आधार है।

## गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन पर राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात में आज विक्रम संवत 2082 के नूतन वर्ष का पहला दिन और केंद्रीय गृह एवं



सहकारिता मंत्री अमित शाह का जन्मदिन एक साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने अहमदाबाद में शाह के निवास पर पहुंचकर उन्हें गुजराती नववर्ष और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# ऑपरेशन 'सिंदूर' में भारत से मिले आघात को पाकिस्तान लंबे समय तक नहीं भूल पाएगा : राजनाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) की पुस्तक के विमोचन समारोह में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के अद्वितीय समन्वय और एकीकरण को सराहा। उन्होंने कहा कि इसी एकजुटता के चलते भारत ने पाकिस्तान को चारों खाने चित्त कर दिया। यह ऐसा आघात था, जिसे पाकिस्तान लंबे समय तक नहीं भूल पाएगा।रक्षा मंत्री ने पुस्तक 'सिविल-मिलिट्री फ्यूजन एज़ अ मेट्रिक ऑफ़ नेशनल पावर एंड कॉम्प्रिहेंसिव सिक्योरिटी' की एक प्रमुख बात पर ज़ोर देते हुए कहा कि सिविल-मिलिट्री फ्यूजन को केवल एकीकरण के रूप में नहीं, बल्कि एक रणनीतिक प्रवर्तक के रूप में देखा जाना चाहिए। यह फ्यूजन तभी संभव है, जब हम अपने सिविल उद्योग, निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत और रक्षा क्षेत्र को एक साझा राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए जोड़ें। इससे हमारी आर्थिक उत्पादकता और रणनीतिक बढ़त बढ़ती है। राजनाथ सिंह ने मुख्य चुनौतियों की पहचान करने और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों को ध्यान में रखते हुए सैन्य क्षेत्र में नागरिक तकनीकी क्षमताओं का



प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नागरिक और सैन्य क्षेत्र धीरे-धीरे विलीन हो रहे हैं। प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा अब पहले से कहीं अधिक परस्पर जुड़ी हुई हैं। ऐसी परिस्थितियों में नागरिक-सैन्य संलयन एक आधुनिक चलन नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता बन गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसे अनदेखा करना रणनीतिक विकास के लिए अच्छा नहीं है। हमारी कई महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां अक्सर नागरिक उपयोग तक ही सीमित रह जाती हैं। दोहरे उपयोग की अवधारणा के तहत यदि इन्हें सैन्य अनुप्रयोगों में लाया जाए, तो हमारी राष्ट्रीय शक्ति कई गुना बढ़ सकती है। आज दुनिया एक गहरे परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। जिस गति से वैश्विक व्यवस्था बदल रही है, उसी तेजी से युद्ध के तरीके भी बदल रहे हैं। अब युद्ध सिर्फ सीमाओं पर नहीं लड़े जाते, वे हाइब्रिड स्वरूप ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारे निरंतर प्रयासों के कारण भारत का रक्षा क्षेत्र अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छू रहा है। एक दशक पहले घरेलू रक्षा उत्पादन लगभग 46 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर रिकॉर्ड 1.51 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसमें से लगभग 33 हजार करोड़ रुपये का योगदान निजी क्षेत्र ने दिया है। आज दुनिया 'डिविजन ऑफ लेबर' से आगे बढ़कर 'इंटीग्रेशन ऑफ पर्पस' की ओर बढ़ रही है। अब हमें भी अलग-अलग जिम्मेदारियां निभाते हुए एक 'शेयर्ड विज़न' और 'कॉमन पर्पस' के साथ काम करना चाहिए। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, यूनाइटेड सर्विस इंस्टीटूशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक मेजर जनरल बीके शर्मा (सेवानिवृत्त), वरिष्ठ सिविल एवं सैन्य अधिकारी तथा पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 600 से अधिक बीएलओ को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

एजेंसी

**कोलकाता।** चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए कार्य करने से इनकार करने और प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल न होने के कारण राज्यभर के 600 से अधिक बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। चुनाव आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अप्रैल से बूथ स्तर अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई थी लेकिन 17 अक्टूबर तक कई अधिकारी अपने कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं हुए, जिसके चलते निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी (ईआरओ) ने नोटिस भेजा है। सूत्रों के अनुसार, इन अधिकारियों को यह बताने का निर्देश दिया गया है कि वे आयोग का कार्य करने से क्यों इनकार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बंगाल में शीघ्र ही एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसके लिए तैयारियां जारी हैं। बीएलओ ही वे अधिकारी होते हैं जो मतदाता सूची में संशोधन के दौरान घर-घर जाकर सूचनाएं एकत्र करते हैं। ऐसे में 600




से अधिक बीएलओ को नोटिस भेजा जाना प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आयोग के अधिकारी ने बताया कि यदि इन अधिकारियों के उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए, तो 1950 के जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर माहौल बना रहे हैं लेकिन जनता इसका जवाब देगी। गौरतलब है कि कई बीएलओ ने पहले ही अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने आयोग को सूचित किया था कि यदि सभी शिक्षक, जिन्हें बीएलओ का कार्य सौंपा गया है, इस काम में लग जाएंगे तो स्कूलों में पढ़ाई बाधित हो जाएगी।

कई स्कूलों में एक ही शिक्षक या किसी विशेष विषय के एकमात्र शिक्षक को भी यह जिम्मेदारी दी गई है, जिसके कारण शिक्षण कार्य पर असर पड़ना तय है। इसी वजह से अनेक शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो पाए।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को दो विकेट से हराया

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने यहां हुए दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भी भारतीय टीम को 2 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले पर्थ में हुए पहले एकदिवसीय में भी भारतीय टीम सात विकेट से हार गयी थे।

दूसरे एकदिवसीय मैच में मेजबान टीम की जीत में एडम जंपा और जेवियर बार्टलेट की अच्छी गेंदबाजी के बाद मैथ्यू शॉर्ट और कूपर कोनोली के लगाये अर्धशतकों की भी अहम भूमिका रही। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबानों को 265 रनों का लक्ष्य दिया था। जिसे ऑस्ट्रेलिया ने शॉर्ट के 74 रनों और कोनोली के नाबाद 61 रनों की सहायता से 46.2 ओवर में ही आठ विकेट खोकर हासिल कर लिया। शॉर्ट की मैट रेनशॉ 30 तथा कोनोली के साथ 55 रन की साझेदारियां हुई। कोनोली ने इसके बाद मिचेल ओवेन 36 के के साथ 59 रन जोड़े। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की सहायता से 9 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए। मेजबान टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान शुभमन गिल 9 रनों पर ही आउट हो गये। उसके बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। रोहित ने 73 रन की अच्छी पारी खेली, इस दौरान उन्होंने 97 गेंदों का सामना किया और 7 चौके व 2 छक्के लगाए। वहीं अय्यर ने 77 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली जिसमें 7 चौके शामिल थे। केएल राहुल ने 11 जबकि सुंदर ने 12 रन बनाये। हर्षित राणा ने नाबाद 24 और अर्शदीप सिंह ने 13 रन बनाये।

वहीं वापसी करने वाले कंगारु लेग स्पिनर जंपा ने 60 रन देकर चार विकेट लिए जबकि बार्टलेट ने 39 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरुआत की। ट्रेविस हेड 28 और कप्तान मिचेल मार्श 11 ने सात ओवर में 26 रन जोड़े। अर्शदीप ने मार्श को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हेड राणा की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद शॉर्ट और कूपर ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलायी।



# दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में पाक को हराया, स्पिनर हार्मर ने बनाया रिकार्ड



**रावलपिंडी (एजेंसी)।** स्पिनर साइमन हार्मर की शानदार गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ 1-1 से ड्रॉ पर समापत की है। हार्मर ने दूसरे टेस्ट में 6 विकेट अपने 1,000 प्रथम श्रेणी विकेट पूरे किये हैं। वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे गेंदबाज हैं। इस मैच के चौथे दिन पाकिस्तान की टीम अपनी दूसरी पारी में केवल 138 रन बना सकी और दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 68 रनों का आसान सा लक्ष्य मिला

जिसे दक्षिण अफ्रीका ने 12.3 ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। रयान रिकेल्टन ने 29 गेंदों में नाबाद 25 रन और कप्तान एडन मार्करम ने 45 गेंदों पर 42 रन की शानदार पारी खेली। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर कर दी।

हार्मर के छह विकेटों से पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में केवल 138 रनों पर ही आउट हो गयी। इसके साथ ही इस गेंदबाज ने अपने करियर का 1,000वां प्रथम श्रेणी विकेट लिया। अब वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे गेंदबाज बन गये हैं। इससे पहले बक लेवेलिन ने 1,013 विकेट, माइक प्रॉक्टर ने 1,417 विकेट और एलन डोनाल्ड ने 1,216 विकेट लिए थे। वहीं विश्व में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह 217वें गेंदबाज हैं। वहीं इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे अधिक 4,204 विकेट का रिकॉर्ड दर्ज है।

# स्मृति मंधाना ने वर्ल्ड कप 2025 में ठोका अपना पहला शतक, छक्कों के मामले में दिग्गजों को पछाड़ कर बनाया ये रिकॉर्ड



**मुम्बई (एजेंसी)।** स्मृति मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे वर्ल्ड कप 2025 मुकाबले में नया कीर्तिमान बनाया है। वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका बल्ला जमकर चला है और वह एक धाकड़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रही हैं। तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मंधाना ने 14वां वनडे सैकड़ा जमा दिया।

स्मृति मंधाना ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने 2025 में महिला वनडे क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा छक्के मारने का वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है। ये उपलब्धि उन्होंने मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में हासिल की।

स्मृति मंधाना ने ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के खिलाफ 16वें ओवर की चौथी गेंद पर अमेलिया केर को छक्का मारकर बनाया। इस छक्के के साथ उन्होंने 2025 में कुल 29 छक्के पूरे किए जो कि महिला वनडे क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका की लिजेल ली के नाम था, जिन्होंने 2017 में 28 छक्के मारे थे।

इस मैच में स्मृति मंधाना ने 109 रन की बेहतरीन पारी खेली, जो उनका 14वां वनडे शतक था, इस दौरान उन्होंने 95 गेंदों का सामना किया। मंधाना ने 10 चौके और 4 छक्के जमाए। इस पारी के साथ उन्होंने महिला वनडे क्रिकेट में ओपनर के रूप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने न्यूजीलैंड की सुजी बेट्स को पछाड़ते हुए ये उपलब्धि हासिल की।

# रोहित शर्मा ने रचा इतिहास, ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बना दिया ये बड़ा रिकॉर्ड

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारत के सुपरस्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैचों में 1000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। रोहित ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। उनके साथ विराट कोहली भी हैं, जो वर्तमान में 802 रनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने की दौड़ में हैं।

हिटमैन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी धरती पर 21 मैचों में 56.36 की औसत और 89.32 के स्ट्राइक रेट से 1071 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 171* रहा है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 97 गेंदों में 7 चौकों और दो छक्कों की मदद से 73 रनों की शानदार पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट 75.26 का था। उनकी पारी का सबसे खास पल मिशेल ओवेन के खिलाफ लगाए गए दो बड़े पुल शॉट थे, जिन्हें स्टैंड में छक्के के लिए भेजा गया।



रोहित ने अब तक 275 वनडे और 267 पारियों में 48.69 की औसत से 11,249 रन बनाए हैं, जिसमें 32 शतक और 59 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 264 रहा है। शर्मा पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को भी पीछे छोड़कर वनडे में भारत के तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने गांगुली को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 308 मैचों में 40.95 की औसत से 22 शतक और 71 अर्द्धशतकों के साथ 11,121 रन बनाए थे।

रोहित ने 2022 के बाद से 19 बार पचास से अधिक का स्कोर बनाया है और यह केवल दूसरा ऐसा मौका था जब उन्होंने 100 से कम स्ट्राइक रेट से 50 रन का मील का पत्थर हासिल किया। आखिरी बार उन्होंने 2023 में घरेलू मैदान पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ 66 गेंदों में 50 रन बनाए थे। इस साल वनडे में रोहित ने 10 पारियों में 38.30 की औसत से 383 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 रहा है।

## विराट के नाम दर्ज हुआ ये अनचाहा रिकार्ड : पहली बार लगातार दो एकदिवसीय मैच में खाता नहीं खोल पाये



एडिलेड । भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में भी अपना खाता नहीं खोल पाये । इसी के साथ ही विराट के नाम एक अनचाहा रिकार्ड भी जुड़ गया । विराट पहली बार किसी एकदिवसीय सीरीज में लगातार दूसरी बार खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौटे हैं । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विराट के नाम 27 हजार से ज्यादा रन और 82 शतक हैं । इस मैच में भी आसफल होने से अब विराट पर दबाव बढ़ गया है । अगर वह तीसरे एकदिवसीय में भी असफल रहे तो उनका करियर समाप्त होना तय है । यहां दूसरे एकदिवसीय में विराट जेवियर बार्टलेट का शिकार बने । बार्टलेट ने ही कप्तान शुभमन गिल को भी आउट किया। कप्तान शुभमन गिल का टॉस हारने का सिलसिला इस मैच में भी जारी रहा । ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की ओर से रोहित और शुभमन ने पारी की धीमी शुरुआत की। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों नें भारतीय टीम को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया ।

# एशियाई युवा खेल : रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक जीता



रिफा (बहरीन) । भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया । इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24 :15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं । कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25 :26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता । एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था । इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई । भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं ।

# आरसीबी जा सकते हैं सैमसन



नई दिल्ली । आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के 2026 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जाने की अटकलें लगायी जा रही हैं । आईपीएल 2025 सत्र में भी रॉयल्स की कप्तानी अधिकतर समय रियान पराग ने की थी और ऐसे में सैमसन का दबदबा टीम पर कम हुआ है । उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है। जिससे भी रॉयल्स से उनके रिश्ते अब पहले जैसे नहीं रहे । पिछले कुछ समय से इस प्रकार की रिपोर्ट आ रही हैं किव संजू किसी अन्य टीम में जा सकते हैं । वहीं अब सैमसन की एक एक तस्वीर सोशल मीडिया में आई है । इसमें वह आरसीबी के थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट गैब्रियल के साथ नजर आ रहे हैं । जिससे उनके आरसीबी की ओर जाने की अटकलें तेज हो गयी हैं । इस तस्वीर में गैब्रियल आरसीबी की जर्सी में हैं, जबकि सैमसन ने टीम इंडिया की ट्रेनिंग किट पहनी हुई है । ऐसे में प्रशंसकों को लग रहा है कि वे भले ही ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी कर रहे हों, लेकिन आईपीएल भी उनके दिमाग में चल रहा होगा। रॉयल्स के साथ सैमसन के संबंध पहले जैसे नहीं रहे हैं। इसके अलावा कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन में भी बदलाव हुआ है ऐसे में सैमसन किसी और टीम से आईपीएल खेलने के प्रयास कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, आरआर के कप्तान सैमसन ने फ्रेंचाइजी से औपचारिक रूप से उन्हें ट्रेड करने या नीलामी में रिलीज करने की अपील की है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तैयारी करने के लिए रणजी ट्रॉफी खेलेंगे रवींद्र जडेजा

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शनिवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (SCA) के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि रवींद्र जडेजा के अगले मैच में खेलने की उम्मीद है। राणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा। पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र अपने घरेलू मैदान पर से भिड़ेगी।

जडेजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारत की एकदिवसीय टीम में नहीं चुना गया। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है ताकि वह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तैयार कर सकें। 36 वर्षीय जडेजा ने आखिरी बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। उन्होंने उस सीजन में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच (38 रन, 66 रन पर पांच विकेट और 38 रन पर सात विकेट) बने थे।



जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए कुल 47 रणजी मैचों में 57.60 की औसत से 3,456 रन बनाए हैं और 21.25 की औसत से 208 विकेट लिए हैं। सीजन के अपने पहले मैच में सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पहली पारी में मामूली बढ़त दिलाकर हराया था, जिसमें धर्मेंद्र जडेजा प्रमुख खिलाड़ी साबित हुए थे। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहली पारी में 124 रन देकर 7 विकेट सहित कुल 10 विकेट लिए थे। सौराष्ट्र की कमान भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के हाथों में है। दो बार की पूर्व चैंपियन टीम पिछले सीजन में गुजरात से हारने से पहले क्वार्टर फ़ाइनल तक पहुंची थी।

**सौराष्ट्र टीम**

हार्विक देसाई (विकेटकीपर), तरंग गोहेल, रवींद्र जडेजा, युवराजसिंह डोडिया, सम्मर गज्जर, अर्पित वासवदा, चिराग जानी, प्रेरक मांकड़, जयदेव उनादकट (कप्तान), धर्मेंद्रसिंह जड़ेजा, चेतन सकारिया, अंश गोसाई, जय गोहिल, पार्थ भूत, केविन जीवराजानी, हेतविक कोटक और अंकुर पंवार।

## बीसीसीआई ने सरफराज को टीम में जगह न मिलने का कारण फर्म और फिटनेस में कमी को बताया



मुम्बई । बल्लेबाज सरफराज खान को घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद भी दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए टीम में जगह नहीं मिलने के बाद से ही कई सवाल उठ रहे हैं । इस मामले को लेकर कुछ लोगों ने चयन समिति पर पर भी पक्षपात का आरोप लगाया है। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सरफराज के मामले में लगाये जा रहे आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि फिटनेस और फार्म के कारण उनके नाम पर विचार नहीं हुआ । बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा है कि सरफराज को प्रदर्शन में कमी या पक्षपात की वजह से बाहर नहीं रखा गया है, बल्कि फिटनेस और फॉर्म इसका कारण है । सरफराज फिट नहीं होने की वजह से काफी समय तक बाहर थे । हाल ही में उन्होंने वापसी करते हुए रणजी ट्रॉफी के पहला दौर खेला । काफी लंबे समय से उन्होंने सिर्फ यही एक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला । अब चयनकर्ता मौजूदा रणजी सत्र में उनके फॉर्म की समीक्षा कर आने वाले मैचों में उनके नाम पर विचार करेंगे । सरफराज इससे पहले चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज नहीं खेल पाये थे हालांकि उन्होंने चोटिल होने से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ कैंटरबरी में अर्धशतक लगाया था । वहीं चोट से वापसी के बाद उन्होंने कुछ दिन पहले ही रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए 74 रन की अच्छी पारी खेली थी ।

# पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए घोषित की टीम

## -बाबर-नसीम और समद की वापसी

लाहौर । पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है । टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज नसीम शाह और बल्लेबाज अब्दुल समद की वापसी हुई है । आजम और नसीम पिछले साल दिसंबर से ही टी20 प्रारूप से बाहर चल रहे थे। पाक और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में होगी । इसके अलावा पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय सीरी के लिए भी टीम घोषित कर दी गयी है । एकदिवसीय टीम में फैसल अकरम, हारिस राऊफ और हसीबुल्लाह की वापसी हुई है। वहीं 11 से 15 नवंबर तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज खेली जाएगी । नसीम और बाबर पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में भी शामिल रहे हैं। चयनकर्ताओं ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज फखर जमां और स्पिनर सुफयान मुकीम को टीम में जगह नहीं दी है। विकेटकीपर बल्लेबाज उस्मान खान को भी टीम में जगह मिली है लेकिन मुहम्मद हारिस टी20 टीम से बाहर हो गए हैं । स्पिनर उस्मान तारिक टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं!

**टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम** – सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान, उस्मान तारिक ।

रिजर्व : फखर जमां, हारिस राऊफ, सुफियान मोकिम

**एकदिवसीय टीम** – शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसीबुल्लाह, हसन नवाज, हुसैन तलत, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा ।

# डब्ल्यूपीएल नीलामी अगले माह के अंत में होने की संभावना

**मुंबई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2026 सत्र के लिए नीलामी अगले माह नई दिल्ली में होने की संभावना है। अभी तक हालांकि फ्रेंचाइजियों को नीलामी की जानकारी नहीं मिली है पर माना जा रहा है कि शीघ्र ही उन्हें इस बारे में बता दिया जाएगा। नीलामी की तारीख अभी तय नहीं हुई है पर इसके 26-27 नवंबर होने की अटकलें हैं। वहीं इससे पहले, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संकेत दिया था कि नीलामी 26 से 29 नवंबर के बीच होगी। इसके अलावा सभी टीमों को संभावित स्थल के बारे में संकेत दे दिये गये हैं।

डब्ल्यूपीएल में अभी केवल पांच टीमें हैं और अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम है, इसलिए इस प्रक्रिया में ज्यादा समय लगने की संभावना नहीं है। ऐसे नीलामी एक ही दिन में पूर हो जाएगी। इसके साथ ही फ्रेंचाइजी को 5 नवंबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करने के लिए कहा गया है।

सभी टीमें पांच खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। अगर कोई टीम सभी पांच खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उसे पहले खिलाड़ी के लिए 3.5 करोड़ रुपये, दूसरे खिलाड़ी के लिए 2.5 करोड़ रुपये, तीसरे खिलाड़ी के लिए 1.75 करोड़ रुपये, चौथे खिलाड़ी के लिए 1 करोड़ रुपये और पांचवें खिलाड़ी के लिए 50 लाख रुपये का नुकसान उठाना होगा। नीलामी के लिए खिलाड़ियों की कुल राशि 15 करोड़ रुपये रखी गयी है और पांच खिलाड़ियों को बरकरार रखने पर एक टीम को 9.25 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे।

बीसीसीआई ने कहा है कि यह दिशानिर्देश वेतन सीमा के लिए हैं और किसी खिलाड़ी को दी जाने वाली राशि टीमों के अनुसार अलग भी हो सकती है। बीसीसीआई ने हाल ही में फ्रेंचाइजी को लिखे एक नोट में कहा, हालांकि किसी खिलाड़ी को दी जाने वाली राशि दिशानिर्देश मूल्य से अलग हो सकती है पर रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर कुल राशि का उपयोग वेतन सीमा की गणना के लिए किया जाएगा।

एक अनकैप्ड (गैर अनुभवी) खिलाड़ी को रिटेन करने की दिशानिर्देश मूल्य 50 लाख रुपये है, और हर टीम अधिक से अधिक दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। इसके अलावा, एक फ्रेंचाइज़ी अधिकतम तीन गैर अनुभवी खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है और रिटेंशन सूची में अधिक से अधिक दो विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं।

बीसीसीआई ने पांच राइट टू मैच (आरटीएम) विकल्पों को मंजूरी दी है पर अगर किसी फ्रेंचाइजी के लिए उपलब्ध आरटीएम की संख्या रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या पर निर्भर करेगी। प्रत्येक रिटेन किए गए खिलाड़ी के लिए, फ्रेंचाइजी का एक आरटीएम विकल्प कम हो जाएगा।




# पंजाब किंग्स ने नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया, पूर्व भारतीय क्रिकेटर को मौका

चंडीगढ । इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है । भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे। बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने बहुतुले का स्वागत करते हुए कहा, ‘हम वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति समर्पित सेवा और योगदान के लिए सुनील जोशी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं । आगे बढ़ते हुए हम अपने कोचिंग स्टाफ में साईराज बहुतुले का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं ।’ पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी ।





# महेश बाबू ने फिल्म जटाधारा का ट्रेलर लॉन्च किया

## सोनाक्षी धन पिशाचनी तो शिल्पा शिरोडकर बनीं लालची औरत



महेश बाबू ने फिल्म जटाधारा का ट्रेलर लॉन्च किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, सुधीर बाबू, दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर अहम भूमिका में हैं। भूत-पिशाच, काला जादू और लालच से भरी ये फिल्म 7 नवंबर को रिलीज होगी। तेलुगू एक्टर महेश बाबू ने अपकमिंग फिल्म जटाधारा का ट्रेलर डिजिटली लॉन्च किया। वेंकट कल्याण की डायरेक्टेड इस थ्रिलर मूवी में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं। वहीं, दिव्या खोसला और शिल्पा शिरोडकर भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो वो दर्शकों को एक अलग दुनिया से रूबरू करवाता है। साथ ही एक ऐसी कहानी की झलक मिलती है जहां काला जादू एक शक्तिशाली शक्ति है। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा धन पिशाचिनी का किरदार निभा रही हैं, जो सोने के आभूषणों से लदी हुई हैं। मूवी की कहानी भी पिशाचिनी की इर्द-गिर्द घूमती है, जो सदियों से एक सोने के खजाने की रखवाली करती है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, खजाने की खोज से शुरू हुआ सफर खतरों, श्रापों से भरे एक सफल में बदल जाता है। शिल्पा शिरोडकर एक लालची महिला के रूप में नजर आती हैं तो सुधीर बाबू भूत-प्रेत में भरोसा न करने वाले किरदार को निभाते दिखते हैं। घोस्ट हंटर बनकर वह सोनाक्षी के किरदार से पंगा ले लेते हैं। फिर जो होता है वो फिल्म के रिलीज पर ही पता चलेगा।

### फिल्म जटाधारा की रिलीज डेट

डायरेक्टर ने इस फिल्म के जरिए पुरानी परंपराओं को दिखाने का प्रयास किया है। जटाधारा जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के निर्माता उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा हैं, जबकि अक्षय केजरीवाल और कुसुम अरोड़ा सह-निर्माता हैं। टीम में क्रिएटिव प्रोड्यूसर दिव्या विजय और सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर भाविनी गोस्वामी भी शामिल हैं। संगीत और साउंडस्केप जी म्यूजिक कंपनी द्वारा क्यूरेट किया गया है।



# मैडॉक के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में अनीत पड्डा की एंट्री


यशराज फिल्म्स की सैयारा में अनीत पड्डा ने लीड रोल अदा किया। इस फिल्म ने उनके करियर को बुलंदी पर पहुंचा दिया है। अब उनकी एंट्री मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में हो गई है। दरअसल, आज मैडॉक की थामा थिएटर्स में रिलीज हो गई है। फिल्म के आखिर में मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल अदा करेंगी। मैडॉक फिल्म्स ने थामा की स्क्रीनिंग के दौरान शक्ति शालिनी का आधिकारिक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट बताई है। साथ ही साफ कर दिया कि फिल्म में सैयारा फेम अनीत पड्डा लीड रोल करेंगी। पहली फिल्म में कियारा आडवाणी यह रोल अदा करने वाली थीं। मगर, अब अनीत की झोली में यह किरदार आ गिरा है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म शक्ति शालिनी अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनाउंसमेंट वीडियो में दी गई जानकारी के मुताबिक यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। साझा किए गए वीडियो में या देवी सर्वभूतेषु मंत्र सुनाई दे रहा है। इसके साथ स्क्रीन पर लिखा है, रक्षक, विध्वंसक, सभी की मां। आगे लिखा है, शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा।

### अनीत के फैंस ने जताई खुशी

शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा की एंट्री पर उनके फैंस काफी खुश हैं। नेटिजन्स अनीत को बधाई दे रहे हैं। साथ ही लिख रहे हैं, उम्मीद है कि यह फिल्म शानदार साबित होगी। बात करें फिल्म थामा की तो इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। इसमें आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे सितारे हैं।



# अभिनेत्री पवित्रा पुनिया को फिर मिला प्यार!

लव यू जिंदगी और बालवीर रिटर्न्स जैसे धारावाहिकों में बेहतरीन अभिनय करने वाली अभिनेत्री पवित्रा पुनिया ने हाल ही में बताया है कि उन्हें फिर से प्यार मिल गया है। वह इस साल अपने नए परिवार के साथ दिवाली मना रही हैं। सितंबर 2024 में अभिनेत्री का अभिनेता एजाज खान से ब्रेकअप हो गया था। पुनिया का नया साथी मनोरंजन जगत से नहीं है। दोनों पिछले कुछ समय से एक-दूसरे के साथ हैं।

### पवित्रा को फिर से मिला प्यार

पुनिया ने अपने रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हां, मुझे फिर से प्यार मिल गया है और इस साल दिवाली मेरे लिए और भी खास है क्योंकि मैं इसे अपने नए परिवार के साथ मना रही हूं। इससे पहले वह अपने परिवार के साथ भारत में दिवाली मनाती थीं।

### अमेरिकी कारोबारी हैं पवित्रा के पार्टनर

39 साल की अभिनेत्री ने बताया कि उनके पार्टनर अमेरिका में रहते हैं और वह कारोबारी हैं। उन्होंने बताया वह अमेरिका के एक बिजनेसमैन हैं, कोई एक्टर नहीं। वह एक बेहतरीन इंसान हैं और दयालु हैं। हम पिछले कुछ समय से एक-दूसरे के साथ अच्छे रिश्ते में हैं। हमें यह सही लगता है।

### विदेश में साथ रहना चाहती हैं पवित्रा

अपने रिश्ते के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए पुनिया ने कहा अपने माता-पिता और प्रियजनों के आस-पास न होना, घर को न सजाना, साथ में पूजा न करना अजीब लगेगा। हालांकि मैं अपने जीवन के इस नए चरण को लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह एक बड़ा बदलाव है और मैं खुले दिल से इसे अपना रही हूं। पवित्रा पुनिया ने अपने परिवार से दूर दिवाली मनाने के बारे मिलीजुली प्रतिक्रिया दी।



# दिल्ली क्राइम 3 में अपने रोल पर बोलीं हुमा कुरैशी

शेफाली शाह की अदाकारी वाली मशहूर सीरीज दिल्ली क्राइन 3 का टीजर रिलीज हो गया है। इसके साथ यह भी एलान हो गया है कि यह सीरीज कब रिलीज होगी। इस बार इसमें नया खुलासा होने वाला है। इस सीजन में मेकर्स ने कई नए चेहरों को भी जोड़ा है। तनुज चोपड़ा ने दिल्ली क्राइम सीजन 3 का निर्देशन किया है। इसमें रसिका दुग्गल (नीति सिंह के रूप में), राजेश तैलंग (भूपेंद्र सिंह के रूप में), जया भट्टाचार्य (विमला भारद्वाज के रूप में) और अनुराग अरोड़ा (जयराज सिंह के रूप में) भी हैं। कलाकारों में हुमा कुरैशी, सयानी गुप्ता, मीता वशिष्ठ, केली दोरजी और अंशुमान पुष्कर शामिल हैं। सीरीज 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।


### हुमा कुरैशी को पसंद आया अपना रोल

मीना के रूप में फ्रैंचाइजी में शामिल होने वाली हुमा कुरैशी ने कहा मीना जैसी एक नकारात्मक भूमिका निभाना एक शक्तिशाली लेकिन बेचैन करने वाला अनुभव था। वह आघात से ग्रस्त है, फिर भी उसका नियंत्रण बहुत ज्यादा है। वह एक ऐसी महिला है जो पीड़ित और अपराधी दोनों है। दिल्ली क्राइम की ईमानदारी मुझे आकर्षित करती है। यह कभी भी महिमामंडन या सनसनीखेज नहीं बनाती। यह हमें उन असहज सच्चाइयों का सामना करने के लिए मजबूर करती है जो अक्सर साफ नजर आती हैं।

### दिल्ली क्राइम के सभी सीजन के बारे में

आपको बता दें कि दिल्ली क्राइम सीरीज एक वेब सीरीज है। इस सीरीज के दो सीजन पहले ही रिलीज हो चुके हैं। पहला सीजन 2019 में रिलीज हुआ था। यह 2012 के दिल्ली गैंग रेप पर आधारित था। दूसरा सीजन 2022 में रिलीज हुआ था, जो कि चड्डी बनियान गैंग पर आधारित था। इसका तीसरा सीजन मानव तस्करी पर आधारित होगा।

# फर्जी 2 के लिए शाहिद कपूर को मिली 40 करोड़ की फीस?



साल 2023 में शाहिद कपूर ने ब्लैक कॉमेडी क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज फर्जी से ओटीटी पर डेब्यू किया था। द फैमिली मैन फेम राज और डीके के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इसे फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में 10 नॉमिनेशन मिले थे। जबकि ऑरमैक्स के मुताबिक, यह उस साल की सबसे अधिक देखी जाने वाली वेब सीरीज थी, जिसे 37 मिलियन दर्शकों ने देखा था। अब खबर है कि मेकर्स ने फर्जी सीजन 2 की तैयारी शुरू कर दी है। कहानी लिखी जा रही है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। लेकिन सबसे बड़ा दावा फर्जी 2 में शाहिद कपूर की फीस को लेकर किया जा रहा है। बताया जाता है कि एक्टर को उनके करियर का अब तक की सबसे अधिक फीस ऑफर की गई है। फर्जी 2 की सुगबुगाहट के साथ ही कई तरह के कयास भी लगने शुरू हो गए हैं। पहले सीजन में शाहिद कपूर के साथ विजय सेतुपति, के के मेनन, राशि खन्ना और भुवन अरोड़ा नजर आए थे। नकली नोट के गोरखधंधे पर बनी इस सीरीज में एक बार फिर से इन कलाकारों की वापसी के संकेत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि शाहिद इस शो के लिए 40 करोड़ रुपये की फीस ले रहे हैं। जी हां, यह वाकई चौंकाने वाली रकम है, क्योंकि आम तौर पर वह एक फिल्म के लिए कथित तौर पर वह 25 से 30 करोड़ रुपये की फीस लेते हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, शाहिद कपूर अगले साल जनवरी 2026 से फर्जी सीजन 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। अभी सीरीज की कहानी लिखी जा रही है।



# अब स्टार पावर पहले जैसी नहीं रही

## ओटीटी के कारण यह बदलाव आया है

**करीब एक दशक बाद गीता बसरा ने पंजाबी 'मेहर' के साथ कमबैक किया है। फिल्मों तक ही सीमित न रहकर वह अब अपने पति और क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ टॉक शो की होस्टिंग भी कर रही हैं। हाल ही में अपने कई की नई पारी को लेकर गीता बसरा ने बातचीत की।**

**आपकी कमबैक पंजाबी फिल्म 'मेहर' को ऑडियंस से प्यार मिला, लेकिन बॉक्स ऑफिस के आंकड़े उतने अच्छे नहीं रहे। इसे लेकर आप कैसा महसूस कर रही हैं?**

लोगों ने फिल्म को बहुत प्यार दिया। यह एक पारिवारिक फिल्म है, जिसमें इमोशन, रोमांस और ड्रामा सब कुछ है। बॉक्स ऑफिस के आंकड़े दर्शकों के प्यार के बराबर नहीं थे। दरअसल, हम फिल्म को उस समय रिलीज कर रहे थे जब पंजाब में माहौल ठीक नहीं था। हमें पता था कि यह सही समय नहीं था। लेकिन मेरी नजर में फिल्म शानदार थी। मेरे कमबैक के लिए इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता था।

**आप इंडस्ट्री में लगभग एक दशक से हैं। क्या आपने जान-बूझकर कम काम करने का फैसला किया था?**

ये चॉइस का मामला नहीं था, जिंदगी के अलग-अलग चैप्टर्स होते हैं। कभी-कभी कुछ चीजें ज्यादा अहम होती हैं। मेरे लिए मेरी फैमिली सबसे पहले थी। मेरे बच्चे छोटे थे। शादी के बाद मेरा ध्यान परिवार पर था। अब जब बच्चे बड़े हो गए हैं, तो मुझे अपने लिए ज्यादा वक्त मिलता है। अब मैं अपने जुनून के लिए काम कर रही हूं, इस प्रोसेस का मजा ले रही हूं। मैं सिर्फ आंकड़ों का पीछा नहीं कर रही। वैसे शादी से पहले फिल्म इंडस्ट्री महिलाओं के लिए सपोर्टिव नहीं थी लेकिन मैं मानती हूं, जो हुआ अच्छा हुआ।

**अब आप हरभजन सिंह के साथ टॉक शो की मेजबानी कर रही हैं। यह अनुभव कैसा है?**

शो होस्ट करना मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव है। मुझे यह काम बहुत पसंद आ रहा है। यह पूरी तरह से नेचुरल है। हमारे शो में रिश्तों पर बातचीत है, प्यार-हंसी सब कुछ है। यह सब कुछ बिल्कुल नेचुरल है। माना एक्टिंग हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगी, लेकिन होस्टिंग से मैं अलग तरीके से ऑडियंस से जुड़ पाती हूं। इस शो में ऐसे पल भी हैं, जो लोग आमतौर पर पर्दे पर नहीं देखते हैं। यह टॉक शो मजेदार है, कभी-कभी थोड़ा मसालेदार भी है।

**क्या एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में मेल एक्टर्स की तुलना में ज्यादा आलोचना का सामना करना पड़ता है?**

ऐसा नहीं है कि एक्ट्रेसेस को मेल एक्टर्स से ज्यादा आलोचना मिलती है। अगर लोग पसंद करेंगे तो तारीफ करेंगे, नहीं तो आलोचना करेंगे ही। इससे फर्क नहीं पड़ता है कि आप एक्ट्रेस हैं या एक्टर। आज नियम बदल गए हैं। अब स्टार पावर पहले जैसी नहीं रही, निर्माता भी इस दबाव को महसूस करते हैं। वुमन सेंट्रिक कहानियां अब ज्यादातर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हैं। ओटीटी के कारण यह बदलाव आया है।

**खुद को कैसे इंस्पायर करती हैं?**

सोच सबसे अहम है। जब आप जिंदगी में खुश होते हैं, तो इंस्पिरेशन अपने अच्छे काम से मिलती है। परिवार को गर्व महसूस कराने से मिलती है। मुझे दूसरों की राय की परवाह नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मेरी बेटी यह सीखे कि महिलाएं शादी और मां बनने के अलावा भी जिंदगी में सपने देख सकती हैं। मैं अपनी विरासत के रूप में यही बात छोड़कर जाना चाहती हूं।

**आपने प्रियंका चोपड़ा को बतौर आइडल खूब सराहा है**



प्रियंका पूरी तरह से सेल्फ मेड हैं। उन्होंने सब कुछ अपने दम पर हासिल किया। ना किसी की मदद ली, ना किसी तरह का शॉर्टकट अपनाया। पर्दे के पीछे वह कॉन्फिडेंस से भरी हैं। बहुत जमीन से जुड़ी इंसान हैं। वह दूसरों को भी आगे बढ़ने में मदद करती हैं। मैंने उन्हें कई बार देखा है। वह कभी इनसिक्योर नहीं रहीं। यही एक आइडल की पहचान है। मैं चाहती हूं कि मेरी बेटी भी इसी तरह खुद पर विश्वास करे और सबकुछ हासिल करे।



# हेयर कलरिंग से बदलें अपना रूप

फैशन और सौंदर्य एक दूसरे के पर्याय है। जिस प्रकार कपड़ों का फैशन दिन प्रतिदिन बदल जाता है उसी प्रकार मेकअप, स्टाइल और हेयर कट और स्टाइल का भी ट्रेड बदल जाता है। अगर आप बालों को एक नया रूप, नया स्टाइल देना चाहती है तो हेयर कलर एक बेहतरीन उपाय है। लेकिन हेयर कलर कराने से पहले आपको किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है आप भी जानिए। शुरूआत कुछ इस तरह करे।

रंगों के पहिए को घुमाएं और देखें कि कैसे-कैसे रंग बिखरते है-

पीला, नीला, लाल, बैगनी, नारंगी और हरा।

ये सभी प्राइमरी और सेकेंडरी रंग है जो हमारे बालों को एक नया रूप देने में काम आते है। जैसा कि हम सभी जानते है कि आज हेयर कलरिंग, हाइलाइटिंग और स्ट्रीकिंग आदि फैशन में है। इसकी शुरुआत आज से दस साल पहले हो गई थी जब सुनहरे बालों वाली अपने बालों को कॉपर और रेड रंग से स्ट्रीकिंग करती थीं लेकिन अब काले बालों वाली लड़कियां भी अपने बालों को विभिन्न रंगों से संवार रही है।

आजकल बालों का जो वास्तविक रंग है उसे पूरी तरह बदलकर दूसरे रंगों का प्रयोग का चलन काफी बढ़ गया है। बड़े परदे पर दिखने वाली तमाम अभिनेत्रियों के बालों का रंग हर तीन-चार माह में बदल जाता है। इसके पीछे भी कारण यही होता है- बालों के वास्तविक रंग को ट्रांसफॉर्म कर देना।

बालों को कलर कराने में सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि जो भी कलर कराएं वह आपके रंग, चेहरे और व्यक्तित्व को पूरी तरह सूट करे। इसलिए अलग-अलग स्किन टोन के मुताबिक हेयर कलर कराने पर आप अपने रूप को पूर्णतया बदल सकती है।

## गोरी रंगत

अगर आप गोरी है तो बहुत भाग्यशाली है। आप सौम्यता और ठंडक का एहसास दिलाने वाले कलर्स जैसे कि आप ब्लॉन्ड कलर्स करा सकती है, जो इस समय सबसे ज्यादा फैशन में है। गोरी युवतियों पर कॉपर और लाल रंग से हाइलाइटिंग बहुत अच्छी लगती है। इसके अलावा कॉलेज जाने वाली लड़कियां फंकी कलर्स का भी प्रयोग कर सकती है जैसे आधा ब्लॉन्ड और आधा रेड।

## गेहुंआ रंग

गेहुएं रंग वाली युवतियों पर कॉपर और ब्लॉन्ड की हाइलाइटिंग बहुत फबती है। ऐसी रंगत वाली लड़कियां अगर पूरे बालों को रंगना या कलरिंग कराना चाहती है तो उन पर ऑबर्न या चेस्टनट या फिर माहोगनी की गहरी टोन ज्यादा सूट करेगी। अगर वे ब्लॉन्ड या कॉपर कलर से हालाइटिंग कराती है तो इस नए प्रयोग के लिए उन्हे अपने को ज्यादा आकर्षक दिखाने के लिए पूरे रूप को संवारना होगा।

## सांवली रंगत

सांवली रंगत के लिए कुछ डीप जोन हाइलाइटिंग ज्यादा सूट करती है जैसे- पर्पल, रेड, और रेड पैशन से हाइलाइटिंग।

बालों को कलर कराने के बाद उनकी सही देखभाल बहुत जरूरी होती है, क्योंकि हर कलर में थोड़े-बहुत केमिकल जरूर होते है। बालों को अत्यधिक रूखा और बेजान होने से बचाने के लिए और कलर को कई दिनों तक बरकरार रखने के लिए उसकी जरूरी देखभाल जरूर करे।

## कैसे करे देरवभाल

कलर बालों की देखभाल के लिए आपको हफ्ते में एक बार सिर्फ दस मिनट का समय निकालना होगा। इसके लिए कलर शैंपू, कंडीशनर और डीप इंटेसिव हेयर मास्क का इस्तेमाल बेहतर होता है। कलर बालों की देखभाल के लिए लोरियल, क्यूने और यूरोप की एक ब्रांड इकोजलाइन के हेयर प्रोडक्ट काफी अच्छे माने जाते है।

गर्मी में आपके कलर्ड हेयर अतिरिक्त देखभाल मांगते है, क्योंकि धूप से भी आपके बालों को काफी नुकसान पहुंचता है। इसलिए कलर शैंपू करने के बाद बालों पर लीव-ऑन कंडीशनर लगा सकती है, जो सूर्य की अल्ट्रावायलट किरणों से बालों को सुरक्षा प्रदान करेगा।

जिनके बाल घुंघराले और बेजान हों, उन्हे नियमित देखभाल की विशेष जरूरत होती है। उन्हे ऐसे हेयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना चाहिए जो बालों को एक फर्म, या मजबूती प्रदान कर उनमें लचीलापन और चमक भी लाए।

जो स्त्रियां लगातार अपने बालों में कलरिंग, स्ट्रेटनिंग या री-बॉडिंग कराती है उन्हे किसी अच्छे पार्लर में एक्सपर्ट के जरिए रिकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम लेना चाहिए। यह प्रोग्राम बालों में पूर्णतया नई जान डालेगा।

## स्वस्थ रहे आपके बाल

यह बात हमेशा ध्यान रखें कि बालों को प्रोटीन की बहुत जरूरत होती है। अगर आपका खानपान बेहतर होगा तो उसकी झलक आपके बालों में जरूर दिखेगी। आपके बालों में एक अलग ही चमक होगी। आप ध्यान दें कि बाजार में बालों की देखभाल, विकास और उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए जितने भी उत्पाद उपलब्ध है वे ज्यादातर प्रोटीन बेस्ड होते है।



बालों के लिए विटामिन बी बहुत महत्वपूर्ण है। आपने हेयर प्रोडक्ट्स पर पैनथेनॉल का नाम जरूर पढ़ा होगा। यह बी कॉम्पलेक्स और प्रोटीन के जरिए आपके बालों को स्वस्थ और मुलायम बनाता है।

तो फिर आप बेफिक्र अपने बालों को दें अपना पसंदीदा रंग और बदल डालें पुराने स्टाइल को। इससे न सिर्फ आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा बल्कि आपमें गजब का आत्मविश्वास भी जगेगा।

# हाथों की शान बढ़ाते कंगन

कपड़े और एक्सेसरीज के साथ ही दुल्हन के लिए खास होते है कंगन। मॉर्केट में मौजूद है इनकी ढेरों डिजाइनर वैरायटीज..

शादी में दुल्हन के लिए जितना क्रेज लहगे का होता है, उससे कई गुना अधिक वो ध्यान देती है कंगन की खरीददारी में। लहगे की अहमियत तो जयमाल के समय होती है लेकिन कंगन शादी के कई माह बाद तक नववधू के हाथों की शोभा बढ़ाते है। नई-नवेली दुल्हन जींस, सलवार और साड़ी के साथ शादी में पहने गए कंगनों को शान से धारण करती है।

### सदाबहार प्लेन कंगन

शिवाला के चूड़ी विक्रेता राशिद बताते है, प्लेन कंगन हमेशा डिमाड में रहते है। लाल रग शादी में शुभ माना जाता है इसलिए भले ही नववधू कितने ही डिजाइनर कंगन क्यों न खरीदें लेकिन वह लाल व महरून कंगनों को खरीदना नहीं भूलती। फैशन के लिहाज से भी यह कंगन सदाबहार रहते है। इनकी बिक्री पूरे वर्ष बनी रहती है।

### हर ड्रेस से मैचिंग

अगर प्लेन से अलग स्टाइलिश लुक चाहती है तो नग वाले कंगनों का चयन बेहतर रहेगा। यह मेटल और लाख दोनों में ही आते है। जूईलि डिजाइनर सुपर्णा निगम बताती है अगर आप ट्रेड के हिसाब से कंगनों का चयन करती है तो मेटल वाले कंगनों के बीच में लाख के नग वाले कंगनों को ट्राय कर सकती है।

### पारपरिक है बीकानेरी

धनकुट्टी स्थित श्रीकृष्णा बुटीक की फैशन डिजाइनर सारिका अग्रवाल कहती है, शादी में पारपरिक बीकानेरी कंगनों की डिमाड खास होती है। चटख रगों के इन कंगनों की विशेषता है कि इनका रग फेड नहीं होता। लाल और महरून रग के बीकानेरी कंगन उत्तर भारत में शादी के




अवसर पर नई दुल्हन के लिए शुभ माने जाते है।

### लिखवाएं दिल की बात

बिसाती बाजार के चूड़ी विक्रेता नईम भाई बताते है, इन दिनों जीवन साथी का नाम कंगनों पर लिखवाने का ट्रेड जोरों पर है। हमारे पास बहुत सी ऐसी ग?र्ल्स आती है जो कंगनों पर अपना और अपने होने वाले पति का नाम या दिल बनवाती है। यह काम ऑर्डर पर किया जाता है और नगों के हिसाब से इसका चार्ज कंगनों की कीमत से अलग लिया जाता है।

# हिट हैं हाई हील्स

गर्मी की दस्तक के साथ ही बदल गया है फुटवेयर का अंदाज। हाई हील्स है इन दिनों फैशन में। दरअसल स्मार्ट समर फैशनेबल आउटफिट्स के साथ परफेक्ट कांबिनेशन हैं हाई हील्स। हाई हील पहनने से लंबाई अधिक व फिगर स्लिम प्रतीत होता है और खूबसूरत दिखने का आत्मविश्वास पैदा होता है। इस तरह फैशनेबल एक्सेसरी के साथ ही आत्मविश्वास बढ़ाने के लिहाज से भी हाई हील्स का चुनाव है उपयुक्त। स्टिलटो, पम्प इत्यादि स्टाइल्स में से आप अपनी पसंद के अनुरूप कुछ भी चुन सकती हैं। यह फैशन का ही असर है कि इन दिनों बाजार में हाई हील्स में कलर्स और डिजाइन्स की व्यापक रेंज उपलब्ध है। लुई वितां, शैनल, गुच्ची, जिम्मी चू जैसे बड़े व छोटे विभिन्न ब्रांड्स ने रेड, ब्लू, पिंक, ग्रीन जैसे मनचाहे सिंगल कलर्स के साथ ही एनीमल व फ्लोरल प्रिंट्स में पेश की हैं आकर्षक हाई हील फुटवेयर। इनके अलावा फ्रंट में स्ट्रैप से लेकर दो कलर्स के कांबिनेशन वाली हाई हील्स भी है युवतियों के बीच बेहद लोकप्रिय। अब आपको क्या पसंद है, यह आप स्वयं तय करें।



# शाइनिंग सनग्लासेज

सनग्लासेज सिर्फ फैशनेबल एक्सेसरी नहीं है। आंखों की सुरक्षा के लिहाज से इनका इस्तेमाल है बेहद जरूरी। नंगी आंखों से सूरज की ओर देखते हैं तो पराबैंगनी किरणों के विकिरण से उत्पन्न अतिरिक्त ऊर्जा के कारण तकलीफ होती है। इससे राहत का सबब हैं पोलराइज्ड एंटी ग्लेयर सनग्लासेज। ये सुरक्षा परत की तरह काम करते हैं। इनके लेंस में मौजूद छोटी-छोटी हॉरीजेंटल स्ट्राइप्स उस चमक को बीच में रोक देती हैं, जो सतह से टकराकर परावर्तित होती हैं। वहीं फोटोक्रोमिक लेंस में सिल्वर क्लोराइड या सिल्वर हैलाइड यौगिक होता है। जब पराबैगनी किरणें उससे टकराती हैं तो एक विशेष प्रतिक्रिया उत्पन्न होती है। यही वजह है कि धूप में आने पर फोटोक्रोमिक लेंस का रंग गहरा हो जाता है। लेंस के बाद अब बारी आती है फैशन की। आजकल ड्रेस की मैचिंग के सनग्लासेज हैं युवाओं की पसंद। उनका चयन चेहरे के आकार के अनुसार करना चाहिए। पतले और स्ट्रेट चेहरे पर छोटे सनग्लासेज फबते हैं, जबकि बड़े चेहरे पर चौड़े सनग्लासेज भाते हैं। वहींगोरे रंग के लोगों पर गहरे शेड्स के सनग्लासेज जंचते हैं, जबकि गहरी रंगत पर गहरे शेड्स को छोड़कर किसी भी कलर के सनग्लासेज खूबसूरत लगते हैं।

